You Tube kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❐ वर्ष-15 ❐ अंक-89 ❐ बुधवार, 29 अप्रैल 2026 ❐ नगर संस्करण ❐ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❐ मूल्य- ₹ 3.00 ❐ पृष्ठ-12



मोदी सरकार की नार्को सिंडिकेट के खिलाफ ज़ीरो टॉलरेंस की नीति के तहत एन सी बी ने आज तुर्की से कुख्यात ड्रग तस्कर मोहम्मद सलीम डोला को वापस लाने में एक बड़ी सफलता हासिल की है। **अमित शाह**

बंगाल चुनावः दूसरे चरण का मतदान आज 11

चारधाम यात्रा पर नकारात्मक माहौल न बनाया जाए : धामी 12

## संक्षेप

### पश्चिम बंगाल में चुनाव के दौरान बमबाजी पर रोक के लिए एनआईए की तैनातीः चुनाव आयोग

**नयी दिल्ली।** चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल विधानसभा को अपराधिक तत्वों के प्रभाव से मुक्त रखने के लिए मतदान के दूसरे चरण में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की सेवाएं लेने का फैसला किया है। चुनाव आयोग के सूत्रों ने यह जानकारी दी।राज्य में बुधवार को होने जा रहे दूसरे चरण के मतदान से पहले उन्होंने कहा, पश्चिम बंगाल चुनावों में इस बार बमों के इस्तेमाल को रोकने के लिए एनआईए को तैनात किया गया है। पश्चिम बंगाल में 294 सदस्यीय विधानसभा के लिए चुनाव दो चरणों में कराए जा रहे हैं। राज्य में चुनाव के दौरान हिंसा के इतिहास को देखते हुए आयोग ने इस बार बड़ी संख्या में केंद्रीय बलों की तैनाती की है। पहले चरण में 23 अप्रैल को हुए मतदान के दौरान कुछ स्थानों पर हिंसा और पथराव की घटनाओं के बीच करीब 93 प्रतिशत मतदान हुआ था। दूसरे चरण में 142 सीटों के लिए कल मतदान होगा। मतदान के लिए पोलिंग पार्टियों को मतदान केदो के लिए रवाना कर दिया गया है। मतदान की गिनती 4 मई को कराई जाएगी।

### हाफिज सईद के करीबी सहयोगी शेख यूसुफ अफरीदी की पाकिस्तान में गोली मारकर हत्या

**लाहौर।** मुंबई आतंकी हमले के साजिशकर्ता हाफिज सईद का करीबी सहयोगी एवं लश्कर-ए-तैयबा (एलईटीटी) का सदस्य शेख यूसुफ अफरीदी की पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में अज्ञात बंदूकधारियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। यह जानकारी पुलिस ने दी। यह घटना रविवार को पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद से लगभग 250 किलोमीटर दूर खैबर क्षेत्र के लांडी कोटल में हुई। पुलिस के एक सूत्र ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि अज्ञात हथियारबंद हमलावरों ने अफरीदी पर अंधाधुंध गोलीबारी की, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। किसी भी समूह ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। अफरीदी प्रतिबंधित लश्कर-ए-तैयबा की क्षेत्रीय संरचना में एक प्रमुख व्यक्ति था। उसकी खैबर पख्तूनख्वा में आतंकी समूह की गतिविधियों के लिए भर्ती और समन्वय में भी कथित भूमिका थी। सूत्र ने बताया, इस घटना से इलाके में व्यापक आक्रोश उत्पन्न हो गया है और स्थानीय प्राधिकारियों ने उसकी हत्या के लिए जिम्मेदार लोगों को पकड़ने के लिए जांच शुरू कर दी है। सईद के प्रतिबंधित संगठन जमात-उद-दावा के एक पदाधिकारी ने कहा कि अफरीदी एक प्रख्यात धार्मिक विद्वान था और खैबर के जाखखेल कबीले से संबंध रखता था। उसे अहले हदीस (सलाफी) विचारधारा का एक प्रमुख जानकार माना जाता था। उसने कहा, अज्ञात हमलावरों ने उस पर गोलियां बरसाईं और मौके से फरार हो गए। यह याद रखना चाहिए कि ख्वारिज (तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान) जैसे चरमपंथी समूह वर्तमान में सलाफी जानकारों से बौद्धिक और व्यावहारिक रूप से कड़ी चुनौतियों का सामना कर रहे हैं।

# नारी शक्ति से भयभीत हैं परिवारवादी दल : मोदी

## देश के विकास का मिशन महिलाओं की भागीदारी के बिना नहीं हो सकता पूरा : पीएम

एजेंसी/कैनविज टाइम्स संवाददाता



वाराणसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि विकसित भारत का सबसे मजबूत स्तंभ नारी शक्ति है और देश के विकास का मिशन महिलाओं की भागीदारी के बिना पूरा नहीं हो सकता।

प्रधानमंत्री ने काशी के बरेका मैदान में 6,300 करोड़ रुपये की लागत से 163 से अधिक विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इन परियोजनाओं में पर्यटन, स्वास्थ्य, सड़क, जलापूर्ति सहित विभिन्न क्षेत्र शामिल हैं। मुख्य रूप से गंगा पर सिग्नेचर ब्रिज तथा केंद्रीय उच्च तिब्बती संस्थान परिसर में निर्मित सोवा रिग्पा अस्पताल एवं मेडिकल कॉलेज का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने दो अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना भी किया।

कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। विशाल महिला महासम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि काशी माता श्रृंगार गौरी, मां गंगा और मां अन्नपूर्णा की दिव्य शक्ति की नगरी है। आज का यह अवसर नारी शक्ति के वंदन और विकास का उत्सव है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि

❐ प्रधानमंत्री ने 1050 करोड़ रुपये की लागत से तैयार 48 परियोजनाओं को राष्ट्र को किया समर्पित

कुछ परिवारवादी दल नारी शक्ति से भयभीत हैं और नहीं चाहते कि महिलाएं विधानसभा और संसद तक पहुंचें। प्रधानमंत्री ने कहा कि विपक्ष को डर है कि यदि महिलाएं बड़ी संख्या में राजनीति में आईं, तो उनकी पारंपरिक राजनीति समाप्त हो जाएगी। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी और एनडीए की सोच नारी शक्ति का सम्मान और नागरिक देवो भवः की भावना पर आधारित है। प्रधानमंत्री ने महिलाओं से आह्वान किया कि वे देश को विकसित बनाने के इस अभियान में बढ़-चढ़कर भागीदारी करें। उन्होंने कहा, भारत को विकसित बनाने का मिशन अनवरत चल रहा है। विकसित भारत का सबसे मजबूत स्तंभ नारी ● शेष पेज 11 पर

### मोदी के नेतृत्व में समग्र विकास की अवधारणा हो रही है साकारः योगी

**वाराणसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत न सिर्फ भौतिक विकास के प्रतिमान स्थापित कर रहा है बल्कि नया भारत समग्र विकास की अवधारणा को साकार कर रहा है। बरेका मैदान में 6,300 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण के अवसर पर आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुये योगी ने कहा , नए भारत के निर्माता और सबसे लोकप्रिय जननायक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं। प्रधानमंत्री जी के विजन का परिणाम है कि आज हम सब नए भारत का दर्शन कर रहे हैं। यह नया भारत न केवल भौतिक विकास के प्रतिमान स्थापित कर रहा है, बल्कि समग्र विकास की अवधारणा को साकार करते हुए विकसित भारत की कल्पना को पूरा कर रहा है। उन्होने कहा , हम सब इस बात को जानते हैं कि प्रधानमंत्री जी ने कहा था कि देश में चार ही जातियां हैं और इन चार जातियों में समग्र समाज समाहित है। उन्होंने इन चार जातियों के रूप में नारी, गरीब, युवा और अन्नदाता का उल्लेख किया था। विराट विजन के अनुरूप इन चारों तबकों को आगे ले जाना है। प्रत्येक योजना का लाभ इनसे जोड़ते हुए आर्थिक स्वावलंबन, सम्मान, सुरक्षा और दूरदृष्टि के माध्यम से नए भारत की संकल्पना का विजन प्रधानमंत्री जी ने हमें दिया है।

### मोदी ने महिलाओं के नेतृत्व को दी नई दिशा

**वाराणसी।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आधी आबादी के जीवन में व्यापक बदलाव लाते हुए महिलाओं को केवल योजनाओं का लाभ ही नहीं, बल्कि नेतृत्व की नई दिशा भी दी है। बरेका मैदान में आयोजित एक जनसभा में श्री नबीन ने कहा कि महिलाएं अब समाज को जोड़ने के साथ-साथ निर्णायक नेतृत्व भी दे रही हैं। यह प्रधानमंत्री का महत्वपूर्ण योगदान है। आज पूरा देश महिलाओं का मजबूत नेतृत्व देखना चाहता है और प्रधानमंत्री ने इस दिशा में स्पष्ट संकल्प लिया है।

## इसी वर्ष पुलिस में एक लाख नई भर्तियां होंगी : योगी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को युवाओं को बड़ी खुशखबरी दी। उन्होंने युवाओं का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि योग्य, क्षमतावान, स्वतः स्फूर्त भाव के साथ नौजवान यूपी पुलिस बल का हिस्सा बनना चाहता हैं और इसके लिए भर्ती व प्रोन्नति बोर्ड युवाओं को अच्छा अवसर उपलब्ध कराएगा। उप्र पुलिस भर्ती व प्रोन्नति बोर्ड इस वर्ष लगभग एक लाख नई भर्ती करने जा रहा है। पिछले तीन दिन में यूपी होमगार्ड में भी 41 हजार भर्ती के लिए परीक्षा हुई। सिविल पुलिस, एसआई, होमगार्ड आदि की भर्ती प्रक्रिया तेजी से बढ़ी है।

मुख्यमंत्री ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश पुलिस दूरसंचार विभाग में चयनित 936 प्रधान परिचालक/प्रधान परिचालक (यांत्रिक) को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में नियुक्ति पत्र वितरित किए। कार्यक्रम में पुलिस दूरसंचार विभाग पर आधारित लघु फिल्म भी दिखाई गई। मुख्यमंत्री योगी ने सफल अभ्यर्थियों से कहा कि सभी चाहते थे कि ईमानदारी से भर्ती हो। डबल इंजन सरकार ने ऐसा माहौल बनाया है कि भर्ती निष्पक्ष व ईमानदारी से हुई। अब आपका भी दायित्व है कि साफ नीयत, ईमानदारी, पारदर्शिता के साथ यूपी पुलिस के माध्यम से सेवा देकर राष्ट्र के प्रति उत्तरदायित्वों का निर्वहन करें। हर भारतीय नागरिक जब अपने क्षेत्र में ईमानदारी से कर्तव्यों का निर्वहन करेगा, तब प्रधानमंत्री मोदी के विकसित भारत की परिकल्पना साकार होगी। किसी व्यक्ति, जाति, मत-मजहब का अहंकार या व्यक्तिगत इच्छा, राष्ट्र से बढ़कर नहीं हो सकती। योगी ने कहा कि जिस निष्पक्षता से पुलिस भर्ती प्रक्रिया संपन्न हुई, वह नौ वर्ष पहले संभव नहीं थी। पहले प्रक्रिया ही सकुशल संपन्न नहीं होती थी। लेनदेन, नियुक्ति में भेदभाव होता था, परंतु अब पूरी प्रक्रिया में किसी को भी सिफारिश व पैसा नहीं देना पड़ता है। सिर्फ योग्यता, क्षमता व आरक्षण के नियमों का पालन करते हुए निष्पक्ष भर्ती प्रक्रिया संपन्न होती है। प्रदेश में ऐसा वातावरण तैयार किया गया है कि यदि क्षमता है तो आगे बढ़ने ● शेष पेज 11 पर

# धर्म पूछा, कलमा पढ़ने को कहा, फिर चाकुओं से गोदा

एजेंसी

मुंबई। मुंबई के मीरा रोड स्थित नया नगर इलाके में एक युवक ने दो सिक्योरिटी गार्ड्स से उनका धर्म पूछने के बाद चाकू से हमला कर दिया। आरोपी की पहचान 31 साल के जैब जुबेर अंसारी के रूप में की गई है।

पुलिस के अनुसार, एक अंडर कंस्ट्रक्शन बिल्डिंग के पास दो सिक्योरिटी गार्ड, राजकुमार मिश्रा और सुब्रतो रमेश सेन ड्यूटी पर तैनात थे। आरोपी पहले इलाके में आया और मस्जिद का रास्ता पूछा। कुछ समय बाद वह दोबारा लौटा। उसने एक गार्ड से धर्म पूछने के बाद अचानक चाकू से हमला कर दिया। इसके बाद वह केबिन में घुसा और दूसरे गार्ड से कलमा पढ़ने को कहा। जब गार्ड ऐसा नहीं कर पाया, तो उस




❐ मुंबई में गार्ड्स पर हमला, एटीएस बोली- आईएसआईएस के दस्तावेज मिले, अकेले हमला प्लान किया

पर भी हमला कर दिया गया। दोनों घायल गार्डों को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। महाराष्ट्र एटीएस ने उसके घर से आईएसआईएस से जुड़े नोट्स, एक लैपटॉप और कुरान की 3 कॉपियां बरामद की हैं। बताया जा रहा है कि आरोपी ने हमला अकेले प्लान किया था। घटना के करीब डेढ़ घंटे भीतर ही नया नगर पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान की और उसे गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद उसे ठाणे की अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे 4 मई तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। एटीएस ने बताया कि आरोपी साइंस ग्रेजुएट है और वह 2000 से 2020 तक अपने माता-पिता के साथ अमेरिका में रहा था। अमेरिका में नौकरी नहीं मिलने के कारण वह 2020 में भारत लौट आया। वह 2022 से मीरा रोड स्थित स्मिता रीजेंसी बिल्डिंग में अकेले रहकर ऑनलाइन केमिस्ट्री की कोचिंग देता था। एक अधिकारी ने बताया कि आरोपी की पत्नी अफगानी हैं। वह उसे छोड़कर अमेरिका चली गई हैं। एटीएस के मुताबिक, यह लोन वुल्फ ● शेष पेज 11 पर

मां गंगा-सा विस्तार, सुख-समृद्धि अपार

नवनिर्माण के 9 वर्ष

गंगा एक्सप्रेसवे




₹36,230 करोड़
से निर्मित उत्तर प्रदेश के सबसे विराट
594 कि.मी. लम्बे गंगा एक्सप्रेसवे (मेरठ-प्रयागराज) का
लोकार्पण
प्रधानमंत्री
नरेन्द्र मोदी
के द्वारा








विस्तार भी-रफ्तार भी : 6 लेन वाले (8 लेन में विस्तारणीय) गंगा एक्सप्रेसवे से 12 जनपद आच्छादित ● डिजाइन स्पीड 120 कि.मी./घंटा, मेरठ से प्रयागराज की दूरी 6 से 8 घंटे में होगी पूरी ● हापुड़ में गंगा नदी पर 960 मीटर एवं बदायूं में रामगंगा नदी पर 720 मीटर का दीर्घ सेतु ● मेरठ एवं प्रयागराज में 2 मुख्य टोल प्लाजा सहित कुल 21 रैम्प इंटरचेंज ● पूर्णतः प्रवेश नियंत्रित ग्रीन फील्ड गंगा एक्सप्रेसवे पर एडवांस ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम ● लड़ाकू विमानों की आपात लैंडिंग एवं टेक-ऑफ हेतु शाहजहांपुर के समीप 3.50 कि.मी. लम्बी हवाई पट्टी ● एक्सप्रेसवे के दोनों ओर 3.75 मी. चौड़ी स्टैंडर्ड सर्विस लेन

विकास भी-कल्याण भी : फ्यूल एवं ई-चार्जिंग सुविधा के साथ 9 विशाल जन-सुविधा परिसर ● गंगा एक्सप्रेसवे के 12 जनपदों में इंडस्ट्रियल कॉरिडोर विकास का कार्य गतिमान ● औद्योगिक इकाइयों एवं कृषि उत्पादन क्षेत्रों की दिल्ली से तीव्र कनेक्टिविटी ● कृषि, वाणिज्य, पर्यटन एवं औद्योगिक आय में होगी वृद्धि ● दुग्ध, सब्जी, फल के भंडारण एवं प्रसंस्करण के नवीन केंद्र खुलेंगे ● व्यापार एवं रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा ● नवीन औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों, उच्च शिक्षण एवं मेडिकल संस्थानों के लिए असीम संभावनाएं

गरिमामयी उपस्थिति





आनंदीबेन पटेल, राज्यपाल, उत्तर प्रदेश | योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

पंकज चौधरी, राज्य मंत्री, वित्त, भारत सरकार | जितिन प्रसाद, राज्य मंत्री, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी, वाणिज्य एवं उद्योग, भारत सरकार | केशव प्रसाद मौर्य, उप मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश | ब्रजेश पाठक, उप मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

सुरेश कुमार खन्ना, मंत्री, वित्त एवं संसदीय कार्य, उत्तर प्रदेश | नन्द गोपाल गुप्ता 'नन्दी', मंत्री, औद्योगिक विकास, निर्यात प्रोत्साहन, एन.आर.आई. तथा निवेश प्रोत्साहन, उत्तर प्रदेश

नितिन अग्रवाल, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), आबकारी एवं मद्य निषेध, उत्तर प्रदेश | असीम अरुण, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), समाज कल्याण, अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण, उत्तर प्रदेश | जयेन्द्र प्रताप सिंह राठौर, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), सहकारिता, उत्तर प्रदेश | नरेन्द्र कुमार कश्यप, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण, उत्तर प्रदेश | जसवन्त सिंह सैनी, राज्य मंत्री, संसदीय कार्य तथा औद्योगिक विकास, उत्तर प्रदेश

रजनी तिवारी, राज्य मंत्री, उच्च शिक्षा, उत्तर प्रदेश | जय प्रकाश, सांसद, हरदोई | अशोक कुमार रावत, सांसद, मिश्रिख | अरुण कुमार सागर, सांसद, शाहजहांपुर | डॉ. स्वामी सच्चिदानंद हरि साक्षी महाराज, सांसद, उन्नाव | मिथलेश कुमार, सदस्य, राज्य सभा

शकुन सिंह, अध्यक्ष, जिला पंचायत, उन्नाव | ममता यादव, अध्यक्ष, जिला पंचायत, शाहजहांपुर | प्रिया शाक्य, अध्यक्ष, जिला पंचायत, कन्नौज | प्रेमावती पी.के. वर्मा, अध्यक्ष, जिला पंचायत, हरदोई | अर्चना वर्मा, महापौर, शाहजहांपुर | माधवेन्द्र प्रताप सिंह, विधायक, सवाइजपुर | श्याम प्रकाश, विधायक, गोपामऊ | प्रभाष कुमार, विधायक, सांडी | आशीष कुमार सिंह 'आशू', विधायक, बिलग्राम-मल्लावां | रामपाल वर्मा, विधायक, बालामऊ | अलका सिंह 'अर्कवंशी', विधायक, संडीला | हरि प्रकाश वर्मा, विधायक, जलालाबाद

अर्चना पाण्डेय, विधायक, छिबरामऊ | पंकज गुप्ता, विधायक, उन्नाव | कैलाश राजपूत, विधायक, तिर्वा | आशुतोष शुक्ला, विधायक, भगवन्त नगर | अरविन्द कुमार सिंह, विधायक, ददरौल | श्रीकान्त कटियार, विधायक, बांगरमऊ | सलोना कुशवाहा, विधायक, तिलहर | अनिल कुमार सिंह, विधायक, पुरवा | चेतराम, विधायक, पुवायां | बम्बा लाल, विधायक, सफीपुर | डॉ. वीर विक्रम सिंह 'प्रिंस', विधायक, कटरा | बृजेश कुमार, विधायक, मोहान

अरुण पाठक, सदस्य, विधान परिषद | डॉ. मानवेन्द्र प्रताप सिंह, सदस्य, विधान परिषद | इंजी. अवनीश कुमार सिंह, सदस्य, विधान परिषद | डॉ. सुधीर गुप्ता, सदस्य, विधान परिषद | अशोक अग्रवाल, सदस्य, विधान परिषद | उमेश द्विवेदी, सदस्य, विधान परिषद | राम चन्द्र प्रधान, सदस्य, विधान परिषद | प्रांशु दत्त द्विवेदी, सदस्य, विधान परिषद | डॉ. आकाश अग्रवाल, सदस्य, विधान परिषद





एवं अन्य गणमान्य महानुभाव

दिनांक : 29 अप्रैल, 2026 | समय : प्रातः 10:00 बजे | स्थान : मल्लावां कट, निकट चैनेज 351 कि.मी. गंगा एक्सप्रेसवे, तहसील - बिलग्राम, जनपद - हरदोई, उ.प्र.

सुपरफास्ट प्रदेश- उत्तर प्रदेश : 8 एक्सप्रेसवे संचालित, 14 विकास के विभिन्न चरणों में ● देश के कुल एक्सप्रेसवे का 55% भाग उत्तर प्रदेश में मौजूद ● एक्सप्रेसवे के आसपास 26 जनपदों के 27 स्थलों पर इंडस्ट्रियल कॉरिडोर ● औद्योगिक विकास हेतु अटल इंडस्ट्रियल इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन का क्रियान्वयन ● पीएम गति शक्ति को लागू करने वाला अग्रणी राज्य उत्तर प्रदेश ● अमृतसर-कोलकाता इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के अंतर्गत प्रयागराज एवं आगरा में इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर स्थापना का कार्य गतिमान ● ईस्टर्न एवं वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर का जंक्शन दादरी (उत्तर प्रदेश) में स्थित ● देश का सबसे बड़ा रेल नेटवर्क उत्तर प्रदेश में (16,000 किलोमीटर) ● 17 एयरपोर्ट संचालित (5 अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट), 7 विकास के विभिन्न चरणों में ● राष्ट्रीय जलमार्ग-1 (वाराणसी-हल्दिया) के अयोध्या तक विस्तार का कार्य प्रगति पर

विकास की गति अपार-डबल इंजन सरकार

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश | ▶ लाइव प्रसारण DD NEWS & Youtube.com/DDNEWS | UPGovtOfficial | CMOUttarpradesh | CMOfficeUP

# उप्र में गोआश्रय स्थलों पर चारे की पर्याप्त व्यवस्था के लिए चलेगा सघन निरीक्षण अभियान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के निराश्रित गोवंश के बेहतर भरण पोषण के लिए गोआश्रय स्थलों पर भूसे एवं हरे चारे की पर्याप्त व्यवस्था करने एवं अवस्थापना सुविधाओं की सुनिश्चितता के लिए एक मई से 15 मई तक सघन निरीक्षण अभियान चलाया जायेगा। इस अवधि में किसी भी अधिकारी का अवकाश स्वीकृत नहीं होगा और निदेशालय से लेकर जनपद तक सभी अधिकारी गौशालाओं का सघन स्थलीय निरीक्षण करेगे।

प्रभावी मॉनीटरिंग के लिए पशुधन एवं दुग्ध विकास कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह की अध्यक्षता में प्रदेश के 18 मंडलों में नोडल अधिकारी नामित कर दिए गए हैं। नोडल अधिकारी गौशालाओं का भ्रमण कर व्यवस्थित प्रबन्धन, अपना भूसा बैंक, गो आश्रय स्थलों के संचालन में पारदर्शिता, तकनीक और जन सहभागिता के लक्ष्य की पूर्ति सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि भीषण गर्मी के दृष्टिगत गोवंश को धूप, लू से सुरक्षित रखा जाए और भूसा, हरा चारा, चोकर, पानी, विद्युत एवं औषधियों आदि की पर्याप्त व्यवस्था की जाए। कोई भी गोवंश भूखा प्यास न पाया जाए। श्री सिंह ने विधानभवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में गोआश्रय स्थलों की अद्यतन स्थिति की गहन समीक्षा करते हुए निराश्रित गोवंश के भरण पोषण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अभियान के दौरान गोशालाओं के आर्थिक स्वावलम्बन पर विशेष ध्यान दिया जाए और गोशालाओं में बायोगैस प्लांट की संभावना, वर्मी कम्पोस्ट एवं अन्य गौजनित उत्पादों के माध्यम से स्थानीय स्तर पर स्वरोजगार को बढ़ावा दिया जाए। सभी मुख्य पशु चिकित्साधिकारी भूसा संग्रहण हेतु जन प्रतिनिधियों, दान दाताओं एवं समाज सेवियों का भी सहयोग दिया जाए। श्री सिंह ने कहा कि भूसा संग्रहण अभियान में लापरवाही या उदासीनता बरतने वाले अधिकारियों पर सख्त कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने भूसा संग्रहण कार्यों में कम प्रगति वाले जनपदों सोनभद्र, इटावा, कन्नौज, लखनऊ और कासगंज को यथाशीघ्र कार्यों में तेजी लाने की चेतावनी दी। उन्होंने ने प्रदेश की प्रत्येक गौशाला में न्यूनतम 10 कुन्तल भूसे के आरक्षित भण्डार की अनिवार्यता के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि स्थानीय स्तर पर अधिक से अधिक भूसा क्रय किया जाए। गेहूं की कटाई के दृष्टिगत स्थानीय किसानों से न्यूनतम दर पर उपलब्ध भूसा क्रय करके अस्थाई भूसा गोदामों, खाली पड़े पशु सेवा केन्द्रों, पशु चिकित्सा के भवनों, बन्द अस्थाई गोआश्रय स्थलों के पशु शिविर का प्रयोग भूसा भण्डार हेतु किया जाए। भूसा संग्रहण हेतु प्राथमिकता के आधार पर कार्य किया जाए ताकि गोशालाओं में वर्ष पर्यन्त चारे-भूसे की कमी न होने पाये और गोवंश की सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम सुनिश्चित किया जाए।



श्री सिंह ने कहा कि पशुओं हेतु उपलब्ध कराई जाने वाली दवाओं और वैक्सीन की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता ना किया जाए। पशुओं के उत्तम स्वास्थ्य और पौष्टिक चारे के आधार पर ही दुग्ध विकास कार्यक्रमों और नस्ल सुधार व कृत्रिम गर्भाधान के लक्ष्यों को पूर्ण व सफल बनाया जा सकता है। गोवंश के माध्यम से प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया जाए।

# सशक्त सोच और दूरदर्शी नेतृत्व का प्रतीक है गंगा एक्सप्रेसवे: नन्दी

❐ उद्घाटन की पूर्व संध्या पर औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने दी शुभकामनाएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने मंगलवार को बताया कि बुधवार 29 अप्रैल 2026 का दिन प्रयागराज सहित पूरे उत्तर प्रदेश के विकास इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय जोड़ने जा रहा है, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा गंगा एक्सप्रेसवे का उद्घाटन किया जाएगा। यह केवल एक सड़क परियोजना नहीं, बल्कि नए भारत और नए उत्तर प्रदेश की तेज़ रफ्तार, सशक्त सोच और दूरदर्शी नेतृत्व का प्रतीक है।

मंत्री नन्दी ने बयान जारी कर कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने बीते वर्षों में विकास की अभूतपूर्व गति हासिल की है। आज प्रदेश एक्सप्रेसवे नेटवर्क के मामले में देश में अग्रणी बन रहा है, और गंगा एक्सप्रेसवे इस विकास यात्रा का एक मील का पत्थर साबित होगा। मंत्री नन्दी ने कहा कि यह एक्सप्रेसवे प्रयागराज के व्यापार, सेवा क्षेत्र और स्थानीय उद्योगों को नई गति देगा। शहर के व्यापारी, उद्यमी और युवाओं को नए अवसर मिलेंगे। वहीं पर्यटन और तीर्थ यात्रा को भी बड़ा बढ़ावा मिलेगा। संगम नगरी में देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए यात्रा और अधिक सहज होगी, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रयागराज, जो आस्था, शिक्षा और इतिहास का संगम है, अब विकास की नई धारा का भी केंद्र बन रहा है। यह नया उत्तर प्रदेश है, जहां विरासत के साथ विकास और विश्वास साथ-साथ आगे बढ़ रहे हैं। डबल इंजन सरकार के नेतृत्व में प्रयागराज का गौरव और अधिक सशक्त हो रहा है और इसका भविष्य और भी उज्ज्वल बन रहा है।

# वेब आधारित अनुप्रयोग एनसीआर-होम का उद्घाटन

❐ एनसीआर की डिजिटल उत्कृष्टता एवं कर्मचारियों की बेहतर सेवाओं में महत्वपूर्ण उपलब्धि : महाप्रबंधक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। उत्तर मध्य रेलवे के आईटी सेल द्वारा विकसित एक नया वेब-आधारित अनुप्रयोग एनसीआर-होम'' का उद्घाटन मंगलवार को महाप्रबंधक नरेश पाल सिंह ने किया। यह अनुप्रयोग एनसीआर के 60 हजार से अधिक कर्मचारियों को आवास आवंटन एवं प्रबंधन प्रक्रियाओं में सुविधा प्रदान करेगा।

इस अवसर पर महाप्रबंधक ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के डिजिटल समाधान मैन्युअल कार्यों को कम करेंगे, पारदर्शिता बढ़ाएंगे तथा आवंटन मामलों के त्वरित निस्तारण में सहायक होंगे। यह अनुप्रयोग आगामी 20-25 दिनों में पूर्ण रूप से कार्यान्वित कर उपयोगकर्ताओं के लिए उपलब्ध करा दिया जाएगा। यह पहल उत्तर मध्य रेलवे की डिजिटल उत्कृष्टता एवं कर्मचारियों को बेहतर सेवाएं प्रदान करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह जानकारी मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी शशि कान्त त्रिपाठी ने देते हुए बताया कि इस अनुप्रयोग का उद्घाटन एनसीआर के महाप्रबंधक ने वरिष्ठ अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में किया। यह पहल उत्तर मध्य रेलवे की पारदर्शिता, दक्षता एवं उपयोगकर्ता सुविधा बढ़ाने हेतु प्रौद्योगिकी के उपयोग के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यह पहल डिजिटल परिवर्तन और प्रशासनिक दक्षता में सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने बताया कि यह एनसीआर-होम एक व्यापक डिजिटल प्लेटफॉर्म है, जो रेलवे आवास प्रबंधन की सम्पूर्ण प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करता है। इसके माध्यम से कर्मचारी आवास के लिए आवेदन कर सकते हैं, उपलब्धता देख सकते हैं, आवेदन की स्थिति ट्रैक कर सकते हैं तथा सूचनाएं प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही, प्रशासकों के लिए वर्क फ़्लो प्रबंधन, रिपोर्टिंग एवं ऑडिट ट्रैकिंग की सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गई हैं। इस प्रणाली में विभिन्न स्तरों पर सुव्यवस्थित डिजिटल वर्क फ़्लो प्रक्रिया लागू की गई है। आवेदन प्रक्रिया डीलर स्तर से प्रारम्भ होकर वेरिफिकेशन स्तर एवं स्वीकृति स्तर से गुजरती है।

मुख्यालय, मंडल, उप-मंडल एवं रोड साइड स्टेशन स्तर पर अथवा स्टेशन प्रबंधक द्वारा स्वीकृति की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। विशेष मामलों जैसे आउट-ऑफ-टर्न एवं पूल ट्रांसफर के लिए उच्च स्तर पर अनुमोदन का प्रावधान भी किया गया है । वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी अमित मालवीय ने बताया कि यह अनुप्रयोग आईटी सेल, उत्तर मध्य रेलवे द्वारा विकसित किया गया है। जिसमें आशीष कुमार, अमित कुमार एवं अनिल कुमार पटेल का विशेष योगदान रहा है। यह कार्य अतुल कुमार मिश्रा, उप महाप्रबंधक (सामान्य) के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। यह प्रणाली आधुनिक ई-गवर्नेंस मानकों के अनुरूप उपयोगकर्ता-अनुकूल एवं प्रभावी है।

# काशी आगमन पर भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष का भव्य स्वागत

## एयरपोर्ट से काशी विश्वनाथ तक पुष्पवर्षा, सीएम योगी ने किया स्वागत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

वाराणसी। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन के बाबतपुर स्थित लाल बहादुर शास्त्री एयरपोर्ट आगमन पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनकी अगवानी करते हुए अंगवस्त्र और बुके देकर स्वागत किया। काशी में उनके प्रथम आगमन को लेकर कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला।

एयरपोर्ट पर स्वागत करने वालों में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक, प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह, कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रविंद्र जायसवाल और डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु' सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।



एयरपोर्ट से लेकर काशी विश्वनाथ मंदिर तक के मार्ग पर जगह-जगह कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। बाबतपुर तिराहे, शिवपुर, अतुलानंद, मैदागिन सहित विभिन्न स्थानों पर पुष्पवर्षा और ढोल-नगाड़ों के साथ जोरदार अभिनंदन किया गया।

काशी विश्वनाथ मंदिर गेट पर शहर दक्षिणी विधायक डॉ. नीलकंठ तिवारी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत किया। इस दौरान बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिससे पूरा मार्ग उत्सव के माहौल में नजर आया।

# तकनीक के सकारात्मक उपयोग से कर सकते हैं विकास : अशोक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। बदलते समय के साथ तकनीक का सही और सकारात्मक सदुपयोग करके ही हम अपना वास्तविक विकास कर सकते हैं। यह बातें मंगलवार को सीएमपी में 'त्रिवेणी संगम': मूट कोर्ट, 'सक्सेस मंत्र' कार्यशाला और न्यायिक टॉपर्स का भव्य सम्मान कार्यक्रम को संबोधित करते यह बतौर मुख्य वक्ता एवं उत्तर प्रदेश सरकार के अपर महाधिवक्ता अशोक मेहता ने कहीं।

उन्होंने जीवन में पारिवारिक मूल्यों के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने छात्रों को समझाया कि बदलते समय के साथ तकनीक का सही और सकारात्मक सदुपयोग करके ही हम अपना वास्तविक विकास कर सकते हैं।

चौधरी महादेव प्रसाद (सी.एम.पी.) डिग्री कॉलेज के विधि संकाय में मंगलवार को कार्यक्रमों की एक शानदार 'त्रिवेणी' का आयोजन हुआ। जी.एन. वर्मा इंटरनेशनल मूट कोर्ट हॉल में 'सक्सेस मंत्र' पर राष्ट्रीय कार्यशाला, इंट्रा-फैकल्टी मूट कोर्ट प्रतियोगिता और 'प्रतिभा सम्मान समारोह' संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. अजय प्रकाश खरे, विधि संकाय संयोजक प्रो. शिव शंकर सिंह और अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन से किया गया। समारोह में राजस्थान और छत्तीसगढ़ पीसीएस जे में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली कॉलेज की छात्रा मधुलिका यादव और अंजुम आरा को सम्मानित किया गया। दोनों मेधावियों ने छात्रों को निरंतर अभ्यास और बिना शॉर्टकट के कड़ी मेहनत करने की प्रेरणा दी। प्राचार्य प्रो. अजय प्रकाश खरे ने इस सफलता पर गर्व जताते हुए मूट कोर्ट सोसाइटी को और आधुनिक बनाने का आश्वासन दिया।



# सड़क हादसे के बाद युवक की हत्या, चार आरोपी गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

वाराणसी। थाना फूलपुर क्षेत्र के ग्राम घमहापुर के पास सड़क दुर्घटना के बाद हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया, जिसमें एक युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि अन्य की तलाश जारी है।

पुलिस के अनुसार, 26 अप्रैल 2026 को टाटा अल्ट्रोज कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बर्तन धो रही बिंदू देवी (लगभग 40 वर्ष) को टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गईं। हादसे के बाद चालक मनीष सिंह (निवासी घमहापुर) और घायल महिला के परिजनों के बीच विवाद हो गया, जो जल्द ही मारपीट में बदल गया। इस दौरान मनीष सिंह को गंभीर चोटें आईं।

परिजनों द्वारा घायल मनीष सिंह को उपचार के लिए बीएचयू ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद मृतक के परिजनों की तहरीर पर थाना फूलपुर में 8 नामजद और अन्य अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने मामले में वांछित चार आरोपियों– मनोज प्रजापति (29), हरिश्चंद्र राजभर (60), योगेंद्र प्रजापति (25) और अभिषेक उर्फ बुद्धू (41)– को गिरफ्तार कर लिया है। सभी के खिलाफ संबंधित धाराओं में विधिक कार्रवाई की जा रही है। शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए क्राइम ब्रांच और थाना फूलपुर की संयुक्त टीम लगातार दबिश दे रही है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही सभी वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।




## प्रयागराज के श्रद्धालुओं की सोमनाथ यात्रा से सकुशल वापसी

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा अटूट आस्था एवं विश्वास के 1000 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व यात्रा' से प्रयागराज के श्रद्धालु सकुशल वापस लौट आए हैं। उत्तर प्रदेश सरकार के सहयोग से इस विशेष योजना के अंतर्गत प्रत्येक जनपद से 10-10 लोगों का चयन किया गया था। इसी क्रम में प्रयागराज से चयनित 10 श्रद्धालुओं को 19 अप्रैल 2026 को लखनऊ से विशेष एसी यात्री ट्रेन द्वारा सोमनाथ मंदिर के लिए रवाना किया गया था। एक सप्ताह की धार्मिक यात्रा के बाद सभी यात्री 26 अप्रैल 2026 को सुरक्षित प्रयागराज लौट आए। यात्रियों ने इस यात्रा को आध्यात्मिक रूप से अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए सरकार की इस पहल की सराहना की। संस्कृति विभाग के क्षेत्रीय अभिलेखागार के प्रभारी गुलाम सरवर ने जानकारी देते हुए बताया कि यह यात्रा श्रद्धालुओं के लिए एक यादगार और प्रेरणादायक अनुभव रही।

## अनुप्रिया पटेल का वृद्धाश्रम में मना जन्मदिन, बुजुर्गों से लिया आशीर्वाद

**मीरजापुर।** केंद्रीय राज्य मंत्री व सांसद तथा अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल का जन्मदिन विंध्याचल स्थित मातृ-पितृ सदन वृद्धाश्रम में बुजुर्गों के बीच उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष दुर्गेश पटेल ने बुजुर्गों से केंद्रीय मंत्री के लिए आशीर्वाद की कामना कराई और महिलाओं को साड़ी व बुजुर्गों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों के बीच आकर जो सुकून मिलता है, वह किसी भी उत्सव से बड़ा है और उनके आशीर्वाद से ही अनुप्रिया पटेल लगातार तीसरी बार सांसद बनी हैं। जिला समाज कल्याण अधिकारी रामविलास यादव ने बताया कि आश्रम में करीब 150 लोगों के रहने की व्यवस्था है और यहां जन्मदिन मनाना प्रेरणादायक पहल है। इस दौरान बुजुर्गों ने भजन गाकर केंद्रीय मंत्री को आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम में प्रदेश सचिव रामबृक्ष बिंद, युवा जिला महासचिव हर्षित सिंह पटेल, लव द्विवेदी, विशंभर पांडेय, आश्रम प्रबंधक चंद्रपाल, शिवानी मिश्रा, राजेश चौधरी, रियाज अहमद सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## बकरी के विवाद में हुई बुजुर्ग की हत्या में नामजद आरोपित गिरफ्तार

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले में स्थित घूरपुर थाना की पुलिस टीम ने बकरी चराने के विवाद में हुई बुजुर्ग की हत्या मामले के नामजद आरोपित को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। आरोपित के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया। पुलिस उपायुक्त यमुना नगर विवेक चन्द्र यादव ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित घूरपुर के बड़ी बोगी निवासी मोहम्मद राशिद है। पुलिस टीम ने एक सूचना के बाद उसे बलीपुर क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपित ने बताया कि उसकी बकरी निसार अहमद के घर चली गई थी। इसी बात को लेकर विवाद हुआ और झगड़े के दौरान उसके भाई ने लकड़ी के टुकड़े से निसार अहमद के सिर पर हमला कर दिया। घटना के बाद सभी लोग मौके से फरार हो गए थे। बाद में बुजुर्ग की मौत की जानकारी मिली। डीसीपी ने बताया कि 27 अप्रैल को बड़ी बोंगी गांव निवासी मोहम्मद हुसैन ने तहरीर देकर बताया था कि उनके पिता निसार अहमद के साथ विपक्षियों ने बकरी हांकने की रंजिश में लाठी-डंडों से मारपीट की थी। गंभीर रूप से घायल निसार अहमद की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद थाना घूरपुर में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की। पुलिस टीम ने आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया

## जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय परिवहन यान समिति की बैठक कर दिये निर्देश

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिले के छात्रों की सुरक्षित स्कूल यात्रा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मंगलवार को जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने संगम सभागार में जिला विद्यालय यान परिवहन सुरक्षा समिति की बैठक कर विद्यालय परिवहन व्यवस्था से जुड़े विभिन्न पहलुओं की विस्तार से समीक्षा की और सुरक्षा मानकों को लेकर कई ठोस निर्णय लिए। जिलाधिकारी ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं होगा। नियमों का उल्लंघन करने वाले विद्यालयों व वाहन संचालकों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। विद्यालयी परिवहन में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में लिए गए प्रमुख निर्णयों में यह तय किया गया कि सभी विद्यालयी वाहनों का फिटनेस, ड्राइवर का मेडिकल फिटनेस, फायर एक्सटिंग्विशर और आपातकालीन निकास द्वार अनिवार्य होंगे। प्रत्येक विद्यालय को निर्देशित किया गया कि वे अपने वाहन चालकों का पुलिस सत्यापन एवं लाइसेंस वैधता की जांच अनिवार्य रूप से करवाएं। किसी भी परिस्थिति में अवैध या अयोग्य चालक से वाहन न चलवाया जाए। इसके अतिरिक्त सभी स्कूलों में विद्यालय परिवहन सुरक्षा समिति का गठन कर लिया जाए। जहां अभी तक गठन नहीं हो पाया है, वहां गठन करने के लिए कहा।

# कोरांव तहसील में शौचालय बंद, अधिवक्ता परेशान: जर्जर भवन, गंदगी और बिजली की समस्या से जूझ रहे लोग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

(कोरांव), प्रयागराज। प्रयागराज जनपद मुख्यालय से लगभग 70-80 किलोमीटर दूर स्थित कोरांव तहसील में मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। यहां वादकारी और अधिवक्ताओं को स्वच्छ शौचालय, उचित रखरखाव और अन्य बुनियादी सुविधाओं की कमी का सामना करना पड़ रहा है। तहसील परिसर में शौचालयों की स्थिति अत्यंत दयनीय है।

संग्रह अनुभाग के दक्षिण दिशा में बने शौचालय में ताला लगा रहता है, ताकि उसकी खराब हालत कोई देख न सके। इसी तरह, मतदाता कार्यालय के बगल उत्तर दिशा में बने शौचालय पर भी ताला लगा है और 'शौचालय' लिखे स्थान पर सफ़ेद कागज चिपका दिया गया है। परिसर में हर जगह गंदगी और दुर्गंध फैली हुई है।

तहसील भवन की खिड़कियां और दरवाजे जर्जर होकर टूट गए हैं या गायब हैं। कार्यालयों में अधिकांश सीलिंग फैन नहीं हैं, जिससे कर्मचारी और आगंतुक गर्मी से परेशान रहते हैं। बिजली के तार और केबल कटे-फटे हैं, और कई बोर्ड गायब या टूटे हुए हैं। रजिस्ट्रार कानूनगो कार्यालय के उत्तर दिशा में पान-गुटखा थूककर गंदगी फैलाई गई है। इस बदहाल व्यवस्था को लेकर वादकारी और अधिवक्ताओं ने प्रयागराज के जिलाधिकारी का ध्यान आकर्षित कराया है। तहसील कोरांव के अधिवक्ता प्रमोद शुक्ल ने स्वच्छ शौचालयों को क्रियाशील करने, पंखे लगवाने और अन्य समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने की मांग की है।की है। सामाजिक कार्यकर्ता पंडित महेंद्र प्रसाद शुक्ला ने भी तहसील परिसर में व्याप्त अव्यवस्था पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि इन समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो वे उच्चाधिकारियों से इसकी शिकायत करेंगे।



# सड़क सुरक्षा बैठक में बड़े फैसले, सरकारी संपत्ति को नुकसान पर होगी कार्रवाई : जिलाधिकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । जिले में मंगलवार को जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में संगम सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की अहम बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में यातायात व्यवस्था सुधारने और जाम से निजात दिलाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए गए।

जिलाधिकारी ने परिवहन, पुलिस, स्वास्थ्य और शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनपद में संचालित सभी स्कूल, मैरेज हॉल और अस्पतालों को जारी नोटिसों का पूरा विवरण उपलब्ध कराया जाए। साथ ही शहर के भीड़भाड़ वाले इलाकों–चौक, घंटाघर, सिविल लाइन्स और लल्ला चुंगी–में जाम की समस्या के समाधान के लिए 30 अप्रैल को विशेष बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में शहर को जाम मुक्त बनाने के लिए अस्थायी होर्डिंग ज़ोन के लिए भूमि चिन्हांकन की जानकारी दी गई। वहीं अलोपीबाग फ्लाईओवर के पास बंद किए गए कट को तीन दिनों के भीतर खोलने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि जिला सड़क सुरक्षा समिति जैसी महत्वपूर्ण बैठक में अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया जाए। डीसीपी ट्रैफिक, रोडवेज, परिवहन विभाग और टैम्पो-टैक्सी यूनियन की संयुक्त टीम को शहर में नो-ई-रिक्शा जोन, नो-व्हीकल जोन और पैडेस्ट्रियन जोन चिन्हित कर प्रस्ताव देने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही मुख्य चौराहों के आसपास किसी भी प्रकार की पार्किंग, ठेला या वेंडर नहीं लगाए जाने की सख्त हिदायत दी गई। जिलाधिकारी ने साफ चेतावनी दी कि सड़कों के किनारे लगी रेलिंग, डिवाइडर जैसी सरकारी संपत्तियों को नुकसान पहुंचाने वालों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। यदि किसी मैरेज हॉल, पेट्रोल पंप या होटल संचालक की संलिप्तता पाई जाती है, तो उनके खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी, परिवहन निगम, एनएचएआई, पीडब्ल्यूडी तथा टैम्पो-टैक्सी यूनियन के पदाधिकारी मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने सभी विभागों को निर्देश दिया कि बैठक में उठाए गए बिंदुओं पर समयबद्ध और शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।



# योगी सरकार गन्ना अनुसंधान को देगी रफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❑ टिशू कल्चर से बेहतर गुणवत्ता के बीज उत्पादन पर फोकस

❑ प्रदेश के गन्ना किसानों को होगा बड़ा फायदा, प्रशिक्षण और तकनीक से बढ़ेगी पैदावार–किसानों को टिशू कल्चर में दी जाएगी विशेष ट्रेनिंग, बीज उपलब्धता होगी बेहतर

लखनऊ। उप्र की योगी आदित्यनाथ सरकार प्रदेश के गन्ना किसानों की आय बढ़ाने एवं गन्ना उत्पादन को बढ़ाने के लिए लगातार नवाचार और तकनीकी सुधारों पर जोर दे रही है। इसी के तहत योगी सरकार ने गन्ना अनुसंधान को नया आयाम देते हुए टिशू कल्चर तकनीक के माध्यम से उच्च गुणवत्ता वाले बीज उत्पादन की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की है। इस पहल से न केवल गन्ना किसानों की आय में वृद्धि होगी, बल्कि प्रदेश में चीनी उत्पादन और उत्पादकता को भी मजबूती मिलेगी।

उत्तर प्रदेश काउंसिल ऑफ शुगर केन रिसर्च (यूपीसीएसआर), शाहजहांपुर और बलरामपुर चीनी मिल्स लिमिटेड (बीसीएमएल), हैदरगढ़, बाराबंकी के बीच एमओयू साइन किया गया है। एमओयू का मुख्य उद्देश्य टिशू कल्चर तकनीक के जरिए गुणवत्तापूर्ण गन्ना बीज का उत्पादन बढ़ाना, किसानों को आधुनिक तकनीक से जोड़ना और गन्ना उत्पादन प्रणाली को अधिक प्रभावी बनाना है। गन्ना आयुक्त मिनिस्ती एस. ने बताया कि एमओयू के तहत प्रदेश में टिशू कल्चर आधारित बीज उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया जाएगा। इसमें किसानों, मिल कर्मियों और तकनीकी कर्मचारियों को टिशू कल्चर लैब और ग्रीन हाउस संचालन, प्लांटलेट तैयार करने, हार्डनिंग और खेत में रोपाई जैसी प्रक्रियाओं की व्यावहारिक जानकारी दी जाएगी। प्रशिक्षण के दौरान टिशू कल्चर से जुड़े रसायनों, उपकरणों और विभिन्न तकनीकी पहलुओं पर भी विशेष जोर रहेगा। गन्ना आयुक्त ने बताया कि पारंपरिक विधियों की तुलना में टिशू कल्चर तकनीक से बीज उत्पादन अधिक तेज, शुद्ध और प्रभावी होता है। जहां पारंपरिक तरीके से एक एकड़ में सीमित मात्रा में बीज तैयार हो पाता है, वहीं टिशू कल्चर तकनीक के माध्यम से कम समय में बड़ी मात्रा में उच्च गुणवत्ता वाले बीज तैयार किए जा सकते हैं। इससे नई उन्नत किस्मों का तेजी से विस्तार संभव होगा और किसानों को बेहतर उत्पादन के अवसर मिलेंगे। एमओयू के तहत यूपीएससीआर और बीसीएमएल मिलकर गन्ने की उन्नत किस्मों के विकास और उनके विस्तार पर काम करेंगे। इसके साथ ही दोनों संस्थाएं मिलकर किसानों को 'हैंड्स-ऑन' प्रशिक्षण भी देंगी, जिससे वे इस तकनीक को आसानी से समझ सकें और अपने खेतों में लागू कर सकें। प्रशिक्षण के लिए विशेष मॉड्यूल तैयार किए गए हैं, जिनमें टिशू कल्चर की मूलभूत जानकारी से लेकर फील्ड ट्रांसफर तक की पूरी प्रक्रिया शामिल है। गन्ना किसानों को टिशू कल्चर प्लांटलेट्स को ग्रीन हाउस में हार्डनिंग के बाद खेतों में स्थानांतरित करने की प्रक्रिया भी सिखाई जाएगी। साथ ही, किसानों को भूमि तैयारी, सिंचाई, उर्वरक प्रबंधन और पौध संरक्षण से संबंधित आधुनिक तरीकों की जानकारी दी जाएगी, ताकि फसल की गुणवत्ता और उत्पादन दोनों में सुधार हो सके।

# लवि कर्मचारी परिषद की कार्यकारिणी भंग करना असंवैधानिक

❑ पदाधिकारियों ने कुलपति को सौंपा ज्ञापन

❑ वरिष्ठ उपाध्यक्ष सी.पी. सिंह (मोनू) को पद व कार्यकारिणी से किया गया बर्खास्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी के लखनऊ विश्वविद्यालय कर्मचारी परिषद की राजनीति गर्म है। मंगलवार को परिषद कार्यालय में सम्पन्न हुई कर्मचारी परिषद की आवश्यक बैठक में कुलसचिव भावना मिश्रा द्वारा कर्मचारी परिषद नियमावली/संविधान के विपरीत कार्यकारिणी को भंग करने एवं चुनाव अधिकारी की अधिसूचना/उद्घोषणा करने एवं कतिपय कर्मचारी नेताओं द्वारा वरिष्ठ सहकर्मी व परिषद के पूर्व चुनाव अधिकारी डॉ. रविशंकर गुप्ता के लिए आपत्तिजनक शब्दों के प्रयोग करने के विरूद्ध निन्दा प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में संगठन विरोधी गतिविधियों में लिप्त होने और अनुशासनहीनता के आरोप में वरिष्ठ उपाध्यक्ष सी.पी. सिंह (मोनू) को उनके पद व कार्यकारिणी की सदस्यता से तत्काल प्रभाव से बर्खास्त करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। बैठक के बाद पदाधिकारियों ने कुलपति प्रो़फ़ेसर जेपी सैनी को इस आशय का ज्ञापन भी सौंपा। बैठक में उक्त प्रस्ताव अध्यक्ष राकेश यादव ने रखा और उपाध्यक्ष अभिषेक सिंह व महामंत्री संजय शुक्ला ने अनुमोदन किया। बैठक में उपस्थित मंत्री बाबूलाल, दिनेश वाल्मीकि, के.पी. सिह, कोषाध्यक्ष अमित कु. सक्सेना, संगठन मंत्री शिवानन्द द्विवेदी, प्रचार मंत्री अमित सक्सेना एवं सदस्यगण मुकेशधर दूबे, सोमनाथ, अशोक कुमार, अमित कुमार, लालबाबू व पवन कुमार ने प्रस्ताव का समर्थन किया। बैठक के बाद परिषद के समस्त पदाधिकारी अध्यक्ष राकेश यादव एवं महामंत्री संजय शुक्ला के नेतृत्व में कुलपति प्रो़फ़ेसर जेपी सैनी से मिलकर कार्यकारिणी द्वारा पारित निन्दा व बर्खास्तगी के प्रस्ताव की प्रति सौंपी। इसके साथ ही प्रस्ताव की प्रति जिलाधिकारी, लखनऊ, उप/अपर श्रमायुक्त, लखनऊ क्षेत्र तथा अध्यक्ष व महामंत्री, भारतीय मजदूर संघ, उ.प्र. को भी प्रेषित की गयी।

कर्मचारी परिषद के पदाधिकारियों ने विश्वविद्यालय प्रशासन पर कर्मचारी हितों की अनदेखी करने, लोकतांत्रिक सिद्धांतों व नियमावली की अवमानना करने, कर्मचारियों के अधिकारों का हनन करने के साथ ही परिषद के कार्यो में प्रशासनिक हस्तक्षेप और कर्मचारियों के लोकतांत्रिक अधिकारों की हत्या करने जैसे गंभीर आरोप लगाये हैं। कर्मचारी परिषद कार्यकारिणी ने सर्वसम्मति से वरिष्ठ उपाध्यक्ष सी.पी. सिंह (मोनू) को उनके पद व कार्यकारिणी की सदस्यता से बर्खास्त करने के साथ ही उपाध्यक्ष अभिषेक सिंह को तत्काल प्रभाव से वरिष्ठ उपाध्यक्ष का दायित्व प्रदान करने का निर्णय लिया।

## अखिलेश को 2047 में भी नहीं मिलेगी मुख्यमंत्री की कुर्सी: केशव

लखनऊ। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार को समाजवादी पार्टी के मुखिया केशव प्रसाद मौर्य पर करारा हमला बोला है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर अखिलेश यादव पर प्रदेश का माहौल खराब करने का आरोप लगाया है। उन्होंने लिखा है कि सपा बहादुर अखिलेश यादव को अच्छे से समझ लेना चाहिए कि यूपी का माहौल बिगाड़ने की राजनीति अब कतई नहीं चलेगी। अब तो वर्ष 2027 दूर, 2047 तक भी मुख्यमंत्री की कुर्सी अखिलेश के नसीब में नहीं है। दरअसल, अखिलेश यादव कई दिनों से गाजीपुर में हुई घटना को सियासी रंग देने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने गाजीपुर में एक युवती की मौत के मुद्दे पर कई बार सरकार को घेरा है। इस पर केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार को अखिलेश पर पलटवार किया। केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि अपने मुख्यमंत्री काल में अखिलेश यादव ने पिछड़े वर्ग की उपेक्षा करने के अलावा एक भी ठोस जमीनी काम नहीं किया। परिवारवाद, जातिवाद और अपराधियों को बढ़ावा देना उनकी स्थायी पहचान बन चुकी है। अपने घड़ियाली आंसुओं के बल पर पिछड़े वर्ग को बरगलाने के उनके दिन अब लद चुके हैं।

# सरोजनीनगर में जनआंदोलन का सफल मॉडल स्थापित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



❑ डॉ. राजेश्वर सिंह के नेतृत्व में सरोजनीनगर बना जनसेवा और जनविश्वास का मॉडल

लखनऊ। सरोजनीनगर अब केवल एक विधानसभा नहीं रहा–यह एक ऐसा परिवार बन चुका है, जहाँ हर चेहरे की चिंता, हर घर की गरिमा और हर जीवन की उम्मीद, विकास का हिस्सा है। यहाँ विकास ईंट-पत्थरों से नहीं, बल्कि रिश्तों, संवेदनाओं और भरोसे से मापा जा रहा है। विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह के नेतृत्व में जनसेवा केवल एक कार्य नहीं, बल्कि एक सतत भाव बन चुकी है।

तारा शक्ति रसोई में हर दिन सिर्फ भोजन नहीं परोसा जाता–वहाँ सम्मान परोसा जाता है, आत्मीयता परोसी जाती है। जब लोकबंधु अस्पताल के बाहर कोई जरूरतमंद थाली लेकर बैठता है, तो उसे केवल खाना नहीं मिलता, बल्कि यह एहसास मिलता है कि वह अकेला नहीं है। प्रतिदिन 4000 से अधिक लोगों तक पहुँचती यह सेवा, भूख के साथ-साथ निराशा को भी दूर कर रही है।

तारा शक्ति केंद्रों में सुई-धागे से केवल बैग या झंडे नहीं बनते–यहाँ आत्मविश्वास बुना जाता है। जब कोई महिला अपने हाथों से तिरंगा तैयार करती है, तो उसके साथ उसकी पहचान, उसका सम्मान और उसका आत्मनिर्भर भविष्य भी आकार लेता है। 30,000 से अधिक पर्यावरण मित्र बैग, 50,000 से अधिक भाजपा ध्वज और 40,000 से अधिक तिरंगे–ये आँकड़े नहीं, बल्कि हजारों सपनों की कहानी हैं। रणबहादुर सिंह युवा डिजिटल केंद्रों में केवल कंप्यूटर नहीं चलते–यहाँ नई दिशाएँ खुलती हैं। जब कोई युवा पहली बार डिजिटल प्रशिक्षण लेकर अपने परिवार के लिए आयुष्मान कार्ड बनवाता है या किसी बुजुर्ग की पेंशन की प्रक्रिया पूरी कराता है, तो वह केवल सेवा नहीं करता, बल्कि अपने भीतर जिम्मेदारी और आत्मविश्वास का एक नया अध्याय शुरू करता है। 1000 से अधिक प्रशिक्षित युवा और 8000 से अधिक लाभान्वित नागरिक–यह बदलाव की एक मजबूत लहर है। आपका विधायक आपके द्वार कार्यक्रम ने दूरी को खत्म कर दिया है–यहाँ जनप्रतिनिधि और जनता के बीच कोई दीवार नहीं है। 165 सप्ताहों से लगातार गाँव-गाँव जाकर जब समस्याएँ सुनी जाती हैं, मौके पर समाधान दिया जाता है, तो लोगों के मन में यह विश्वास और गहरा होता है कि उनकी आवाज़ सुनी जा रही है। 1700 से अधिक मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान और सैकड़ों परिवारों तक पहुँची स्वास्थ्य सेवाएँ–यह केवल योजनाएँ नहीं, बल्कि विश्वास की नींव हैं। श्री राम रथ श्रवण यात्रा में जब कोई बुजुर्ग अयोध्या से लौटकर नम आँखों से कहता है–अब जीवन सफल हो गया–तो वही इस पहल की सबसे बड़ी उपलब्धि बन जाती है। पिछले तीन वर्षों में 5000 से अधिक वरिष्ठ नागरिकों को यह सौभाग्य मिला है–यह आँकड़ा नहीं, बल्कि आशीर्वादों का संचित रूप है। डॉ. राजेश्वर सिंह का कहना है कि सरोजनीनगर की ताकत उसकी जनता है–यहाँ योजनाएँ कागजों से नहीं, लोगों के दिलों से चलती हैं। कार्यकर्ताओं का समर्पण, मातृशक्ति की ऊर्जा और बुजुर्गों का आशीर्वाद मिलकर इस क्षेत्र को एक जनआंदोलन में बदल रहे हैं। यह यात्रा किसी एक व्यक्ति की नहीं, पूरे सरोजनीनगर परिवार की है–जहाँ हर बूथ एक घर है, हर कार्यकर्ता एक अपना है और हर नागरिक एक जिम्मेदारी। यही भावना सरोजनीनगर को केवल विकसित नहीं, बल्कि जीवंत और प्रेरणादायक बनाती है।

## ओवरब्रिज पर तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** लखनऊ बाराबंकी मार्ग पर एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। तेज रफ्तार कार ने ओवरब्रिज पर मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बाराबंकी के नगर कोतवाली क्षेत्र के निवासी राजेश कुमार अपने बहनोई श्रवण कुमार के साथ रात मोटरसाइकिल से लखनऊ से बाराबंकी जा रहे थे। रात करीब 11:30 से 12:00 बजे के बीच जब वे बीबीडी अनौरा स्थित ओवरब्रिज पर पहुंचे, तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने लापरवाही से बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों युवक ओवरब्रिज से नीचे जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। एक युवक की तो मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरे युवक को आसपास के लोगों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे में मोटरसाइकिल पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के बाद आरोपी चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## चकमार्ग को प्रशासन ने कराया खाली, रास्ता हुआ बहाल

**निगोहा, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** निगोहा क्षेत्र के उतरावां स्थित शिवपुरा गांव में सरकारी चकमार्ग पर किए गए अवैध कब्जे के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए मंगलवार को बड़ी कार्रवाई की। राजस्व टीम और पुलिस प्रशासन की संयुक्त मौजूदगी में अवैध निर्माण को ध्वस्त कर रास्ते को पुनः चालू कराया गया। ग्रामीणों द्वारा समाधान दिवस में की गई शिकायत में बताया गया था कि राजकुमारी पत्नी रामकिशोर ने सरकारी चकमार्ग पर बाउंड्री वॉल बनाकर कब्जा कर लिया है, जिससे मनरेगा के तहत बन रहा मार्ग पूरी तरह अवरुद्ध हो गया था और निर्माण कार्य ठप पड़ गया था। शिकायत के बाद मोहनलालगंज राजस्व टीम और निगोहा पुलिस मौके पर पहुंची और अधिकारियों की निगरानी में अवैध निर्माण हटवाया गया। कार्रवाई के बाद चकमार्ग खुलने से ग्रामीणों का आवागमन सुचारू हो गया और अधूरा पड़ा निर्माण कार्य भी दोबारा शुरू होने की राह साफ हो गई।

नगराम के कुबहरा में घरेलू विवाद में मार–पीट : मुकदमा दर्ज

नगराम, लखनऊ। थाना नगराम क्षेत्र में घरेलू विवाद ने हिंसक रूप ले लिया, जब एक युवक ने अपने ही परिवार पर हमला कर दिया। लाठी–डंडों और पाइप से किए गए इस हमले में मां–बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए, जिससे इलाके में सनसनी फैल गई। पीड़ित अशोक पुत्र रामऔतार निवासी कुबहरा ने थाना नगराम में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि मंगलवार सुबह करीब 7 बजे घरेलू विवाद के दौरान विपक्षी संतोष ने गाली–गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर उसने अचानक हमला बोल दिया और बेरहमी से लाठी–डंडों व पाइप से मारपीट की। इस हमले में अशोक और उनकी मां विंदेश्वरी गंभीर रूप से घायल हो गईं। पीड़ित का आरोप है कि आरोपी ने जान से मारने की धमकी भी दी, जिससे परिवार दहशत में है। थाना प्रभारी विवेक चौधरी ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस का कहना है कि दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## सन्दिग्ध परिस्थितियों में युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**मोहनलालगंज, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के कल्ली पूरब गांव में मंगलवार को 40 वर्षीय बब्लू कुमार पुत्र श्री राम ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में चीख–पुकार मच गई, वहीं पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। वही पुलिस को सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक बब्लू कुमार ने अपने घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों को जब घटना की जानकारी हुई तो आनन–फानन में आसपास के लोगों को बुलाया गया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। मृतक अपने पीछे 35 वर्षीय पत्नी चांदनी, 13 वर्षीय बेटी शगुन और 10 वर्षीय बेटा अंश को छोड़ गए हैं, जिनका रो–रोकर बुरा हाल है।घटना की सूचना मिलते ही मोहनलालगंज कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए और परिजनों से पूछताछ भी की।इस संबंध में इंस्पेक्टर बृजेश त्रिपाठी ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि आत्महत्या के कारणों का अभी तक स्पष्ट पता नहीं चल सका है, पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की गहन जांच कर रही है।घटना के बाद गांव में मातम पसरा हुआ है और लोग इस दुखद घटना से स्तब्ध हैं।

# वायरल वीडियो पर सियासत तेज: समय आने पर लोकतंत्र के अपराधी बख़्शे नहीं जाएंगे : अखिलेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। बंगाल चुनाव में ऑब्जर्बर बनकर पहुंचे आईपीएस अधिकारी अजय पाल शर्मा के वायरल एक वीडियो को लेकर उत्तर प्रदेश में सियासत गरमा गई है। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने वीडियो को लेकर भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि समय आने पर लोकतंत्र के अपराधी बख़्शे नहीं जाएंगे।

श्री यादव ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर करते हुए कहा कि इस प्रकरण ने प्रदेश के शासन-प्रशासन की छवि को गहरा नुकसान पहुंचाया है और 'महिला सम्मान' व 'नारी वंदन' जैसे दावों की वास्तविकता भी उजागर कर दी है।

सपा प्रमुख ने कहा कि भाजपा शासन में इस तरह के मामले अपवाद नहीं हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि जब महिला सुरक्षा की जिम्मेदारी संभालने वाले ही इस तरह के आचरण में शामिल पाए जाएं, तो आम महिलाओं की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित होगी। उन्होंने कहा कि इस घटना से भाजपा से जुड़ी महिलाएं भी असहज और शर्मिंदा महसूस कर रही होंगी। उन्होंने कहा कि अब सबकी नजर इस बात पर है कि संबंधित अधिकारी के खिलाफ निलंबन या बर्खास्तगी की कार्रवाई कितनी तेजी से होती है। उन्होंने इसे सीधे तौर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की छवि से जुड़ा मामला बताया। अखिलेश यादव ने कहा कि इस प्रकरण में होने वाली कार्रवाई से यह स्पष्ट हो जाएगा कि मुख्यमंत्री का रुख क्या है। उन्होंने यह भी कहा कि इतना कुछ सामने आने के बाद सरकार पर अनुशासनात्मक और दंडात्मक कार्रवाई का दबाव बनना तय है। उन्होंने जोर देकर कहा कि 'जीरो टॉलरेंस' की नीति केवल अपराधियों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि ऐसे अधिकारियों पर भी समान रूप से लागू होनी चाहिए, ताकि महिलाओं का भरोसा कायम रह सके। अखिलेश यादव ने कहा है कि प. बंगाल में भाजपा ने ऑब्जवर के नाम पर रामपुर व संभल में टेस्ट किये हुए अपने एजेंट भेजे हैं लेकिन इनसे कुछ होने वाला नहीं। दीदी हैं, दीदी रहेंगी! उन्होंने चेतावनी भरे अंदाज़ में कहा कि सही समय आने पर भाजपा और उनके संगी-साथियों के इन जैसे 'एजेंडों के एजेंटों' की सारी आपराधिक करतूतों की गहरी जाँच होगी और बेहद सख़्त दंडात्मक कार्रवाई भी। ये सब अधिकारी के रूप में अनरजिस्टर्ड लोगों के अनरजिस्टर्ड अंडरग्राउंड सदस्य हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि हम न इन्हें भागने देंगे, न भूमिगत होने देंगे। ये खोज के लाए जाएंगे, खोद के लाए जाएंगे और अपने कुकृत्यों के लिए क़ानूनी सज़ा भी पाएंगे।

# एसडीएम के औचक निरीक्षण में गोपालक गायब, जांच के आदेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निगोहा, लखनऊ। मोहनलालगंज ब्लॉक के निगोहा क्षेत्र स्थित मीरकनगर गौशाला में बड़ी लापरवाही उजागर होने पर प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। मंगलवार को उपजिलाधिकारी पवन पटेल ने गौशाला का औचक निरीक्षण किया, जिसमें व्यवस्थाओं की हकीकत सामने आ गई। निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई, चारे की उपलब्धता, पशुओं के स्वास्थ्य और रखरखाव की स्थिति बेहद खराब पाई गई। सबसे गंभीर बात यह रही कि मौके पर तैनात गोपालक अनुपस्थित मिला, जिस पर एसडीएम ने कड़ी नाराजगी जताते हुए इसे गंभीर कर्तव्यहीनता बताया। अधिकारियों ने मौके पर मौजूद कर्मचारियों से जवाब-तलब किया, लेकिन संतोषजनक उत्तर न मिलने पर एसडीएम ने तत्काल खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) को पूरे मामले की जांच के निर्देश दिए। साथ ही संबंधित गोपालक के खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया है। एसडीएम पवन पटेल ने स्पष्ट किया कि गौशालाओं की नियमित मॉनिटरिंग अनिवार्य है और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि पशुओं को समय पर चारा, स्वच्छ पानी और उचित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए तथा साफ-सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखा जाए। इस कार्रवाई के बाद विभाग में हड़कंप मच गया है और अन्य गौशाला संचालकों को भी अपनी व्यवस्थाएं सुधारने की सख्त चेतावनी दी गई है।


## उत्तर रेलवे

### खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **20.05.2026 को 15:00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल ऑफर स्वीकार नहीं किये जायेंगे, यदि कोई मैनुयल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | 00402026 दिनांक 28.04.2026 | | | |
| 2 | निविदा संख्या | क्रम सं. 1 | 06-SrDEN-I-LKO-2026-27 | | |
| | | क्रम सं. 2 | 07-SrDEN-I-LKO-2026-27 | | |
| 3 | कार्य का नाम | क्रम सं. 1 | लखनऊ : सहायक मंडल इंजीनियर – मुख्यालय के अधीन वरिष्ठ खंड अभियंता कार्य वर्कशॉप आलमबाग के अनुभाग में कैरिज वर्कशॉप आलमबाग लखनऊ की जल निकासी व्यवस्था का विस्तार एवं सुधार। | | |
| | | क्रम सं. 2 | लखनऊ : सहायक मंडल इंजीनियर – मुख्यालय के अधीन वरिष्ठ खंड अभियंता कार्य वर्कशॉप आलमबाग के अनुभाग में कोचों की मशीनीकृत पेंटिंग के लिए बुनियादी ढांचे और सुविधाओं का विस्तार। | | |
| 4 | अनुमानित लागत | क्रम सं. 1 के लिए | ₹ 6,04,12,195.57 | क्रम सं. 2 के लिए | ₹ 2,05,39,093.12 |
| 5 | धरोहर राशि | क्रम सं. 1 के लिए | ₹ 12,08,200.00 | क्रम सं. 2 के लिए | ₹ 4,10,800.00 |
| 6 | कार्य की समापन अवधि | क्रम सं. 1 के लिए | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से नौ माह। | | |
| | | क्रम सं. 2 के लिए | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से छः माह। | | |
| 7 | निविदा डालने की प्रारंभ तिथि | क्रम सं. 1 के लिए | 06.05.2026 | क्रम सं. 2 के लिए | 06.05.2026 |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | क्रम सं. 1 के लिए | 20.05.2026 | क्रम सं. 2 के लिए | 20.05.2026 |
| 9 | वेबसाईट | www.ireps.gov.in | | | |

नोटः– निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 1420/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# मल्हिया पासी स्मृति द्वार न लगने से सर्वसमाज आक्रोशित, जल्द द्वार लगाने की मांग तेज़

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मलिहाबाद,लखनऊ। महाराजा कंसा पासी के सुपुत्र मल्हिया पासी के गौरव द्वार को पुनः लगाए जाने की मांग को लेकर पूर्व केन्द्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर व क्षेत्रीय विधायिका जयदेवी कौशल पिछले चार दिनों से प्रवास पर हैं। लेकिन प्रशासन ढुलमुल रवैया अपनाये हुए है। जिससे पासी समाज के साथ साथ मलिहाबाद क्षेत्र के सर्वसमाज में काफी आक्रोश है।

करीब दो सप्ताह पूर्व मलिहाबाद थाने से महज 50 मीटर की दूरी पर क्षेत्रीय विधायिका जयदेवी कौशल द्वारा मलिहाबाद को बसाने वाले महाराजा मल्हिया पासी का स्मृति गौरव द्वार लगवाया गया था। जिसे विगत 22 अप्रैल को तड़के करीब साढ़े 3 बजे बेखौफ अज्ञात लोग काट ले गए थे। जिसकी जानकारी होने पर सुबह पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर, विधायिका जयदेवी कौशल, लाखन आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सूरज पासी, सुहैल देव आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेश पासी सहित कई अन्य पासी संगठनों ने धरना प्रदर्शन कर पुनः स्मृति गौरव द्वार लगाने की मांग की थी। जिसके बाद प्रशासन ने दो दिनों का समय मांगा था। दो दिन बाद जब पुनः स्मृति गौरव द्वार जब नहीं लगा तो 26 अप्रैल को करीब आधा दर्जन पासी समाज के संगठनों के करीब 5 हजार लोगों ने मलिहाबाद चक्का जाम किया था। लेकिन प्रशासन ने फिर झूठा आश्वासन देकर धरना प्रदर्शन समाप्त करा दिया था। स्मृति गौरव द्वार चोरी के एक सप्ताह समय बीतने को है। लेकिन मलिहाबाद पुलिस ने अभी तक चोरों तक नहीं पहुंच सकी है। जबकि अधिशासी अभियंता निर्माण खण्ड 2 ने चोरी सहित सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का मुकदमा दर्ज कराया था। स्मृति गौरव द्वार को चोरी हुए करीब एक सप्ताह हो गया है। साथ ही पूर्व केन्द्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर, विधायिका जयदेवी कौशल 4 दिनों से प्रवास पर अपने सर्वसमाज के समर्थकों के साथ बैठे है। लेकिन प्रशासन पर इसका कोई असर नहीं पड़ रहा है। प्रशासन आंखें बंद करे बैठा है। जिससे लखनऊ, हरदोई, उन्नाव, सीतापुर, बाराबंकी सहित कई अन्य जिलों के पासी समाज में काफी आक्रोश है।

### प्रवास में शामिल हो चुके हैं तीन विधायक व एक सांसद

मल्हिया पासी के स्मृति गौरव द्वार को पुनः लगाने की मांग को लेकर पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर व क्षेत्रीय विधायिका जयदेवी कौशल के प्रवास में रविवार को मोहान (उन्नाव) के विधायक बृजेश रावत, मोहनलालगंज विधायक अमरेश रावत समर्थन करने पहुंचे थे। सोमवार को उक्त दोनों विधायकों के साथ मिश्रिख के सांसद अशोक रावत ने शामिल होकर मल्हिया पासी का स्मृति द्वार लगाने की मांग प्रशासन से की थी।

### भाजपा से जल्द ही आधा दर्जन पदाधिकारी दे सकते हैं अपने पद से इस्तीफा

मल्हिया पासी का पुनः स्मृति गौरव द्वार न लगाए जाने से नाराज भारतीय जनता पार्टी के करीब आधा दर्जन पदाधिकारी जल्द ही इस्तीफा देने की तैयारी में है। पदाधिकारियों ने बताया कि जब हम अपने पूर्वजों के सम्मान के लिए कुछ नहीं कर सकते है तो ऐसे पद का कोई महत्व नहीं है। उनका आरोप है कि जिले में बैठे उनके उच्चस्थ पदाधिकारी एक भी बात उनके लिए बोलने के लिए तैयार नहीं है। जिससे पासी समाज में काफी उच्चस्थ पदाधिकारियों के प्रति काफी आक्रोश है।

# जनगणना प्रशिक्षण को गंभीरता से समझें, लापरवाही न बरतें : डीएम

❒ डीएम ने प्रशिक्षकों को निर्देशित किया कि प्रशिक्षण को अधिक व्यवहारिक, स्पष्ट एवं विस्तृत बनाया जाए

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह ने संजय कुमार सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में आयोजित जनगणना-2027 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना के प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण किया और प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे कार्मिकों से संवाद कर प्रशिक्षण की गुणवत्ता, उपयोगिता एवं समझ के स्तर का जायजा लिया।

डीएम ने प्रशिक्षकों को निर्देशित किया कि प्रशिक्षण को अधिक व्यवहारिक, स्पष्ट एवं विस्तृत बनाया जाए, ताकि सभी कार्मिक विषय-वस्तु को भली-भांति समझ सकें और फील्ड में प्रभावी ढंग से कार्य कर सकें। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों से भी बातचीत कर व्यवस्थाओं जैसे भोजन, पेयजल आदि के बारे में जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने सभी कार्मिकों को निर्देशित किया कि जनगणना जैसे महत्वपूर्ण कार्य हेतु प्रशिक्षण को गंभीरता और गहनता से लें तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरविंद कुमार ने कहा कि जो कर्मचारी प्रशिक्षण अथवा ड्यूटी के दौरान लापरवाही बरत रहे हैं या अनावश्यक रूप से अपनी ड्यूटी कटवाने का प्रयास कर रहे हैं, उनके खिलाफ जनगणना अधिनियम 1948 के तहत मुकदमा दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही ऐसे कर्मचारियों का पंजीकरण कराते हुए विधिक प्रक्रिया अपनाई जाएगी। अपील की गई कि जनगणना जैसे महत्वपूर्ण कार्य को प्राथमिकता दें और अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी ईमानदारी एवं जिम्मेदारी के साथ करें।

## पत्नी की फावड़ा से गला काटकर निर्मम हत्या, आरोपी पति फरार, पुलिस तलाश में जुटी

शाहजहांपुर। थाना मिर्ज़ापुर क्षेत्र में एक पति ने अपनी पत्नी की फावड़ा से गला काटकर हत्या कर दी और मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आरोपी पति की तलाश में जुटी है।थाना मिर्ज़ापुर क्षेत्र के गांव भौती निवासी छत्रपाल का आएदिन अपनी 50 वर्षीय पत्नी सोमवती से किसी न किसी बात पर विवाद होता रहता था। मंगलवार दोपहर पत्नी सोमवती घर के अंदर बरामदे पर जमीन पर सो रही थी। इसी दौरान उसका पति छत्रपाल आया और उसने फावड़ा से अपनी पत्नी सोमवती के गले पर कई ताबड़तोड़ प्रहार किए। जिससे सोमवती की मौके पर ही मौत हो गई। वारदात के बाद आरोपी पति मौके से भाग गया। सोमवती की मौत पर उसकी चार बेटियां और दो बेटों का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है। एसपी ग्रामीण ने बताया कि आरोपी की तलाश में टीम लगा दी गई है। जल्द आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होगा।

# डीएम ने टॉपर छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

❒ सम्मानित छात्र-छात्राओं में हाईस्कूल के 18 और इंटरमीडिएट के 12 टॉपर्स शामिल रहे

कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने मंगलवार को अपने आवास पर जनपद के हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट के टॉप करने वाले छात्र-छात्राओं को बुलाकर सम्मानित किया और उनसे बातचीत कर उच्च शिक्षा एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों को लेकर चर्चा की।

सम्मानित छात्र-छात्राओं में हाईस्कूल के 18 और इंटरमीडिएट के 12 टॉपर्स शामिल रहे। इस दौरान डीएम ने बच्चों से उनके करियर लक्ष्य, पढ़ाई की रणनीति और भविष्य में क्या बनने की इच्छा है, इस पर बातचीत की। छात्रों ने भी अपनी तैयारी, चुनौतियों और विचार साझा किए। अधिकारियों ने विद्यार्थियों को सफलता के लिए प्रेरित करते हुए उपयोगी मार्गदर्शन प्रदान किया। डीएम ने कहा कि विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य पर केंद्रित रहकर पाठ्यक्रम की गहन तैयारी करनी चाहिए। नियमित पढ़ाई के साथ ही सामान्य ज्ञान, बेसिक जानकारी और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी भी समान रूप से आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को हिंदी एवं अंग्रेजी समाचार पत्र पढ़ने, अंग्रेजी भाषा सीखने और दैनिक जीवन में अंग्रेजी शब्दों के प्रयोग की आदत विकसित करने की सलाह दी। उन्होंने पुस्तक पढ़ने की आदत विकसित करने के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक को विद्यार्थियों के लिए उपयोगी पुस्तकें उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। डीएम ने बताया कि जनपद के 165 ग्रामों में पुस्तकालय स्थापित किए जा रहे हैं, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को बेहतर अध्ययन संसाधन उपलब्ध हो सकें। कहा कि जो विद्यार्थी को मेडिकल एवं इंजीनियरिंग जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए बाहर जाना चाहते हैं, उनका समुचित असेसमेंट कराया जाए। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी उत्कर्ष द्विवेदी, एसपी सिटी देवेंद्र कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक हरवंश कुमार एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दिव्या गुप्ता उपस्थित रहे।

## युवती की आत्महत्या के मामले में आरोपी युवक गिरफ्तार, प्रेम-प्रसंग में की थी आत्महत्या

शाहजहांपुर। थाना सिंधौली पुलिस ने युवती की आत्महत्या के मामले में आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।शनिवार सुबह थाना सिंधौली क्षेत्र के कस्बा में रहने वाले बंधुलाल की 19 वर्षीय पुत्री मधु ने बिजली के खम्बे पर चढ़कर तार पकड़ लिया था। जिसके करंट से मधु की मौत हो गई थी। इस मामले में मृतका के पिता की तहरीर पर थाना सिंधौली क्षेत्र के गांव मूड़ा हारिस निवासी शान मोहम्मद और मुड़िया मोड़ निवासी पप्पू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई। विवेचना के दौरान प्रकाश में आया कि अभियुक्त शान मोहम्मद का वादी बंधुलाल के घर पर आना-जाना था, जिससे वादी की पुत्री से उसका प्रेम-प्रसंग चलने लगा। जानकारी मिलने पर परिजनों ने विरोध किया और वर्ष-2025 में सामूहिक विवाह योजना के तहत मधु का विवाह करा दिया, लेकिन शादी के बाद मधु अपनी ससुराल नहीं गई। इसी दौरान पुनः अभियुक्त शान से मधु का संपर्क हो गया, अभियुक्त ने मधु से शादी करने का दबाव बनाया। जिसके चलते मधु ने आत्महत्या कर ली। आज पुलिस ने सिंधौली रोड से अभियुक्त शान मोहम्मद को गिरफ्तार किया है।

# चिलचिलाती धूप में जहांगीराबाद चौराहे पर पानी का संकट , प्यास बुझाने को नहीं है कोई हैंडपंप

❒ गतवर्ष उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक के सामने लगाया गया था वाटर कूलर प्वाइंट काफी समय से बंद पड़ा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



जहांगीराबाद, सीतापुर। काफी समय से जहांगीराबाद चौराहे पर तथा उसके आसपास कोई नल न होने से राहगीरों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है लोग प्यास बुझाने के लिये इधर उधर भटकते रहते हैं।इन दिनों भयंकर गर्मी पड़ रही है तथा लू चलने लगी है ऐसे में यहां पीने के पानी का संकट उत्पन्न हो गया है। चौराहे के आसपास कोई भी इण्डिया मार्का नल नहीं है जिससे यहां से गुजरने वाले राहगीरों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। इतना ही नहीं जहांगीराबाद में रेउसा- बिसवां मार्ग पर उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक के सामने गत वर्ष एक वाटर कूलर प्वाइंट लगाया गया था जो कुछ ही दिनों बाद खराब होकर बंद हो गया था जो आजतक ठीक नहीं कराया जा सका है। बैंक उपभोक्ताओं को प्यास बुझाने के लिए इधर उधर भटकना पड़ रहा है।

यह हाल सीतापुर-बहराइच मुख्य मार्ग पर जहांगीराबाद चौराहे का है जहां पूरे चौराहे पर कोई भी इण्डिया मार्का नल नहीं है। काफी समय पहले जिला सहकारी बैंक के निकट एक मात्र इंडिया मार्का नल सड़क किनारे लगा था जो काफी समय तक बंद पड़ा रहा फिर उसे ग्राम पंचायत ने उखड़वा लिया जिस कारण चौराहे पर पानी की भारी किल्लत हो रही है।रोजाना सुबह से रात तक सैकड़ों लोगों को प्यास बुझाने के लिये या तो दुकानों व ठेलों पर बिकने वाली 10 या 20 ? की बोतलों को खरीदना पड़ रहा है अथवा चाय मिठाई की दुकानों में झांकना पड़ रहा है।

जहांगीराबाद कस्बे से प्रतिदिन सैकड़ों यात्रियों का लखनऊ, महमूदाबाद, सीतापुर, दिल्ली, बहराइच, रेउसा व तम्बौर आदि नगरों की ओर आना जाना रहता है जो जहांगीराबाद चौराहे से ही विभिन्न साधनों द्वारा अपने गंतव्य तक जाते हैं। चौराहे पर प्यास लगने पर उन्हें भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। यहां गांव में तीन बैंक शाखाएं भी हैं जहां प्रतिदिन सैकड़ों लोगों का आना जाना रहता है।गांव तथा क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने नल लगवाये जाने की मांग की है। इस सम्बन्ध में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मुनीर अहमद अंसारी ने कहा कि यह समस्या मेरी जानकारी में हैं। जल्द ही पीने के पानी की व्यवस्था सही करायी जायेगी। पन्द्रह दिनों के अन्दर दोनों समस्याओं का समाधान करा दिया जायेगा।

इस बारे में ग्राम विकास अधिकारी शैलेन्द्र कुमार भार्गव ने बताया कि जगह मिलते ही जल्द से जल्द नया नल लगवा कर पेयजल की समस्या का समाधान कर दिया जायेगा। बैंक के सामने वाटर कूलर के बंद होने के सम्बन्ध में बताया कि बोरिंग से बालू आने लगी थी जिससे फिल्टर खराब हो गये हैं। इसके अतिरिक्त बिजली की भी समस्या है। इसलिए अभी तक यह वाटर प्वाइंट शुरू नहीं हो सका है। वहां पर इसे हटवाकर जल्द ही दूसरा इण्डिया मार्का हैंडपंप लगवा दिया जायेगा।

# गौवंश संरक्षण के लिए कड़े कानून की उठी मांग

❒ महामहिम राज्यपाल को संबोधित प्रार्थना पत्र सौंपा गया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पलिया कलां, लखीमपुर खीरी। उत्तर प्रदेश में गौवंश के संरक्षण, संवर्धन और गौ-वध पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने हेतु एक कठोर कानून बनाने की मांग अब तेज होने लगी है। इसी क्रम में गो सम्मान आह्वान अभियान के तहत महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश को संबोधित एक विस्तृत प्रार्थना पत्र स्थानीय प्रशासन के माध्यम से भेजा गया है।

मुख्य मांगें और चिंताएंप्रार्थना पत्र में इस बात पर गहरा दुख व्यक्त किया गया है कि देश में गौवंश की संख्या में निरंतर गिरावट आ रही है। पत्र में साझा किए गए आंकड़ों के अनुसारः घटती संख्या स्वतंत्रता के समय प्रति व्यक्ति 10 गौवंश की उपलब्धता थी, जो अब घटकर प्रति 10 व्यक्तियों पर मात्र 1 गौवंश रह गई है। संकट गौ-तस्करी, अवैध बूचड़खाने और सड़कों पर बढ़ती दुर्घटनाएं गौवंश के लिए गंभीर खतरा बनी हुई हैं। अर्थव्यवस्था पर प्रभाव गौवंश की कमी से न केवल ग्रामीण अर्थव्यवस्था बल्कि भारत की सांस्कृतिक और लोकतांत्रिक जड़ें भी कमजोर हो रही हैं।प्रशासन से समाधान की अपीलअभियान के सदस्यों ने समाधान हेतु निम्नलिखित प्रमुख मांगें शासन के समक्ष रखी हैंः 1. केंद्रीय कानूनःसंविधान के अनुच्छेद 48 में आवश्यक संशोधन कर केंद्रीय गो सेवा एवं संरक्षण अधिनियम' लागू किया जाए। 2. स्वतंत्र मंत्रालयःगौवंश के समर्पित प्रबंधन के लिए एक पृथक 'गौपालन मंत्रालय' की स्थापना की जाए। 3.पूर्ण प्रतिबंध संपूर्ण राष्ट्र में गौ-वध पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाया जाए।सांस्कृतिक महत्व का उल्लेखप्रार्थना पत्र में उत्तर प्रदेश की पावन धरा, भगवान श्री राम और श्रीकृष्ण की कर्मभूमि का उल्लेख करते हुए कहा गया कि भारतीय संस्कृति की कल्पना गौमाता के बिना असंभव है। जीव-दया' और 'वसुधैव कुटुंबकम'के संदेश को आत्मसात करते हुए गौवंश को संवैधानिक और सामाजिक संरक्षण देना समय की मांग है।यह प्रार्थना पत्र पलिया तहसील के माध्यम से प्रेषित किया गया है, जिस पर स्थानीय गौभक्तों और जागरूक नागरिकों का पूर्ण समर्थन प्राप्त है।

# जिला सड़क सुरक्षा समिति : डीएम ने की बैठक, दिए निर्देश

❒ हेलमेट-सीटबेल्ट,ओवरस्पीडिंग पर होगी कड़ी निगरानी, स्कूल वाहनों की फिटनेस पर जीरो टॉलरेंस

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी । सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाएं जाने, यातायात नियमों के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में डीएम अंजनी कुमार सिंह ने जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक ली। बैठक का संयोजन, संचालन पीडब्ल्यूडी निर्माण खंड (तृतीय) के अधिशाषी अभियंता अनिल कुमार यादव और एआरटीओ शांति भूषण पांडे ने संयुक्त रूप से किया।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम ने जिले में घटित दुर्घटनाओ का विश्लेषण करते हुए नए ब्लैक स्पॉट एवं बनरेबल लोकेशन चिन्हित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सड़क सुरक्षा के मद्देनज़र सीटबेल्ट, हेलमेट और ओवर स्पीडिंग की नियमित निगरानी करने पर ज़ोर दिया। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर चालान किए जाएंगे। उन्होंने दो टूक कहा कि स्कूली वाहन मानकों के अनुरूप ही सड़कों पर उतरें, अन्यथा उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।जिले में जहां पर घुमावदार स्थान तथा ब्लाइंड स्पॉट है, वहां से सौ मीटर पूर्व में साइनेज लगाने के दिशा निर्देश दिया। एआरटीओ ने प्रवर्तन, अवैध अतिक्रमण पर की गई कार्यवाहिया बताई।

बैठक में डीएम ने जनपद में घटित दुर्घटनाओं का विश्लेषण, दुर्घटना संभावित क्षेत्रों (वनरेबल लोकेशन), स्कूली वाहनों के मानकों अनुरूप होने पर ही संचालन, सड़क सुरक्षा की दृष्टि से विभिन्न विभागों द्वारा सड़कों की मरम्मत/गड्ढामुक्ति, कास ड्रेनेज वर्क (पुल, पलिया, रपटा आदि) एवं तटबंध की सड़कों की सुरक्षा संबंधी कार्यवाही, विभिन्न चीनी मिलों पर वाहन प्रबन्धन की चर्चा, सकरे/जर्जर सेतुओं के संबंध में चर्चा, शहरी क्षेत्र में चौराहे/तिराहों पर स्थाई एवं अस्थाई अतिक्रमण एवं रोड साइड सुधार, सड़क सुरक्षा, एवं राहवीर योजना के प्रचार-प्रसार एवं जागरूकता से संबंधित कार्यक्रमों की योजना पर विस्तृत चर्चा हुई।

बैठक में एएसपी पवन गौतम, एसडीएम, एआरटीओ शांति भूषण पांडे, ईई पीडब्ल्यूडी अनिल कुमार यादव, तरुणेन्द्र त्रिपाठी, एआरएम रोडवेज लखीमपुर/गोला, जिला विद्यालय निरीक्षक, बीएसए, शुगर मिल के प्रतिनिधि, सहित जिला सड़क सुरक्षा समिति के सम्मानित सदस्य मौजूद रहे।

# भीषण गर्मी में गौसेवा की अनोखी मिसाल, गौशाला में शरबत पिलाकर दिया राहत का संदेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मिश्रिख, सीतापुर। चिलचिलाती धूप और लगातार बढ़ते तापमान के बीच जहां आमजन बेहाल हैं, वहीं बेजुबान पशुओं की पीड़ा को समझते हुए वर्मी स्थित कामधेनु गौ आश्रय केंद्र में एक सराहनीय और मानवीय पहल देखने को मिली। ग्राम प्रधान एवं प्रधान प्रतिनिधि के नेतृत्व में गौशाला में रह रही गायों के लिए शरबत पिलाने की विशेष व्यवस्था की गई, जिससे उन्हें भीषण गर्मी से राहत मिल सके।गौशाला में इस व्यवस्था के तहत नियमित रूप से ठंडे और पौष्टिक शरबत की आपूर्ति की जा रही है, ताकि गायों के शरीर में पानी की कमी न हो और वह लू के प्रकोप से सुरक्षित रह सकें। इसके साथ ही गौशाला परिसर में साफ-सफाई, छायादार स्थान और पर्याप्त पानी की उपलब्धता पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है।इस पहल की जानकारी मिलते ही क्षेत्र में इसकी चर्चा तेज हो गई और स्थानीय लोगों ने ग्राम प्रधान व उनकी टीम की जमकर सराहना की। ग्रामीणों का कहना है कि जिस प्रकार इंसानों के लिए गर्मी में राहत के उपाय किए जाते हैं, उसी तरह पशुओं के लिए भी इस तरह की संवेदनशील पहल समाज के लिए एक प्रेरणा है।प्रधान प्रतिनिधि अमित कश्यप ने बताया कि ल्भीषण गर्मी को देखते हुए गौ माता की सेवा करना हमारा कर्तव्य है। इसी भावना के साथ गौशाला में शरबत पिलाने की व्यवस्था की गई है, ताकि उन्हें गर्मी से राहत मिल सके। आगे भी पशुओं की देखभाल के लिए हर संभव कदम उठाए जाएंगे।ङ्कउन्होंने यह भी बताया कि गौशाला में समय-समय पर पशु चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण भी कराया जाता है, जिससे गायों की सेहत बेहतर बनी रहे। इस पहल से न केवल पशु प्रेमियों में खुशी है, बल्कि यह संदेश भी गया है कि बेजुबान जीवों के प्रति संवेदनशीलता ही सच्ची सेवा है।

## बिसवां बार एसोसिएशन ने हर्षोल्लास से मनाया एडवोकेट प्रदीप कुमार सिंह का जन्मदिन



**बिसवां, सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बिसवां बार एसोसिएशन, बिसवां के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने अपने संरक्षक, मार्गदर्शक व प्रेरणास्रोत निवर्तमान सह-अध्यक्ष,राज्य विधिक परिषद उत्तर प्रदेश एवं सदस्य,बार कौंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश का जन्मदिन हर्षोल्लास और आत्मीयता के साथ मनाया।बिसवां बार एसोसिएशन बिसवा के सचिव एडवोकेट नीरज कुमार श्रीवास्तव,वरिष्ठ उपाध्यक्ष एडवोकेट संतोष कठेरिया, एडवोकेट उपाध्यक्ष इंतिखाब आलम सिद्दीकी,कोषाध्यक्ष एडवोकेट अनमोल कन्हैया, वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य एडवोकेट प्रवीण यादव,कनिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य एडवोकेट मोहित सैनी सहित, हाई कोर्ट की वरिष्ठ अधिवक्ता अमृता सिंह,एडवोकेट शुभी सोनी सिंह अनेक अधिवक्तागण उपस्थित रहे। बिसवां बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों उपस्थिति में एडवोकेट प्रदीप कुमार सिंह ने केक काटा,बार संघ बिसवां के पदाधिकारियों ने एडवोकेट प्रदीप कुमार सिंह को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए और उनके दीर्घायु, स्वस्थ एवं सफल जीवन की कामना की। अधिवक्ताओं ने कहा कि एडवोकेट प्रदीप कुमार सिंह का मार्गदर्शन सदैव अधिवक्ता समाज के लिए प्रेरणादायक रहा है।उनके स्नेह,सहयोग और नेतृत्व से अधिवक्ता समाज को निरंतर ऊर्ज़ा और दिशा मिलती रही है। अधिवक्ताओं ने कहा कि इस आत्मीय आयोजन ने बार एसोसिएशन के बीच आपसी एकता,सम्मान और सौहार्द का संदेश भी दिया।

## प्राकृतिक खेती और संतुलित उर्वरकों के प्रयोग से बढ़ेगी किसानों की खुशहाली



**सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जनपद के विकास खण्ड बिसवां के ग्राम कटिया में किसानों की आय में वृद्धि और मृदा स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के उद्देश्य से एक विशेष कृषि प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को रसायनों के अंधाधुंध प्रयोग से होने वाले नुकसान के प्रति सचेत करते हुए प्राकृतिक खेती की बारीकियों से अवगत कराया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ. दया शंकर श्रीवास्तव ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि, ''वर्तमान समय की मांग है कि किसान अपनी खेती की लागत को कम करने के लिए स्थानीय संसाधनों का उपयोग करें। संस्थान का मुख्य उद्देश्य नई तकनीकों और वैज्ञानिक अनुसंधान को सीधे किसानों के खेतों तक पहुँचाना है ताकि खेती एक लाभप्रद व्यवसाय बन सके।''कार्यक्रम के मुख्य वक्ता पशुपालन वैज्ञानिक डॉ. आनन्द सिंह ने प्राकृतिक खेती के प्रमुख स्तंभों– बीजामृत, जीवामृत और घनजीवामृत–के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बीजामृत बीज शोधन के लिए सर्वश्रेष्ठ है, वहीं जीवामृत मिट्टी में सूक्ष्मजीवों की सक्रियता बढ़ाकर उसे उपजाऊ बनाता है। डॉ. सिंह ने किसानों से अपील की कि वे पारंपरिक रासायनिक पद्धतियों को त्यागकर पर्यावरण के अनुकूल और टिकाऊ कृषि अपनाएं, ताकि न केवल फसल की गुणवत्ता सुधरे, बल्कि मिट्टी का स्वास्थ्य भी लंबे समय तक बना रहे।मृदा वैज्ञानिक डॉ. सचिन प्रताप तोमर ने संतुलित उर्वरक प्रबंधन पर चर्चा करते हुए मिट्टी की जांच (ढ्ढद्वद्य ढ्ढद्गपद्धद्बद्द) की महत्ता समझाई। उन्होंने किसानों को रासायनिक उर्वरकों के साथ-साथ अन्य जैव उर्वरकों और जैविक खादों के संतुलित प्रयोग हेतु प्रेरित किया। प्रक्षेत्र प्रबंधक डॉ. योगेन्द्र प्रताप सिंह ने प्रक्षेत्र प्रबंधन (क्ष्न्द्ध ख्ल्थद्वथद्दद्गद्बद्गद्ध) पर अपना व्याख्यान देते हुए कहा कि, ''एक सफल किसान वही है जो अपने प्रक्षेत्र का प्रबंधन वैज्ञानिक ढंग से करे। उन्नत बीजों का चयन, समय पर बुवाई और संसाधनों का सही नियोजन ही बंपर पैदावार की कुंजी है। किसानों को आधुनिक कृषि यंत्रों और सटीक प्रबंधन तकनीकों को अपनाना चाहिए।''किसानों के साथ सीधा संवादः इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 48 प्रगतिशील किसानों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के दौरान प्रमोद कुमार, सुरेश, रमेश, राजाराम और मनोज सहित अन्य कृषकों ने वैज्ञानिकों से अपनी खेती और फसलों से जुड़ी समस्याओं पर सीधा संवाद किया और उनके वैज्ञानिक समाधान प्राप्त किए। विशेषज्ञों ने किसानों को विभागीय योजनाओं का लाभ उठाने और वैज्ञानिक खेती को अपनाने हेतु प्रोत्साहित किया।

## दो पक्षों में मारपीट, पथराव, फायरिंग, रिपोर्ट दर्ज, चार गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना सिंधौली पुलिस ने दो पक्षों में हुई मारपीट, पथराव और फायरिंग के मामले में दोनों पक्षों के चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से पुलिस ने तमंचा, कारतूस भी बरामद किया है।सोमवार को थाना सिंधौली क्षेत्र के गांव पनवाड़ी निवासी मुनेन्द्र मिश्रा और प्रभाकर शुक्ला उर्फ गुड्डू के बीच विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर दोनों पक्षों के लोग लाठी-डंडो और तमंचे से लैस होकर आमने-सामने आ गए, दोनों पक्षों में लाठी-डंडे चले, पथराव हुआ और फायरिंग की गई। इस मामले में मुनेन्द्र मिश्रा की तहरीर पर वरुण शुक्ला आदि 10 लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई। जबकि दूसरे पक्ष के प्रभाकर शुक्ल उर्फ गुड्डू की तहरीर पर शुभम मिश्रा समेत 06 लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की गई। इसी क्रम में पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर नामजद अभियुक्त पवन शुक्ला और आशीष शुक्ला को घटना में प्रयुक्त अवैध तमंचा, कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। जबकि दूसरे पक्ष के शुभम मिश्रा और शैलेन्द्र कुमार मिश्रा को गिरफ्तार किया।

# पलिया के व्यापारी को सकुशल बरामद करने वाली पुलिस टीम को भाजपा नेता ने किया सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पलिया खीरी। पटिहन रोड निवासी प्रॉपर्टी डीलर सौरभ महेश्वरी अपने घर से सवेरे 7:00 बजे मंदिर जाने के लिए निकले थे उसके बाद अचानक उनका फोन स्विच ऑफ हो गया और वह अचानक लापता हो गए काफी इंतजार करने के बाद जब उनके परिजनों को कोई सुराग नहीं लगा तो परिजनों में बहुत ही चिंता और मायूसी छा गई।

परिजनों ने तुरंत पलिया पुलिस को जानकारी दी जिसके बाद पलिया कोतवाली के निरीक्षक पंकज त्रिपाठी अपनी पूरी टीम के साथ तत्परता से लग गए सर्विलांस सेल एक्टिव हो गया! काफी मसक्कत के बाद परिणाम स्वरुप रात्रि 9:00 बजे व्यापारी सौरभ महेश्वरी की लोकेशन बरेली मिली! जिस पर एक टीम पुलिस की बरेली रवाना हुई और सौरभ महेश्वरी को सकुशल वहां से बरामद कर पलिया लेकर आए जहां सौरव महेश्वरी को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया! आज भाजपा नेता रवि गुप्ता सौरभ महेश्वरी के परिजनों को साथ लेकर पलिया कोतवाली पहुंचे! जहां पर कोतवाल पंकज त्रिपाठी एवं उनकी पूरी टीम को अंग वस्त्र ओढ़ाकर भागवत गीता प्रदान कर भाजपा नेता रवि गुप्ता ने पलिया क्षेत्र की सम्मानित जनता की ओर से सम्मानित कर सराहनीय कार्य के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद दिया! भाजपा नेता रवि गुप्ता ने कहा की पलिया विधानसभा क्षेत्र में शानदार एवं सराहनीय करने वाले प्रत्येक व्यक्ति को वह उचित मंच पर सदैव सम्मानित करते रहेंगे!

# जिला उद्योग बंधु : उद्यमियों की समस्याओं का समय से कराएं निस्तारण : डीएम

❒ डीएम बोले, उद्यमियों की समस्याओं का निस्तारण शासन की शीर्ष प्राथमिकता

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीर। जिले के उद्यमियों एवं व्यापारियों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से अटल सभागार में डीएम अंजनी कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला उद्योग बन्धु की बैठक हुई।

बैठक के दौरान डीएम ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि उद्यमियों, व्यापारियों, निर्यातकों की जायज समस्याओं का समयबद्धता एवं गुणवत्तापरक निस्तारण कराया जाए। ताकि जनपद में औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा मिल सके। डीएम ने कहा कि उद्यमियों की समस्याओं का निस्तारण करना शासन की शीर्ष प्राथमिकता है। समस्याओं के तत्परतापूर्वक निदान से उद्यमियों में प्रशासन के प्रति विश्वास बढ़ता है। व्यापारियों द्वारा उठाई समस्याओं के निदान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उद्यमियों के लिए हमारा कार्यालय हमेशा खुला है। उद्यमी सीधे उनसे सम्पर्क कर अथवा दूरभाष के द्वारा अपनी समस्याओं से अवगत करा सकते है। डीएम ने निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित आवेदनों के संदर्भ में संबंधित विभागों से पूछताछ कर कारण जाना,जल्द ही निस्तारण के निर्देश दिए। उद्यमी अपनी समस्या के संबंध में प्रशासन को जानकारी देकर निदान करा सकते हैं। सीडीओ अभिषेक कुमार ने बैठक की आवश्यकता व प्रासंगिकता पर अपने विचार व्यक्त करते हुए व्यापारियों की ओर से उठाई समस्याओं के निस्तारण के लिए संबंधित विभागों को निर्देशित किया। बैठक में व्यापारियों ने शहर के इंडस्ट्रियल लाइन में ट्रिपिंग और ग्रामीण क्षेत्रों में 18 घंटे निर्बाध विद्युत आपूर्ति न मिलने की समस्या उठाई। इस पर डीएम ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए।बैठक में निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित आवेदन पत्रों, विभाग द्वारा संचालित पीएम रोजगार सृजन कार्यक्रम, एमवाईएसवाई, ओडीओपी वित्तपोषण सहित रोजगारपरक योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। उपायुक्त (उद्योग) रूपेश कुमार आनंद ने गत बैठक में हुए निर्णयों के अनुपालन और जनपद में निवेश की स्थिति की जानकारी दी।

## सीएम युवा योजना में खीरी पांचवें स्थान पर, युवा फ़ेलो सम्मानित

जिला उद्योग बंधु की बैठक में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान में उत्कृष्ट कार्य के लिए युवा फ़ेलो आराध्य शुक्ला व शिवांशु श्रीवास्तव को डीएम अंजनी कुमार सिंह और सीडीओ अभिषेक कुमार ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। दोनों के योगदान से वित्तीय वर्ष 2025-26 में जनपद खीरी ने प्रदेश में पांचवां स्थान हासिल किया।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सीबीएसई एवं आईसीएसई से सम्बद्ध निजी विद्यालयों में शुल्क वृद्धि को लेकर बैठक

❒ एनसीईआरटी की पुस्तकें संचालित होने तथा विद्यालयों में नामांकन अभियान के संबंध में जिलाधिकारी ने दिये कड़े निर्देश



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सम्भल, बहजोई। कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में सीबीएसई एवं आईसीएसई से सम्बद्ध निजी विद्यालयों में शुल्क वृद्धि, एनसीईआरटी की पुस्तकें संचालित होने तथा विद्यालयों में नामांकन अभियान के संबंध में सीबीएसई एवं आईसीएसई से संबंद्ध निजी विद्यालयों के प्रधानाचार्यों के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के अन्तर्गत शुल्क वृद्धि को लेकर चर्चा की गयी।

बैठक में जिन विद्यालयों द्वारा निर्धारित शुल्क से अधिक तथा बिना जिला शुल्क नियामक समिति से अनुमोदन प्राप्त किये शुल्क लिया गया था उनको प्रत्यावेदन देने का समय दिया गया था। प्रत्यावेदन के निस्तारण के बाद 15 विद्यालय अधिक शुल्क लेने के दोषी पाए गए। जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित करते हुए कहा कि इन 15 विद्यालयों से संबंधित शुल्क का विवरण आज ही संबंधित प्रधानाचार्यों को प्राप्त करा दिया जाए तथा इनका पक्ष आज ही लेकर आज ही पत्रावली जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत की जाए।

एनसीईआरटी की पुस्तकों के संचालन को लेकर बैठक में चर्चा की गई तथा बैठक में इस पर चर्चा की गई की कक्षा नर्सरी से कक्षा 8 तक निजी प्रकाशकों की महंगी पुस्तकें विद्यालयों में चलाए जाने की शिकायतें प्राप्त हो रही हैं जिसको लेकर जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि इन पर नियंत्रण लगाना सुनिश्चित करें।

बैठक के अंतर्गत विद्यालयों में नामांकन अभियान को लेकर भी चर्चा की गई जिसमें कक्षा 8 उत्तीर्ण एवं कक्षा 10 उत्तीर्ण छात्र एवं छात्राओं के शत प्रतिशत प्रवेश को लेकर आवश्यक दिशा निर्देशित करते हुए कहा कि कक्षा 8 उत्तीर्ण एवं कक्षा 10 उत्तीर्ण छात्र एवं छात्राओं का शत प्रतिशत प्रवेश कक्षा 9 एवं कक्षा 11 में कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी तथा समस्त प्रधानाचार्य को निर्देशित करते हुए कहा कि एक अभियान चलाते हुए नामांकन के कार्य को पूर्ण किया जाए।

मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि सांस्कृतिक मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा ज्ञान भारतम मिशन के अन्तर्गत भारत की प्राचीन ज्ञान परम्परा, पांडुलिपियों और सांस्कृतिक धरोहरों को संरक्षित डिजिटल रुप में सुरक्षित और आम लोगों तक पहुँचाने के लिए शुरू किया गया है। उन्होंने इसके उद्देश्य तथा कार्यों के विषय में भी जानकारी दी। उन्होंने ज्ञान भारतम पोर्टल के विषय में भी बताया। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति के पास पाण्डुलिपि हो तो उसके विषय में बताएं ताकि उसको ज्ञान भारतम मिशन से जोड़ा जा सके। जिलाधिकारी ने समस्त संबंधित प्रधानाचार्य को निर्देशित करते हुए कहा कि ऐसे बच्चे जो आपके विद्यालयों में पढ़ें हैं तथा उन्होंने आगे आपके विद्यालय या अन्य किसी विद्यालय में अपना पंजीकरण नहीं कराया है उनकी सूची जिला विद्यालय कार्यालय को उपलब्ध कराएं ताकि ऐसे बच्चे ड्रॉप आउट से बच सकें। जिलाधिकारी ने ज्ञान भारतम मिशन के विषय में जानकारी देते हुए कहा कि यह मिशन मा. प्रधानमंत्री जी का मिशन है।उन्होंने कहा कि यह मिशन मुख्य रूप से पुरानी पाण्डुलिपियों,ग्रन्थों और पारम्परिक ज्ञान को खोजने, संरक्षित करने तथा डिजिटल प्लेटफार्म पर उपलब्ध कराने पर केन्द्रित है ताकि आने वाली पीढ़ियां भी इस ज्ञान का लाभ उठा सकें। उन्होंने कहा कि अगर किसी व्यक्ति के पास पुराने रिकॉर्ड,संस्मरण, डायरी, यात्रा वृतांत आदि हों वह उनके विषय में जानकारी दें ज्ञान भारतम मिशन के अन्तर्गत आप अपनी धरोहर को आगे बढ़ा सकते हैं। जिलाधिकारी ने जनगणना 2027 के अंतर्गत स्व-गणना के विषय में बताते हुए कहा कि स्व-गणना का कार्य 07 मई2026 से 21 मई 2027 तक चलेगा यह एक नयी सुविधा है, जिसमें लोग गणना कर्मी के आने से पहले ही अपनी जनगणना की जानकारी खुद ऑनलाइन भर सकते हैं। जिलाधिकारी ने 29 अप्रैल को होने वाले गंगा एक्सप्रेसवे उद्घाटन को लेकर भी जानकारी दी और उन्होंने कहा कि गंगा एक्सप्रेसवे का दिनांक 29 अप्रैल को मा. प्रधानमंत्री जी के द्वारा जनपद हरदोई से उद्घाटन किया जाएगा।

# दंपती से 8.5 लाख की लूट के मामले में एसओ चौकी प्रभारी व हल्का इंचार्ज लाइन हाजिर

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बदायूं। फैजगंज बेहटा थाना क्षेत्र में दंपती से हुई 8.5 लाख रुपये की लूट के मामले ने तूल पकड़ लिया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी सिटी अभिषेक सिंह सोमवार को स्वयं फैजगंज बेहटा थाने पहुंचे और पूरे प्रकरण की गहन जांच की। उन्होंने पीड़ित दंपती और संबंधित पुलिसकर्मियों के बयान दर्ज करने के साथ ही घटनास्थल का भी निरीक्षण किया। एसपी सिटी की जांच में पुलिस कर्मियों की लापरवाही सामने आने पर तेजतर्रार एसएसपी अंकिता शर्मा ने एसओ, चौकी प्रभारी व हल्का प्रभारी को लाइन हाजिर कर दिया है। वहीं, इनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई भी की जाएगी। जांच में सामने आया कि पीड़ित से एक बाइक पर सवार दो बदमाशों ने लूट की है। इस पर पीड़ित की तहरीर पर दो अज्ञात बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज कर पुलिस उनकी तलाश में जुट गई है। 19 अप्रैल की रात दुदुपुर गांव निवासी बबली और उनकी पत्नी गुलजार से बदमाशों ने नकदी व जेवरात लूट लिए थे। पीड़ितों के अनुसार, कुल मिलाकर लगभग 8.5 लाख रुपये का सामान लूटा गया था। घटना के बाद पीड़ितों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी थी। आरोप है कि थाना पुलिस ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया और करीब छह दिनों तक पीड़ितों को टरकाती रही। इतना ही नहीं, पुलिस ने इस लूट की जानकारी उच्च अधिकारियों तक भी नहीं पहुंचाई। पीड़ितों का कहना है कि इस दौरान उनकी आसफपुर चौकी इंचार्ज रामकुमार और इंस्पेक्टर से फोन पर बातचीत हुई, जिसमें पुलिस खुद इस घटना को लूट मानते हुए बदमाशों की तलाश की बात कह रही थी। वहीं मामले ने उस समय नया मोड़ लिया जब पीड़ित का एक वीडियो सामने आया। आरोप है कि पुलिस ने अपनी लापरवाही छिपाने और अधिकारियों को गुमराह करने के लिए पीड़ित के खिलाफ 11 लाख रुपये के गबन की जांच का हवाला दिया। हालांकि, पुलिस ने पीड़ित को झूठा बताने के बावजूद उसके खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। वहीं मामले की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी ने इसकी जांच एसपी सिटी को दी थी। जांच के लिए पहुंचे एसपी सिटी अभिषेक सिंह ने सभी पहलुओं की पड़ताल कर विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर एसएसपी अंकिता शर्मा को सौंप दी। जांच में प्रथम दृष्टया पुलिस की लापरवाही सामने आने के बाद एसएसपी ने सख्त कदम उठाते हुए थाना प्रभारी मनोज कुमार वर्मा, चौकी प्रभारी आसफपुर रामकुमार और हल्का प्रभारी कविराज को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया।

# फसल उत्पादन तकनीक व रासायनिक उर्वरकों की खपत को कम करने पर की चर्चा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बदायूं। बी पैक्स खुनक के सदस्यों के आवाहन पर जनपद के ग्राम खुनक में किसान सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मक्का की फसल का अच्छा उत्पादन लेने की फसल तकनीक एवं रासायनिक उर्वरकों की खपत को कम करने पर चर्चा की गयी।

क्षेत्र प्रबंधक इफको बदायूँ जितेन्द्र कुमार ने जनपद के किसानों का रासयनिक उर्वरकों की खपत कम कर नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी का इस्तेमाल बड़ाने हेतु किसानों का धन्यवाद किया। उन्होने जानकारी दी कि 30-60 दिन की मक्का की फसल में इफको की नैनो यूरिया-500 मिली, इफको सागारिका-500 मिली एवं नैनो जिंक 100 मिली का प्रतिएकड़ की दर से सम्मिलित इस्तेमाल करने से यूरिया के मिट्टी पर पड़ रहे दुष्प्रभावों को काफी हद तक कम किया जा सकता है एवं फसल भी स्वस्थ होती है।जायद की फसलों जैसे मक्का,मेंथा एवं मूंगफली की फसल में यूरिया की तुलना में नैनो यूरिया, नैनो डीएपी एवं सागारिका अधिक कारगर है। जनपद के कई प्रगतिशील किसानों ने मक्का एवं मेंथा की फसल में आधुनिक तकनीक से विकसित इफको नैनो यूरिया, नैनो डीएपी एवं सागारिका के प्रयोग से कम यूरिया डीएपी डालकर अच्छा उत्पादन लिया है। मक्का के पत्ते काफी चौडे होत्ते हैं अतः स्प्रे वाली खादों जैसे नैनो यूरिया, नैनो जिंक एवं इफको सागारिका के 35-50 दिन की फसल में स्प्रे से यूरिया की तुलना में अच्छी बड़वार होती है। स्प्रे के लिये नैनो यूरिया 5 मिली प्रति लि0, नैनो डीएपी 3-5 मिली प्रतिली0, सागारिका 5 मिली प्रति ली के प्रयोग से फसल की शानदार बड़वार होती है। पानी के साथ यूरिया घोलकर डालने से लाभदायक केंचुआ खेत में सक्रिय नही रहते हैं फलस्वरूप अधिक खाद डालनी पड़ती है।कार्यक्रम में किसान राजेश कुमार सक्सेना, अब्बास अली, मुस्लिम अली, मुनीफ एवं प्रेमपाल सहित 65 किसानों ने चर्चा में सक्रिय रूप से भाग लिया।

# महराजगंज नगर पंचायत में नवनामित सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

❒ नव-नामित सदस्यों से विकास की उम्मीदें, उप जिलाधिकारी ने तीनों नामित सभासदों को दिलाई पद एवं गोपनीयता की शपथ



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

रायबरेली। महराजगंज, 28 अप्रैल 2026 नगर पंचायत महराजगंज में मंगलवार को एक गरिमामय शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें उत्तर प्रदेश की राज्यपाल द्वारा नामित सदस्यों ने विधिवत पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। समारोह में प्रशासनिक अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष महत्व प्रदान किया।

कार्यक्रम में उप जिलाधिकारी गौतम सिंह, तथा पूर्व विधायक राम लाल अकेला सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी अतिथियों ने नव-नामित सदस्यों का उत्साहवर्धन किया और उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की।इस अवसर पर विजय धीमान, सूर्य प्रकाश वर्मा और अनुपमा पाण्डेय ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ग्रहण की। उप जिलाधिकारी गौतम सिंह ने सभी नव-नामित सभासदों को फूल-माला पहनाकर उनका स्वागत किया और उन्हें जनसेवा के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा दी।समारोह पूरे उत्साह और गरिमा के साथ सम्पन्न हुआ। स्थानीय नागरिकों ने उम्मीद जताई कि नव-नामित सदस्य नगर के विकास, स्वच्छता, बुनियादी सुविधाओं और जनकल्याण के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाएंगे, जिससे महराजगंज नगर पंचायत को नई दिशा और गति मिलेगी। इस मौके पर पूर्व विधायक रामलाल अकेला, मंडल अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव, अधिशासी अधिकारी राम आशीष वर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष सरला साहू, चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू, भाजपा नेत्री सुधा अवस्थी, पूर्व सभासद शिवम तिवारी, सभासद नूरुल हसन, मुस्ताक अहमद, रामकुमार यादव, धर्मेंद्र वर्मा, विनीत वैश्य, सभासद प्रतिनिधि दिनेश त्यागी, वरिष्ठ भाजपा नेता विद्यासागर अवस्थी, सभासद कमलेश कुमार सहित सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री के सलाहकार ने किया निर्माणाधीन महिला पीएसी बटालियन के कार्यों का निरीक्षण

**बदायूं, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी ने जिलाधिकारी व अन्य संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ तहसील दातागंज के सैजनी में निर्माणाधीन महिला पीएसी बटालियन के कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारी एवं कार्यदायी संस्था के अभियंताओं व अधिकारियों के साथ बैठक कर गुणवत्ता के साथ कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को दिए।जनपद के पूर्व जिलाधिकारी रहे व वर्तमान में मा0 मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी ने निरीक्षण के दौरान पाया कि महिला पीएसी बटालियन के अनावासीय भवनो का निर्माण का कार्य पूर्ण हो चुका है तथा आवासीय भवनों का निर्माण कार्य जारी है। उन्होंने वहां नक्शे का अवलोकन कर अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए।जिलाधिकारी अवनीश राय ने बताया कि अनावासीय भवनों के निर्माण कार्यों की कुल लागत 112.31 करोड रुपए है तथा आवासीय भवनों की कुल लागत 300.47 करोड रुपए है, जिसका 68 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है और शेष कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। जुलाई 2026 तक कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश पूर्व में कार्यदायी संस्था को दिए जा चुके हैं। इस अवसर पर संबंधित विभागीय अधिकारी व कार्यदायी संस्था के अधिकारी मौजूद रहे।

## उच्च न्यायालयों के निर्णयों के हिंदी अनुवाद आधिकारिक वेबसाइट पर रहेंगे उपलब्ध

**बदायूं, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बदायूं के सचिव द्वारा अवगत कराया गया है कि माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के निर्देशानुसार न्यायालयों द्वारा पारित महत्वपूर्ण निर्णयों के हिंदी अनुवाद को आमजन तक पहुंचाने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। इस संबंध में प्राप्त पत्र के अनुसार दिनांक 17 मार्च 2026 से उच्च न्यायालय के गैर-एएफआर अंतिम निर्णयों एवं आदेशों, जो तीन पृष्ठ या उससे अधिक के हैं, का हिंदी में अनुवाद कराने की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। यह पहल न्यायालय की स्थापना के ऐतिहासिक संदर्भ को ध्यान में रखते हुए की गई है, ताकि आम जनता, विशेषकर हिंदी भाषी नागरिक, न्यायिक निर्णयों को आसानी से समझ सकें। अनुवादित निर्णय इलाहाबाद एवं लखनऊ स्थित संबंधित अनुवाद प्रकोष्ठों द्वारा तैयार किए जाएंगे तथा इन्हें डिजिटल माध्यम से न्यायालय की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध कराया जाएगा। दिशा-निर्देशों के क्रम में यह भी कहा गया है कि इस महत्वपूर्ण जानकारी का व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जाए, जिससे विधि क्षेत्र से जुड़े व्यक्तियों, अधिवक्ताओं, न्यायिक अधिकारियों एवं आम नागरिकों में जागरूकता बढ़े। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने सभी संबंधित विभागों, संगठनों एवं आमजन से अपील की है कि वे इस जानकारी को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने में सहयोग करें, ताकि न्याय तक सरल एवं सुलभ पहुंच सुनिश्चित हो सके और न्यायिक प्रक्रिया में पारदर्शिता को बढ़ावा मिले।

## थाना अलापुर पुलिस की मिली भगत से, जमकर हो रहा हरे-भरे पेड़ों का कटान



**बदायूं, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना अलापुर क्षेत्र में स्थानीय पुलिस की मिला भगत के कारण रोज रात को हरे-भरे पेड़ों जो की प्रतिबंध उनका कटान जमकर हो रहा है। आपको बता दें कि पूरा मामला थाना अलापुर क्षेत्र के ग्राम चितौरा से सामने आया है, जहां रात-रात भर हरे-भरे प्रतिबंध पेड़ आम,नीम,बबुल सभी तरह के प्रतिबंध पेड़ों का कटान हो रहा है। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि शाम होते ही लकड़ी माफिया सक्रिय हो जाते है, पूरी-पूरी रात मशीन चलाते हैं, और हरे भरे पेड़ों का कटान करते हैं। वहीं एक तरफ योगी सरकार वृक्ष रोपण में करोड़ों रुपए खर्च कर रही है, वहीं दूसरी तरफ उनके ही विभाग के कर्मचारी आदेश का पलीता लगाते नजर आ रहे हैं, वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि लकड़ी माफिया पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही, वही ग्रामीणों में यह भी बताया कि हरे-भरे प्रतिबंध पेड़ों का कटान अगर बंद नहीं हुआ तो डीएम-एसएसपी के दफ्तर पर धरना प्रदर्शन करेंगे। वहीं तहरीर देने के बावजूद भी लकड़ी माफियाओ पर थाना अलापुर पर तैनात लापरवाह एसओ मेहरबान है। वहीं चर्चा यह भी है कि अलापुर थाना एक सफ़ेद पोश नेता चलते हैं, वहीं जिले की तेजतर्रार एसएसपी अंकिता शर्मा इन दोनों लापरवाह पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई कर जिले की कानून व्यवस्था कायम करने में दिन-रात लगी हुई है।

## समय पर नलकूप न लगाना विभाग के अधिकारियों को पड़ा भारी अब होगी उनके वेतन से वसूली

**संभल, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बहजोई ग्राम श्री नगर कनैटा निवासी मोहन लाल ने बर्ष 2018 में अपने खेतों की सिंचाई करने के लिए निर्धारित शुल्क विद्युत विभाग में जमा कर आवेदन किया था परन्तु विभाग के अधिकारियों द्वारा उसे एक निजी नलकूप की किताब भी बना कर दे दी गई परन्तु उसकी न तो लाइन खींची गई और न ही उसे निजी नलकूप चलाने के लिए विद्युत आपूर्ति की गई उसके द्वारा शिकायत करने पर अधिकारियों द्वारा सिर्फ आश्वासन ही दिया जाता रहा तब उसने उपभोक्ता मामलों के विशेषज्ञ अधिवक्ता लवमोहन वार्ष्णेय के द्वारा अपनी शिकायत जिला उपभोक्ता आयोग सम्भल में परिवाद प्रस्तुत कर दर्ज कराई आयोग द्वारा विद्युत विभाग को तलब किया गया तो विभाग द्वारा आयोग को बताया गया कि परिवादी चाहे तो अपने द्वारा जमा की गई धनराशि बापिस विभाग से प्राप्त कर ले या वो कुल धनराशि 68000 रु जमा कर अपना निजी नलकूप लगवा ले इस पर वादी के अधिवक्ता लवमोहन वार्ष्णेय ने कड़ा विरोध दर्ज किया और आयोग को अवगत कराया कि विभाग के द्वारा नियमानुसार निजी नलकूप के कनेक्शन जारी नहीं किए हैं परिवादी के बाद आवेदन करने वाले लोगों के कनेक्शन जारी कर दिए हैं वादी को छः साल से लगातार परेशान किया जा रहा है उसकी फसल सुख जाती हैं उसे आर्थिक हानि और मानसिक कष्ट का सामना करना पड़ रहा हैं सभी अधिकारियों से शिकायत दर्ज कराई जा चुकी हैं परंतु कोई सुनवाई नहीं हुई तब माननीय आयोग में आना पड़ा है आयोग ने दोनों पक्षों को सुना और अपना निर्णय देते हुए विपक्षी पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड को आदेशित किया जाता है कि परिवादी मोहन लाल के मामले में संबंधित अधिशासी अभियंता, उपखण्ड अधिकारी व अवर अभियंता के वेतन से मुबलिग 68000रु की कटौती करके उक्त धनराशि को परिवादी के निजी नलकूप संयोजन स्थापित करके विद्युत आपूर्ति सुचारु रूप से चालू करें।इसके अलावा संबंधित अधिशासी अभियंता, उपखण्ड अधिकारी व अवर अभियंता के वेतन से मुबलिग 200000 ( दो लाख) रु की कटौती करके परिवादी को पिछले 5 वर्षों में हुई फसलों की क्षति की पूर्ति के रूप में तथा 5000 बाद व्यय के मद में भी प्रदान करेंगे। नियत अवधि में आदेश का अनुपालन न करने की दशा में क्षतिपूर्ति की धनराशि पर 9% वार्षिक की दर से ब्याज भी देय होगा।

# एसएसपी की बड़ी कर्रवाई, दुराचार केस में लापरवाही पर तीन पुलिसकर्मी निलंबित

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बरेली। गंभीर आरोपों वाले एक मामले में लापरवाही बरतना तीन पुलिसकर्मियों को भारी पड़ गया। तेजतर्रार एसएसपी ने तत्काल प्रभाव से उपनिरीक्षक रत्नेश कुमार, उपनिरीक्षक सचिन चौधरी और मुख्य आरक्षी प्रवीण कुमार को निलंबित कर उनके खिलाफ विभागीय जांच के आदेश दिए हैं। वहीं प्रकरण थाना सीबीगंज से जुड़ा है, जहां 8 दिसंबर 2023 को एक महिला ने शिकायत दर्ज कराते हुए आरोप लगाया था कि आरोपी ने शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए और बाद में उसे छोड़ दिया। इस मामले में थाना सीबीगंज पर मुकदमा दर्ज किया गया था। जांच के दौरान सामने आया कि उस समय एफआईआर लेखक मुख्य आरक्षी प्रवीण कुमार ने गंभीर आरोपों के बावजूद दुराचार से संबंधित धाराएं नहीं जोड़ीं। वहीं, मामले के विवेचक उपनिरीक्षक रत्नेश कुमार और सचिन चौधरी ने भी जांच के दौरान आवश्यक कानूनी धाराओं का समावेश नहीं किया और विधि सम्मत कार्रवाई में लापरवाही बरती। इस गंभीर कर्तव्यहीनता को देखते हुए तेजतर्रार एसएसपी ने सख्त रुख अपनाते हुए, तीनों पुलिस कर्मियों को निलंबित कर दिया है, और मामले की विभागीय जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस विभाग की इस कार्रवाई को जवाबदेही तय करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। एसएसपी अनुराग आर्य ने बताया कि तीन पुलिसकर्मियों को निलंबित किया गया और विभागीय जांच के आदेश दे दिए गए हैं, जांच के आगे कार्रवाई की जाएगी।

# मुख्यमंत्री के सलाहकार ने किया राजकीय मेडिकल कॉलेज का औचक निरीक्षण

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बदायूं। मुख्यमंत्री उ0प्र0 सरकार के सलाहकार अवनीश कुमार अवस्थी द्वारा मंगलवार को राजकीय मेडिकल कॉलेज बदायूँ का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल की इमरजेंसी सेवाओं सहित विभिन्न विभागों का गहन निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि सभी मरीजों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। विशेष रूप से इमरजेंसी सेवाओं में त्वरित उपचार, आवश्यक दवाओं की सतत उपलब्धता तथा अस्पताल परिसर में स्वच्छता व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। सलाहकार अवनीश कुमार अवस्थी ने संस्थान में पाई गई कमियों के संबंध में कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. अरुण कुमार से विस्तृत चर्चा की तथा आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने संबंधित बिंदुओं पर विस्तृत आख्या जिला विकास अधिकारी को प्रेषित करने के निर्देश भी दिए। प्रधानाचार्य डॉ. अरुण कुमार ने आश्वस्त किया कि निरीक्षण के दौरान दिए गए सभी निर्देशों का तत्काल अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा तथा चिन्हित कमियों को शीघ्र दूर कर आवश्यक रिपोर्ट शासन को प्रेषित की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि मरीजों की सुविधा एवं संतुष्टि संस्थान की सर्वोच्च प्राथमिकता है।इस अवसर पर जिलाधिकारी अवनीश राय, प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक, वरिष्ठ चिकित्सकगण, विभागाध्यक्ष, अन्य प्रशासनिक अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# मेरठ से प्रयागराज तक गंगा एक्सप्रेस-वे बनेगा यूपी की आर्थिक प्रगति की मजबूत आधारशिलाः राजीव कुमार गुप्ता

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




बदायूँ। मेरठ से प्रयागराज तक उत्तर प्रदेश का सबसे लंबा गंगा एक्सप्रेस-वे के लोकार्पण का कार्यक्रम से पूर्व भाजपा कार्यालय पर आयोजित प्रेस वार्ता को जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने मीडिया के बंधुओं से वार्ता की। जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने कहा मेरठ से प्रयागराज तक 594 किलोमीटर लंबे गंगा एक्सप्रेस-वे के लोकार्पण के अवसर पर कल 29 अप्रैल को समय 10:00 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हरदोई से कार्यक्रम को संबोधित करेंगे।

यह परियोजना उत्तर प्रदेश के बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने वाली ऐतिहासिक पहल है, जो प्रदेश को तेज़, सुरक्षित और आधुनिक कनेक्टिविटी प्रदान करते हुए विकास की नई दिशा में अग्रसर करेगी। आगे कहा जनपद बदायूँ में भी घटपुरी इंटरचेंज पर कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जहाँ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उद्बोधन का सजीव प्रसारण किया जाएगा, ताकि जनपदवासी इस ऐतिहासिक क्षण के सहभागी बन सकें।आगे कहा गंगा एक्सप्रेस-वे केवल एक सड़क परियोजना नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश की आर्थिक प्रगति की मजबूत आधारशिला है। यह पश्चिमी उत्तर प्रदेश को पूर्वांचल से जोड़ते हुए व्यापार, निवेश, उद्योग, लॉजिस्टिक्स और कृषि क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन लाने का कार्य करेगा। बदायूँ जनपद के लिए गंगा एक्सप्रेस-वे का विशेष महत्व और प्रभाव गंगा एक्सप्रेस-वे बदायूँ को विकास के नए केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने जा रहा है। जनपद बदायूँ में एक्सप्रेस-वे की कुल लंबाई लगभग 91.67 किलोमीटर है, जो जिले के व्यापक भू-भाग को कवर करती है। यह एक्सप्रेस-वे बिल्सी, बदायूँ, बिसौली एवं दातागंज तहसीलों से होकर गुजरता है, जिससे पूरे जनपद में कनेक्टिविटी का सशक्त नेटवर्क विकसित होगा। परियोजना के अंतर्गत जनपद के लगभग 85 गाँव सीधे रूप से जुड़े हैं, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियों और आधारभूत सुविधाओं का विस्तार होगा।बदायूँ में तीन प्रमुख इंटरचेंज- घटपुरी, बनकोटा (बिसौली) एवं डहरपुर (दातागंज) बनाए गए हैं, जो आवागमन और व्यापारिक गतिविधियों को नई गति देंगे। बिसौली क्षेत्र (बनकोटा इंटरचेंज) इस परियोजना का एक प्रमुख केंद्र बनकर उभरेगा, वे-साइड सुविधाओं के विकसित होने से स्थानीय व्यापार, रोजगार और सेवाओं को विशेष बढ़ावा मिलेगा। एक्सप्रेस-वे के माध्यम से बदायूँ से दिल्ली, मेरठ, प्रयागराज सहित अन्य प्रमुख शहरों तक की दूरी और समय में उल्लेखनीय कमी आएगी। उन्होंने आगे बताया इसके अतिरिक्त, इस परियोजना की आधारशिला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 18 दिसंबर 2021 को शाहजहांपुर से रखी गई थी, और लगभग पांच वर्षों के समय में इसका निर्माण पूर्ण किया गया है, जो सरकार की प्रतिबद्धता और कार्यक्षमता को दर्शाता है। आगे कहा यह एक्सप्रेस-वे केवल आर्थिक ही नहीं, बल्कि धार्मिक और सांस्कृतिक कनेक्टिविटी को भी मजबूत करेगा। इसके माध्यम से गढ़मुक्तेश्वर, कल्कि धाम, बेला देवी धाम, चंद्रिका देवी शक्तिपीठ, शाहजहांपुर स्थित भगवान परशुराम जन्मस्थली (जलालाबाद) तथा प्रयागराज का त्रिवेणी संगम जैसे प्रमुख धार्मिक स्थलों तक पहुंच पहले की तुलना में कहीं अधिक सुगम हो जाएगी। आगे कहा गंगा एक्सप्रेस-वे बदायूं जनपद के लिए केवल यातायात का माध्यम नहीं, बल्कि निवेश, उद्योग, परिवहन और आर्थिक गतिविधियों के नए केंद्र के रूप में उभरने का अवसर है। इससे युवाओं, किसानों और व्यापारियों को प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त होगा। अंत मे कहा यह महत्वाकांक्षी परियोजना डबल इंजन सरकार की दूरदर्शी सोच, मजबूत नेतृत्व और तेज़ी से निर्णय लेने की क्षमता का परिणाम है, जिसके कारण उत्तर प्रदेश में अधोसंरचना विकास अभूतपूर्व गति से आगे बढ़ रहा है। आगे कहा गंगा एक्सप्रेस-वे के प्रारंभ होने के साथ ही बदायूँ जनपद विकास की नई ऊँचाइयों को प्राप्त करेगा और आने वाले समय में यह क्षेत्र निवेश एवं रोजगार का प्रमुख केंद्र बनकर उभरेगा। इस अवसर पर जिला महामंत्री एमपी सिंह राजपूत, जिला महामंत्री शैलेन्द्र मोहन शर्मा, जिला महामंत्री जोगेंद्र सिंह पटेल, जिला उपाध्यक्ष संदीप चौहान, जिला कोषाध्यक्ष अनुभव उपाध्याय आदि मीडिया के बंधु उपस्थित रहे।

## पिता और भाइयों को मिली उम्रकैद की सजा, नाराज महिला टावर पर चढ़ी, दोबारा सुनवाई की मांग

बदायूं। मंगलवार को सदर कोतवाली क्षेत्र में एक महिला टावर पर चढ़ गई। वह अपने भाइयों और पिता को हत्या के मामले में मिली उम्रकैद की सजा से नाराज थी। महिला ने दोबारा सुनवाई की मांग की। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर उसे सुरक्षित नीचे उतारा। आपको बता दें कि पूरा मामला सदर कोतवाली क्षेत्र में मंगलवार को उस समय अफरा तफरी मच गई, जब एक महिला जिला पंचायत आवास के पास लगे टावर पर चढ़ गई। महिला अपने भाइयों और पिता को हत्या के मामले में मिली उम्रकैद की सजा से नाराज बताई गई है। उसने मामले में दोबारा सुनवाई की मांग की। इस बीच मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। जानकारी के अनुसार, टावर पर चढ़ी महिला की पहचान वजीरगंज थाना क्षेत्र के धर्मपुर गांव निवासी रामा के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि उसके भाई सुनील, संजीव और पिता नेत्रपाल को हत्या के एक मामले में अदालत ने उम्रकैद की सजा सुनाई गई है। परिजन मूल रूप से अलापुर थाना क्षेत्र के नवादा गांव के निवासी हैं। वहीं घटना की सूचना मिलते ही सिविल पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंच गई। साथ ही दो थानों की पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने महिला को सुरक्षित नीचे उतारने के लिए समझाने का प्रयास किया। महिला बार-बार अपने परिजनों के मामले में पुनः सुनवाई की मांग कर रही थी। पुलिस के काफी समझाने के बाद महिला नीचे उतरी।

# बिजली कटौती हुई तो होगी कार्रवाई: डीएम

❒ समीक्षा बैठक के दौरान विद्युत सर्किल क्षेत्र मनकापुर की अत्यंत खराब प्रगति पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोंडा। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विद्युत विभाग एवं बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बै ठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य जनपद में विद्युत आपूर्ति, रखरखाव एवं सुधार कार्यों की प्रगति का आकलन करना।




समीक्षा के दौरान विद्युत सर्किल क्षेत्र मनकापुर की अत्यंत खराब प्रगति पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने एक्सईएन विद्युत मनकापुर क मर फारुख को शोकाज नोटिस जारी करने के नि र्देश दिए और कार्यों में तेजी लाने की सख्त हिदा यत दी।जिलाधिकारी ने बैठक में स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक खंडवार हाईटेंशन तारों की स्थिति की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की जाए।इस में यह भी शामिल हो कि कितने लोगों को नोटिस जारी किए गए,कितने स्थानों पर हाईटेंशन तार ह टाए गए,तथा वर्तमान में कितने स्थानों पर तार ह टाने का कार्य प्रगति पर है।इसके अतिरिक्त,उन्हों ने ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि से संबंधित कार्यों की जानकारी भी मांगी और निर्देश दिए कि जहां भी आवश्यकता हो, वहां शीघ्रता से क्षमता बढ़ाई जाए।बैठक में यह भी निर्देशित किया गया कि जनपद के कितने मजरों में विद्युत आपूर्ति कार्य कराया जा रहा है, इसकी अद्यतन रिपोर्ट नियमित रूप से प्रस्तुत की जाए। साथ ही विद्युत विभाग के सभी एसडीओ को अपने-अपने सबस्टेशन पर ही निवास करने के निर्देश दिए गए, ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।जिलाधिकारी ने सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि बिना किसी उचित कारण के विद्युत आपूर्ति में कटौती किए जाने पर संबंधित अधिकारियों के वि रुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।उन्होंने यह भी कहा कि आम जनता को निर्बाध विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।इसके अतिरिक्त, जनपद में प्रथम चरण के अंत र्गत 206 परिषदीय विद्यालयों के ऊपर से गुजर रहे विद्युत तारों को चिन्हित कर हटाने के निर्देश दिए गए थे।विद्युत विभाग द्वारा अब तक 102 विद्यालयों से तार हटाने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है,जबकि शेष विद्यालयों में कार्य प्रगति पर है।जिलाधिकारी ने शेष कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश देते हुए गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखने को कहा।बैठक में जिलाधिका री ने सभी अधिकारियों को समन्वय के साथ कार्य करने और निर्धारित समयसीमा में लक्ष्यों को पूर्ण करने का निर्देश दिया,ताकि जनपद में विद्युत व्यव स्था को सुदृढ़ एवं सुचारू बनाया जा सके।

# दिनदहाड़े असलहे की नोंक पर सर्राफा व्यापारी से लाखों के जेवरात की लूट, इलाके में फैली सनसनी

❒ यह वारदात नारायणपुर माझा रेलवे क्रॉसिंग के पास उस समय हुई। जब व्यापारी अपनी दुकान की ओर जा रहा था

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोंडा। जिले में दिनदहाड़े सर्राफा व्यवसायी से लूट की सनसनीखेज वारदात सामने आई है।कोतवा ली करनैलगंज क्षेत्र में बाइक सवार नकाबपोश बदमाशों ने असलहे के बल पर व्यापारी को निशाना बनाया और लाखों रुपये के सोने-चांदी के आभूषण लूटकर फरार हो गए।

घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। जबकि पुलिस ने मौके पर प हुंचकर जांच शुरू कर दी है। करनैलगंज कोतवाली क्षेत्र में अपराधियों के हौसले बुलंद नजर आए। जहां एक सर्राफा व्यापारी को दिनदहाड़े लूट का शिकार बनाया गया। यह वारदात नारायणपुर माझा रेलवे क्रॉसिंग के पास उस समय हुई। जब व्यापारी अपनी दुकान की ओर जा रहा था। इसी दौरान पह ले से घात लगाए बैठे तीन



नकाबपोश बदमाशों ने उसे रोक लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बदमाश अपाचे बाइक पर सवार थे।उन्होंने व्यापारी को रो कते ही उस पर असलहा तान दिया। अचानक हुए इस हमले से व्यापारी घबरा गया। विरोध करने की स्थिति में नहीं रहा।बदमाशों ने उसके पास मौजूद बैग और जेब की तलाशी लेते हुए सोने-चांदी के आभूषण लूट लिए।अनुमान लगाया जा रहा है कि लूटे गए जेवरात की कीमत करीब डेढ़ से दो लाख रुपये के बीच है।

### लूट की घटना के बाद मिनटों में फरार हुए बदमाश

घटना को अंजाम देने के बाद तीनों बदमाश मौके से तेजी से फरार हो गए।पूरी वारदात कुछ ही मिन टों में अंजाम दी गई।जिससे आसपास के लोग सं भल भी नहीं पाए।घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों में भय का माहौल बन गया।पीड़ित व्यापारी ने तत्काल पु लिस को सूचना दी।सूचना मिलते ही करनैलगंज कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया।पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है।बदमाशों की तलाश के लिए इलाके में नाकेबंदी भी की जा रही है।

### सीसीटीवी से बदमाशों की पहचान कर रही

गोंडा पुलिस का कहना है कि आसपास लगे सीसी टीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।जिससे बदमाशों की पहचान की जा सके।फिलहाल अज्ञा त बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया ग या है।जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार करने का दावा किया जा रहा है।

# पिता की गोद बनी नवजात के जीवन की ढाल

❒ 25 दिन की कंगारू मदर केयर से स्वस्थ हुआ नवजात, कम वजन शिशुओं को चाहिए विशेष देखभाल

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बहराइच । बलहा ब्लॉक के मथुरा गांव में एक पिता ने अपने नवजात बेटे को बचाने के लिए परंपरागत सोच से आगे बढ़कर मिसाल पेश की। पेशे से राजगीर मिस्त्री राजेश ने 25 दिनों तक रोज़ 8द्10 घंटे बच्चे को सीने से लगाकर कंगारू मदर केयर (केएमसी) दीकृऔर वही गोद उसके जीवन की ढाल बन गई।



सीएचसी नानपारा में बीते 30 सितंबर को मात्र 2000 ग्राम वजन के साथ जन्मे शिशु को सांस की समस्या के कारण एसएनसीयू रेफर किया गया, लेकिन परिजन उसे निजी अस्पताल ले गए। चार दिनों में करीब 42 हजार रुपये खर्च हुए, फिर भी अपेक्षित सुधार नहीं हुआ और वजन घटकर 1900 ग्राम रह गया।

घर लौटने पर आशा कार्यकर्ता कमला देवी ने गृह भ्रमण के दौरान परिवार को केएमसी अपनाने की सलाह दी। मां सुनीता को कान दर्द और बुखार होने के कारण पिता राजेश ने यह जिम्मेदारी संभाली और 25 दिनों तक रोज़ 8द्10 घंटे बच्चे को सीने से लगाए रखा। इसका असर यह हुआ कि शिशु का वजन 1900 ग्राम से बढ़कर 2900 ग्राम हो गया। राजेश कहते हैं यह बिना खर्च का आसान और प्रभावी तरीका है, जिसमें सिर्फ समय और लगन की जरूरत होती है। सुनीता बताती हैं कि शुरुआत में उन्हें भरोसा नहीं था, लेकिन सुधार देखकर उनका विश्वास बढ़ा और अब वे अन्य महिलाओं को भी इसके फायदे बता रही हैं।

### कम वजन एक गंभीर चुनौती

एसएनसीयू इंचार्ज डॉ. अली के अनुसार प्रदेश में हर 1000 में से करीब 43 नवजात जीवित नहीं रह पाते, जिनका प्रमुख कारण समय से पहले जन्म और जन्म के समय 2500 ग्राम से कम वजन है। हर साल बड़ी संख्या में ऐसे शिशु जन्म लेते हैं, जिनकी लंबे समय तक अस्पताल में देखभाल संभव नहीं हो पाती। ऐसे में कंगारू मदर केयर एक सशक्त और सरल उपाय बनकर उभरा है जो 90 प्रतिशत तक शिशुओं की स्थिति सुधारने, स्तनपान बढ़ाने और वजन वृद्धि में बेहद प्रभावी है।

### हजारों शिशुओं को मिला जीवन का नया मौका

सीएमओ डॉ. संजय कुमार के अनुसार, जनपद में केएमसी को बढ़ावा देने के लिए सभी सीएचसी में एक-एक बेड आरक्षित किया गया है और सीमित स्टाफ के बावजूद इसे सक्रिय रखने के प्रयास जारी हैं। साथ ही जिले के एसएनसीयू में 17-बेड का केएमसी वॉर्ड स्थापित है, जहां माताओं को इसकी प्रक्रिया और स्तनपान के महत्व के बारे में जागरूक किया जाता है। पिछले चार वर्षों में 3500 से अधिक कम वजन और समय से पहले जन्मे शिशुओं को इससे लाभ मिला है।

### क्या है कंगारू मदर केयर

इस विधि में शिशु को टोपी, मोजे और लंगोट पहनाकर मां या परिवार का कोई सदस्य उसे अपने सीने से त्वचा-से-त्वचा संपर्क में रखता है। इससे शिशु को प्राकृतिक गर्माहट, सुरक्षा और पोषण मिलता है। एक बार में कम से कम एक घंटे तक केएमसी देना लाभकारी होता है।

## बैंक में चौपाल लगाकर महिलाओं को किया जागरूक


रायबरेली। उत्तर प्रदेश में योगी सरकार द्वारा महिलाओं की सुरक्षा सम्मान और स्वावलंबन के लिए चलाए जा रहे मिशन शक्ति फ़ेज-5 के तहत अभियान चलाकर एंटी रोमियो टीम बाइक/स्कूटी रैलियों और हेल्पलाइन नंबर 1090, 112 के जरिए महिलाओं को महराजगंज कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत सलेथू गांव स्थित ग्रामीण बैंक में चौपाल लगाकर जागरूक किया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य नारी सशक्तिकरण और साइबर अपराधों से बचाव सुनिश्चित करना है। मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाओं और बालिकाओं को विभिन्न आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों की विस्तृत जानकारी दी गई इनमें 1090 महिला पावर लाइन, 112 पुलिस आपातकालीन 102, 108 एंबुलेंस सेवा 1930 साइबर क्राइम हेल्पलाइन और 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन शामिल थे। उन्हें विषम परिस्थितियों में इन नंबरों का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। पुलिस टीम ने महिलाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से सरकार द्वारा चलाई जा रही कई कल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी बताया। इन योजनाओं में रानी लक्ष्मीबाई, बाल एवं महिला सम्मान कोष, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना और प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना प्रमुख थे महिलाओं को इन योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस मौके पर उपरीक्षक राजवीर सिंह कांस्टेबल उदित राज रिक्रूट कांस्टेबल सोमेश कुमार यादव महिला रिक्रूट कांस्टेबल राधा कुमारी मौजूद रहे।

# आयुक्त सख्त: गोंडा मेडिकल कॉलेज में खराब व्यवस्था पर लगाई फटकार, सुधारने के निर्देश

❒ बाबू ईश्वर शरण अस्पताल में व्यवस्थाओं पर कड़ा रुख, मरीजों की सुविधाओं को प्राथमिकता

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोंडा। मंडलायुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल ने स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय से संबद्ध चिकित्सा लय बाबू ईश्वर शरण अस्पताल का औचक निरीक्ष ण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल में संचालित विभिन्न व्यवस्थाओं का बारीकी से जाय जा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्य क दिशा-निर्देश दिए। आयुक्त ने सबसे पहले इमर जेंसी वार्ड,ओपीडी तथा वार्डों की साफ-सफाई व्यवस्था की जांच की।



इस दौरान उन्होंने मरीजों के बेड पर बिछी चादरों की स्थिति देखी और निर्देश दिया कि सभी मरीजों को स्वच्छ एवं नियमित रूप से बदली जाने वाली चादरें उपलब्ध कराई जाएं।अस्पताल में सभी वार्डों में लगे कूलरों को क्रिया शील करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने अस्पताल परिसर में साफ-सफाई को और बेहतर बनाने पर वि शेष जोर दिया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने वेंटि लेटर मशीनों की स्थिति भी देखी। कुछ वेंटिलेटर खराब पाए जाने पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताई और मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (सीएमएस) को नि र्देश दिया कि खराब पड़े सभी वेंटिलेटर मशीनों व अन्य चिकित्सा उपकरणों को तत्काल ठीक करा या जाए तथा आईसीयू को युद्धस्तर पर पूर्ण रूप से क्रियाशील किया जाए, ताकि गंभीर मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।इसके अलावा उन्होंने मरीजों के लिए शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अ स्पताल में आने वाले प्रत्येक मरीज और उनके ती मारदारों को मूलभूत सुविधाएं आसानी से मिलनी चाहिए। आयुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल ने स्पष्ट कहा कि मरीजों को बेहतर से बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उप लब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है।किसी भी प्र कार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्हों ने अस्पताल प्रशासन को निर्देशित किया कि व्यवस्थाओं में सुधार लाते हुए मरीजों के प्रति संवेदन शीलता के साथ कार्य करें।

# जिले के 08 परीक्षा केन्द्रों पर सम्पन्न होगी नीट-2026 की प्रवेश परीक्षा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बहराइच । राष्ट्रीय परीक्षा एजेन्सी, नई दिल्ली द्वारा आगामी 03 मई 2026 को आयोजित छम्म्ज (न्ळ)-2026 परीक्षा जिले के जिले के 08 शिक्षण संस्थाओं में स्थापित किये गये 08 परीक्षा केन्द्रों पर सम्पन्न होगी जिसमें 3216 परीक्षार्थियों द्वारा प्रतिभाग किया जाना है। परीक्षा की अवधि अपरान्ह 02:00 बजे से सांय 05:00 बजे तक निर्धारित है। परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी द्वारा प्रत्येक परीक्षा केन्द्र हेतु अलग-अलग ज़ोनल, स्टैटिक एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट नामित किये गये है। अपर जिला मजिस्ट्रेट अमित कुमार को नोडल अधिकारी (प्रशासन) की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

यह जानकारी देते हुए डीएम ने बताया कि 384 परिक्षार्थियों के लिए नामित परीक्षा केन्द्र राजकीय इण्टर कालेज के लिए प्रधानाचार्य नागेन्द्र कुमार को केन्द्र व्यवस्थापक, बीडीओ रिसिया को स्टैटिक व एसडीएम पयागपुर को सेक्टर मजिस्ट्रेट नामित किया गया है। इसी प्रकार 360 परिक्षार्थियों के लिए नामित परीक्षा केन्द्र राजकीय बालिका इण्टर कालेज की प्रधानाचार्या मधु यादव को केन्द्र व्यवस्थापक, बीडीओ जरवल को स्टैटिक व एसडीएम महसी को सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा 384 परिक्षार्थियों के लिए नामित परीक्षा केन्द्र आज़ाद इण्टर कालेज के प्रधानाचार्या मनोज कुमार पाण्डय को केन्द्र व्यवस्थापक, बीडीओ पयागपुर को स्टैटिक व एसडीएम मोतीपुर को सेक्टर मजिस्ट्रेट नामित किया गया है। सभी तीनों परीक्षा केन्द्रों के लिए मुख्य राजस्व अधिकारी देवेन्द्र पाल सिंह को ज़ोनल मजिस्ट्रेट बनाया बया है।

इसी प्रकार 408 परिक्षार्थियों के लिए नामित परीक्षा केन्द्र महाराज सिंह इण्टर कालेज के प्रभारी प्रधानाचार्य प्रकाश गुप्ता को केन्द्र व्यवस्थापक, ए.आर. को-आपरेटिव को स्टैटिक व डीपीआरओ को सेक्टर मजिस्ट्रेट, 480 परिक्षार्थियों के लिए नामित परीक्षा केन्द्र महिला महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. प्रिया मुखर्जी को केन्द्र व्यवस्थापक, बीडीओ कैसरगंज को स्टैटिक व एसडीएम न्यायिक नानपारा को सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा 720 परिक्षार्थियों के लिए नामित परीक्षा केन्द्र किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. विनय सक्सेना को केन्द्र व्यवस्थापक, बीडीओ फखरपुर को स्टैटिक व एसडीएम कैसरगंज को सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा तीनों परीक्षा केन्द्रों के नगर मजिस्ट्रेट राजेश प्रसाद को ज़ोनल मजिस्ट्रेट नामित किया गया है।

इसके अलावा 240 परिक्षार्थियों के लिए नामित परीक्षा केन्द्र तारा महिला इण्टर कालेज की प्रधानाचार्या अंजू उपाध्याय को केन्द्र व्यवस्थापक, बीडीओ विशेश्वरगंज को स्टैटिक व एसडीएम न्यायिक कैसरगंज को सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं 240 परिक्षार्थियों के लिए नामित परीक्षा केन्द्र आर्य कन्या इण्टर कालेज की प्रधानाचार्या श्रीमती किरन कुमारी यादव को केन्द्र व्यवस्थापक, बीडीओ महसी को स्टैटिक व एसडीएम नानपारा को सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा जिला विकास अधिकारी को ज़ोनल मजिस्ट्रेट नामित किया गया है। जिला कृषि अधिकारी डॉ. सूबेदार यादव व जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी मो. खालिद को रिज़र्व स्टैटिक मजिस्ट्रेट तथा चकबन्दी अधिकारी राम सजीवन यादव व शहवाज़ मसूद सिद्दीकी को रिज़र्व सेक्टर मजिस्ट्रेट की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# अतिक्रमण हटाने के नाम पर होती है खानापूर्ति

❒ अतिक्रमण अभियान नहीं चलने का एक कारण बड़े अफसरों का अतिक्रमण हटाओ अभियान में दिलचस्पी नहीं लेना है

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोंडा । अतिक्रमण हटाने के लिए चलाया जाने वाला अभियान केवल कुछ टीनशेड और होर्डिग्स की ब लि देकर ही खत्म हो जाता है।कभी पुलिस न मिल ने तो कभी त्योहारों का हवाला देकर प्रशासन अतिक्रमण करने वालों को अभयदान देता आ रहा है प्रशासन चाहे तो अतिक्रमणकारियों से जुर्माना वसूल सकता है, कितु अभी तक ऐसी कोई कार्रवाई नहीं की गई। गोंडा शहरी क्षेत्रों में स्थाई और अस्थाई अतिक्रमण हटवाने का दायित्व नगरपालिका

परिषद का है,कितु इन निकायों के अधिशासी अधिकारियों के पास मजिस्ट्रीयल अधिकार नहीं है। वह बिना सिटी मजिस्ट्रेट और पुलिस के अतिक्रम ण नहीं हटा सकते हैं। अतिक्रमण अभियान नहीं चलने का एक कारण बड़े




अफसरों का अतिक्रमण हटाओ अभियान में दिलचस्पी नहीं लेना है। निकाय अतिक्रमण हटाने के लिए घोषणा तो करती हैं, कितु अफसर ही निर्धारित समय पर नहीं पहुंचते हैं।इसके अलावा कई बार पुलिस बल न मिलने तो कई बार त्योहारों को देखते हुए अतिक्रमण नहीं ह टाया जाता है।अतिक्रमण करने वालों पर पालिका एक हजार रुपये का जुर्माना रोज लगा सकती है, लेकिन प्रावधान ना होने का बहाना बनाकर जुर्माने की कार्रवाई को ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है।य हीं वजह है कि शहरी क्षेत्रों में अतिक्रमण तेजी से बढ़ रहा है।वहीं पालिका प्रशासन

### दोबारा अतिक्रमण करने पर नहीं लगता जुर्माना

कहीं से अगर एक बार अतिक्रमण हटवाया जाता है तो दोबारा अतिक्रमण न करना खुद संबंधित व्य क्ति की जिम्मेदारी होती है। नगर पालिका दोबारा अतिक्रमण करने वालों पर जुर्माना लगा सकती है, लेकिन ऐसा नहीं होता है।एक बार अतिक्रमण हटा ओ अभियान चलाकर एक साल की छुट्टी कर दी जाती है।

भी शहर में केव ल एनाउंसमेंट कराकर खाना पूर्ति करती आ रही है,इसके अलावा नगर पालिका अभियान चलाती भी है, तो सिर्फ टिनशेड और सड़क किनारे खड़ी होर्डिंग्स को हटाकर पल्ला झाड़ लिया जाता है।को ई भी नगर पालिका स्थायी अतिक्रमण हटवाने की कोशिश तक नहीं करती है।वहीं कई बार राजनीति क दबाव में पालिका के अतिक्रमण हटाओ अभि यान की हवा निकल जाती है।

# बोर्ड परीक्षा में चमके राहत जनता इंटर कॉलेज के सितारे, हुआ सम्मान

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

नानपारा, बहराइच। स्थानीय राहत जनता इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने वर्ष 2026 की यूपी बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए एक बार फिर विद्यालय की उत्कृष्ट शैक्षणिक परंपरा को कायम रखा है। परिणाम घोषित होने के साथ ही विद्यालय परिसर में हर्ष का माहौल रहा। विद्यालय की ओर से जारी प्रेस नोट के अनुसार, इंटरमीडिएट वर्ग में बुशरा ने 86.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। हुमा बेगम 84.80 प्रतिशत के साथ द्वितीय, जबकि गुलफशा ने 83.30 प्रतिशत अंक अर्जित कर तृतीय स्थान हासिल किया। इसके अतिरिक्त उम्मे हबीबा 81.80 प्रतिशत, इंशा 81 प्रतिशत, आमना अफसर 80.60 प्रतिशत, मोमिना 80.50 प्रतिशत, सना अंसारी 80.30 प्रतिशत, पूनम 79.90 प्रतिशत तथा सानिया 79.80



प्रतिशत अंकों के साथ सफल रहीं। हाईस्कूल वर्ग में आयशा फातिमा ने 84 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर शीर्ष स्थान प्राप्त किया। रुकैय्या जाबिया 83 प्रतिशत, कुमकुम फातिमा 82 प्रतिशत, अरूबा अख्तर 80 प्रतिशत, लाएबा खान 79 प्रतिशत, शिफा 78 प्रतिशत, निगहत अंसारी 77 प्रतिशत, सायमा खातून 76 प्रतिशत, सना बानो 75 प्रतिशत, इकरा बेगम 75 प्रतिशत तथा रोज प्रवीण ने 75 प्रतिशत अंकों के साथ सफलता प्राप्त की। विद्यालय के प्रधानाचार्य अरुण प्रकाश चौधरी ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता छात्राओ की लगन, अनुशासन और शिक्षकों के सतत मार्गदर्शन का परिणाम है। विद्यालय के प्रबंधक अरशद खान ने भी सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। परीक्षा परिणाम घोषित होने के उपलक्ष्य में विद्यालय में एक समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें मेधावी छात्र-छात्राओं को फूलमाला पहनाकर उनका उत्साहवर्धन किया गया तथा मिठाई खिलाकर खुशी साझा की गई। इस अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय को आकर्षक रूप से सजाया गया था और अभिभावकों व गणमान्य लोगों की उपस्थिति में छात्राओ का उत्साह बढ़ाया गया। विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष हाजी मुस्तफा अली (हाजी गुन्ने) ने कहा कि संस्था का उद्देश्य गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के माध्यम से विद्यार्थियों को सफलता के शिखर तक पहुंचाना है, और इस वर्ष का परिणाम उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इस मौके पर शिक्षक काज़ी इरशाद अहमद, खालिद मुर्तज़ा, सोनू मिश्रा, इरफ़ान अली, शब्बीर अहमद सहित विद्यालय परिवार मौजूद रहा।

## ईवीएम वेयर हाउस का डीएम ने किया निरीक्षण




बहराइच । भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला निर्वाचन अधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने जिला निर्वाचन कार्यालय परिसर में स्थित इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण कर ईवीएम की सुरक्षा इत्यादि का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सी.सी.टी.वी. कैमरे क्रियाशील पाये गये तथा वेयर हाउस भवन मानक के अनुसार फायर एक्सटिंग्यूशर स्थापित पाये गये। इस अवसर पर अवर अभि. संदीप कुमार जायसवाल तथा निर्वाचन कार्यालय से प्रधान सहायक शैलेन्द्र सिंह व वरिष्ठ सहायक योगेश गंगवार मौजूद रहे।

# गौ़रव सिंह तोमर बने मनकापुर के नए कोतवाल

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोंडा। उपनिरीक्षक गौरव सिंह तोमर को मनकापुर कोतवाली का नया कोतवाल नियुक्त किया गया है पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने एसओजी प्रभारी रहे गौरव सिंह तोमर को यह जिम्मेदारी सौंपी है।पूर्व कोतवाल अरविंद कुमार सिंह के गो रखपुर तबादले के बाद मनकापुर कोतवाली पिछ ले तीन दिनों से कोतवाल विहीन थी।मंगलवार को गौरव सिंह तोमर ने मनकापुर कोतवाली पहुंचकर पदभार ग्रहण किया है।उन्होंने तत्काल पुलिसकर्मि यों और कर्मचारियों के साथ बैठक कर उत्तर प्रदेश सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत कार्य कर ने के निर्देश दिए है।गौरव सिंह तोमर को तेज-तर्रा र उपनिरीक्षक माना जाता है।उनके नेतृत्व में जिले में कई पुलिस मुठभेड़ हुई हैं, जिनमें एक दर्जन से अधिक अपराधी गिरफ्तार कर जेल भेजे गए।मन कापुर कोतवाल बनने से पहले वह एसओजी प्रभा री थे।इससे पूर्व, वे गोंडा पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के पीआरओ के रूप में भी कार्य कर चुके हैं।एसपी विनीत जायसवाल ने गौरव सिंह तो मर को जीरो टॉलरेंस नीति के तहत अपराधियों प र कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।उन्होंने पु राने आपराधिक मामलों में फरार चल रहे अपराधि यों की तत्काल गिरफ्तारी सुनिश्चित करने को कहा साथ ही,सभी चौकी और थाने के पुलिसकर्मियों के साथ बैठक कर जीरो टॉलरेंस नीति के क्रियान्व यन पर जोर देने का निर्देश दिया मनकापुर कोतवा ली गोंडा लोकसभा सीट से बीजेपी सांसद केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह 'राजा भैया' के आवास से कुछ किलोमीटर दूर स्थित है।इसे देखते हुए, वीवीआईपी आवाजाही के लिए व्यापक सुरक्षा इंतजाम करने के निर्देश भी दिए गए हैं। इसके अतिरिक्त,कोतवाली क्षेत्र में पड़ने वाले जंगलों में भी रात्रि गश्त को लेकर सख्त आदेश जारी किए गए हैं।क्योंकि इस कोतवाली क्षेत्र में काफी लंबा जंगल पड़ता है और वहां पर कई बार कई अपरा धी घटनाएं भी हो चुके हैं।

# पीलीभीत में महिला जन आक्रोश सम्मेलन: नारी शक्ति के मुद्दे पर गरजा राजनीतिक मंच, विपक्ष पर तीखे हमले

❒ कार्यक्रम लोकसभा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के विरोध में कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों द्वारा किए गए मतदान के खिलाफ आयोजित किया गया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत । मंगलवार को जनपद में आयोजित 'महिला जन आक्रोश सम्मेलन' और पदयात्रा ने जिले के राजनीतिक माहौल को पूरी तरह गरमा दिया। गांधी प्रेक्षागृह में आयोजित इस सम्मेलन में बड़ी संख्या में महिलाओं की भागीदारी रही, जहां मंच से विपक्षी दलों के खिलाफ जमकर नाराजगी जताई गई।

यह कार्यक्रम लोकसभा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के विरोध में कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों द्वारा किए गए मतदान के खिलाफ आयोजित किया गया था आयोजन का उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और विपक्ष के रुख के खिलाफ जनमत तैयार करना बताया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने अपने संबोधन में विपक्ष पर तीखा प्रहार किया उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने महिलाओं को राजनीतिक रूप से सशक्त बनाने के लिए ऐतिहासिक कदम उठाया, लेकिन कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों ने इसका विरोध कर महिलाओं के अधिकारों को ठेस पहुंचाई है उन्होंने कहा कि यह केवल एक विधेयक नहीं, बल्कि देश की आधी आबादी को समान भागीदारी देने का प्रयास है। इसके विरोध से विपक्ष की सोच स्पष्ट होती है जितिन प्रसाद ने अपने भाषण में महिलाओं से आह्वान किया कि अब समय आ गया है कि वे अपने अधिकारों के लिए खुद आगे आएं उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने महिलाओं के लिए स्वरोजगार, सुरक्षा और आर्थिक सशक्तिकरण की कई योजनाएं शुरू की हैं, जिनका लाभ उठाकर महिलाएं आत्मनिर्भर बन सकती हैं कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य ने की उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने हमेशा महिलाओं को सम्मान और नेतृत्व का अवसर दिया है, जबकि विपक्ष ने समय-समय पर उनके अधिकारों को दबाने का काम किया है पूर्व जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह ने कहा कि यदि 33 प्रतिशत आरक्षण लागू होता, तो महिलाएं देश के विकास में और अधिक मजबूती से भागीदार बनतीं। उन्होंने विपक्ष पर इस ऐतिहासिक परिवर्तन में बाधा डालने का आरोप लगाया सम्मेलन में स्वामी प्रवक्तानन्द, बाबू राम पासवान, किशन लाल राजपूत और आस्था अग्रवाल सहित कई जनप्रतिनिधि और भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष गीता मिश्रा, रेखा सिंह परिहार और ब्लॉक प्रमुख सभ्यता देवी वर्मा के नेतृत्व में महिलाओं ने एकजुट होकर विरोध जताया। महिलाओं ने कहा कि वे नारी शक्ति के कथित अपमान का जवाब लोकतांत्रिक तरीके से देंगी सम्मेलन के बाद महिलाओं द्वारा पदयात्रा भी निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने भाग लिया इस दौरान नारी सशक्तिकरण और अधिकारों से जुड़े नारे लगाए गए, जिससे पूरे क्षेत्र में राजनीतिक माहौल और सक्रिय हो गया इस आयोजन को आगामी चुनावी रणनीति के तौर पर भी देखा जा रहा है राजनीतिक जानकारों का मानना है कि इस तरह के कार्यक्रमों के जरिए महिलाओं को संगठित करने और उनके बीच राजनीतिक संदेश पहुंचाने की कोशिश की जा रही है कुल मिलाकर, यह सम्मेलन न केवल एक राजनीतिक विरोध का मंच बना, बल्कि महिलाओं की भागीदारी और उनकी राजनीतिक जागरूकता को भी मजबूती देने वाला आयोजन साबित हुआ है।

## एपी इंटर कॉलेज के विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षा में लहराया परचम प्रबंधक ने दी शुभकामनाएं

**पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** आर्य पाठशाला इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने यूपी बोर्ड परीक्षा 2026 में शानदार प्रदर्शन कर कॉलेज का नाम रोशन किया है। इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा में छात्रा अलीना बी ने 77.8% अंक प्राप्त कर कॉलेज टॉप किया है।इनके आलावा आशी सिंह 77.4 % ने द्वितीय स्थान अंकित सिंह 76.6 % तृतीय स्थान प्राप्त किया है।वहीं हाईस्कूल में मोहम्मद इमदाद खान ने 80.5% अंक हासिल कर प्रथम स्थान, मोहम्मद दाऊद खान 76.16% ने द्वितीय स्थान एव फैज ने 75.3% तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया। इस वर्ष कॉलेज का इंटरमीडिएट का कुल परीक्षा परिणाम 88 % रहा, जबकि हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम 91% रहा है। कॉलेज के प्रधानाचार्य ने कहा कि हमारे विद्यालय के छात्र और छात्राएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहे हैं। इन छात्र और छात्राओं ने कठिन परिश्रम और लगन से यह सफलता हासिल की है। उत्तीर्ण सभी छात्र-छात्राओं ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और गुरुजनों को दिया है। आर्य पाठशाला इंटर कॉलेज के प्रबंधक ठाकुर निरंजन सिंह ने सभी उत्तीर्ण छात्र और छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## कोतवाली पुलिस पर निष्क्रियता का आरोप,पीड़ित ने सीओ से लगाई न्याय की गुहार

**पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** पूरनपुर क्षेत्र में शादी समारोह के दौरान हुए हमले के मामले में अब कोतवाली पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो रहे हैं पीड़ित पक्ष ने आरोप लगाया है कि घटना की सूचना देने के बावजूद पुलिस ने समय रहते कोई ठोस कार्रवाई नहीं की, जिससे आरोपियों के हौसले बुलंद हैं सिकरहना निवासी कपिल, जो हमले में गंभीर रूप से घायल हुए हैं, ने बताया कि मारपीट और जानलेवा हमले की जानकारी तत्काल पुलिस को दी गई थी, लेकिन कोतवाली पुलिस ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया न्याय न मिलने से नाराज पीड़ित मंगलवार को क्षेत्राधिकारी प्रतीक दहिया के पास पहुंचे और उन्हें शिकायती पत्र सौंपकर आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी व सख्त कार्रवाई की मांग की पीड़ित पक्ष का कहना है कि अगर समय रहते पुलिस कार्रवाई करती, तो आरोपियों द्वारा दोबारा हमला करने की घटना टाली जा सकती थी इस लापरवाही से न केवल एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हुआ, बल्कि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को लेकर भी सवाल खड़े हो गए हैं वहीं, क्षेत्राधिकारी प्रतीक दहिया ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच के आदेश दिए हैं और आश्वासन दिया है कि दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी अब देखना होगा कि पुलिस प्रशासन इस मामले में कितनी तेजी और सख्ती दिखाता है, ताकि पीड़ित को न्याय मिल सके और कानून का भरोसा कायम रहे।

# पीलीभीत को मिली ऐतिहासिक सौगात: बनेगा बासमती राष्ट्रीय प्रशिक्षण केंद्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ संबंधित विभागों के बीच एमओयू भी हस्तांतरित हुआ

पीलीभीत। जिले के किसानों और कृषि क्षेत्र के लिए एक बड़ी उपलब्धि सामने आई है। केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद की पहल पर पीलीभीत में देश का दूसरा बासमती राष्ट्रीय प्रशिक्षण केंद्र और देश का पहला जैविक प्रशिक्षण केंद्र सह प्रदर्शन फार्म स्थापित किया जाएगा इस महत्वाकांक्षी परियोजना के तहत राज्य कृषि फार्म, टांडा बिजेसी (पीलीभीत-खटीमा मार्ग) पर केंद्र का निर्माण होगा, जिससे क्षेत्र के हजारों किसानों को आधुनिक तकनीक और उन्नत खेती के तरीकों का सीधा लाभ मिलेगा कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय राज्यमंत्री की मौजूदगी में लीज डीड का विधिवत हस्तांतरण किया गया।

साथ ही संबंधित विभागों के बीच एमओयू भी हस्तांतरित हुआ, जिससे परियोजना का रास्ता पूरी तरह साफ हो गया है इस केंद्र का निर्माण एपीडा (इप्क्क्ह्र) द्वारा कराया जाएगा एपीडा न केवल प्रशिक्षण केंद्र विकसित करेगा, बल्कि यहां अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस प्रदर्शन फार्म भी तैयार करेगा, जहां किसानों को बासमती और जैविक खेती के व्यावहारिक प्रशिक्षण दिए जाएंगे विशेष बात यह है कि यह केंद्र देश में अपनी तरह का पहला जैविक प्रशिक्षण केंद्र सह प्रदर्शन फार्म होगा, जो किसानों को जैविक खेती की ओर प्रेरित करने में मील का पत्थर साबित होगा बताया जा रहा है कि निर्माण कार्य जल्द शुरू होगा और करीब एक वर्ष के भीतर केंद्र पूरी तरह तैयार कर लिया जाएगा इसके बाद पीलीभीत न केवल बासमती उत्पादन में, बल्कि जैविक खेती के क्षेत्र में भी राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान बनाएगा इस परियोजना से स्थानीय किसानों की आय बढ़ने, निर्यात के अवसर मिलने और क्षेत्र के समग्र कृषि विकास को गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

## चोरी की वारदातों से हड़कंप, मेडिकल कॉलेज में चोरी करते पकड़ा गया युवक

सुल्तानपुर। शहर में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं ने पुलिस व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। सुल्तानपुर के नगर क्षेत्र में बीते 48 घंटे के भीतर चोरी की तीसरी घटना सामने आई है। रिटायर्ड बैंक कर्मी त्रिलोकी नाथ पांडेय की बाइक सोमवार को चोरी हो गई है,जो दीवानी परिसर के पास खड़ी थी। मुकदमे की पैरवी करने आए पांडेय की बाइक अचानक गायब हो गई, जिसका अब तक कोई सुराग नहीं लग सका है। इधर, राजकीय मेडिकल कॉलेज में लगातार हो रही छोटी-छोटी चोरियों के बीच एक युवक को रंगे हाथों पकड़ लिया गया। बताया जा रहा है कि परिसर से नल की टोटियां और अन्य सामान चोरी हो रहा था। सुरक्षा गार्ड और स्टाफ की सतर्कता से युवक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया गया।इससे पहले डाकघर चौराहे पर डॉ. संजय मिश्रा और डॉ. शैलेंद्र त्रिपाठी की क्लीनिक पर भी चोरी की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। लगातार हो रही वारदातों के बावजूद नगर कोतवाली पुलिस की सक्रियता पर सवाल उठ रहे हैं।

# छात्राओं को प्रिंसिपल ने किया सम्मानित बोर्ड परीक्षा में लहराया परचम



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज पूरनपुर की छात्राओं ने यूपी बोर्ड परीक्षा 2026 में शानदार प्रदर्शन कर कॉलेज का नाम रोशन किया है। सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं को विद्यालय की प्रधानाचार्य साजदा खातून ने शील्ड देकर सम्मानित किया।इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा में छात्रा नीरी नारायणी ने 85.5% अंक प्राप्त कर कॉलेज टॉप किया। वहीं हाईस्कूल में अंशिका जायसवाल ने 80% अंक हासिल कर विद्यालय का मान बढ़ाया। इस वर्ष कॉलेज का इंटरमीडिएट का कुल परीक्षा परिणाम 85.32% रहा, जबकि हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम 91% रहा है। प्रधानाचार्य साजदा खातून ने सम्मान समारोह में कहा कि बेटियां हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। इन छात्राओं ने कठिन परिश्रम और लगन से यह मुकाम हासिल किया है। उन्होंने अन्य छात्राओं को भी इनसे प्रेरणा लेकर आगे बढ़ने का आह्वान किया। सम्मान पाकर छात्राएं बेहद खुश नजर आईं। नीरी नारायण ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और गुरुजनों को दिया। अंशिका जायसवाल ने कहा कि वह आगे भी मेहनत जारी रखेगी। इस अवसर पर विद्यालय का स्टाफ मौजूद रहा। शिक्षकों ने छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में अभिभावकों ने भी शिरकत कर बच्चों का हौसला बढ़ाया है।

## 3 घंटे में अपहरण कंड का खुलासा: युवक सकुशल बरामद, थार कार समेत दो आरोपी गिरफ्तार

**पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** घुंघचाई पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अपहरण की एक वारदात का महज तीन घंटे में खुलासा कर दिया पुलिस ने अपहृत युवक को सकुशल बरामद कर लिया, साथ ही घटना में प्रयुक्त महिंद्रा थार कार समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया इस कार्रवाई की जानकारी क्षेत्राधिकारी प्रतीक दहिया ने मंगलवार को दी घटना 27 अप्रैल 2026 की है ददौल कॉलोनी निवासी रंजीत कौर ने पुलिस को सूचना दी कि उनके 35 वर्षीय पुत्र निरवैल सिंह को कुछ अज्ञात लोगों ने फोन कर दिलावरपुर भट्टे के पास बुलाया निरवैल अपने साथी रंजीत सिंह के साथ वहां पहुंचे, जहां पहले से मौजूद काले रंग की महिंद्रा थार (ठ्ठ 27 उ्ट्ट 6285) में सवार 3-4 लोगों ने उनके साथ मारपीट की और जबरन गाड़ी में बैठाकर अपहरण कर लिया मामले की गंभीरता को देखते हुए घुंघचाई थाने में तुरंत मुकदमा दर्ज किया गया। इसके बाद पुलिस टीम ने सर्विलांस और मुखबिर की मदद से अपहृत युवक की लोकेशन शाहजहांपुर जनपद के खुटार थाना क्षेत्र में ट्रैक की पुलिस ने घेराबंदी कर निरवैल सिंह को सकुशल बरामद कर लिया और मौके से दो मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गिरफ्तार आरोपियों की पहचान 32 वर्षीय अमरजीत सिंह (ग्राम खजुरिया, थाना खुटार) और 38 वर्षीय गौरा गिल (ग्राम मलिका, थाना खुटार) के रूप में हुई है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त थार कार भी बरामद कर ली है पुलिस पूछताछ में सामने आया कि अपहरण के पीछे निजी विवाद था आरोपी अमरजीत की बहन ने खुटार में बुटीक सेंटर खोला था, जिसका प्रचार सोशल मीडिया पर किया गया था आरोप है कि निरवैल सिंह ने वहीं से नंबर लेकर युवती को परेशान करना शुरू कर दिया था इसी बात से नाराज होकर अमरजीत और उसके साथियों ने साजिश के तहत निरवैल सिंह को बुलाकर उसका अपहरण कर लिया सीओ प्रतीक दहिया ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जा रही है साथ ही घटना में शामिल अन्य लोगों की तलाश जारी है और मामले के सभी पहलुओं की गहन जांच की जा रही है पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से जहां एक ओर अपहृत युवक सकुशल परिजनों तक पहुंच गया, वहीं क्षेत्र में पुलिस की सक्रियता की सराहना भी हो रही है।

## डीपीआरओ पर शासनादेश क़े उल्लंघन क़े आरोप

**सुल्तानपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिले में तैनात जिला पंचायत राज अधिकारी अभिषेक शुक्ला एक बार फिर विवादों में घिरते नजर आ रहे हैं। उन पर शासनादेश की खुलेआम अनदेखी करने के आरोप लग रहे हैं। बताया जा रहा है कि उन्होंने अपने करीबी और पसंदीदा ग्राम पंचायत व ग्राम विकास अधिकारियों को नियमों के विरुद्ध एक से अधिक क्लस्टर आवंटित कर दिए हैं। जबकि शासन के स्पष्ट निर्देश हैं कि ग्राम विकास अधिकारियों और ग्राम पंचायत अधिकारियों के बीच क्लस्टर का समान वितरण किया जाए। मामला केवल एक ब्लॉक तक सीमित नहीं है। भदैया ब्लॉक के कई पीड़ित अधिकारियों ने महीनों पहले ही जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी से इसकी शिकायत की थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। आरोप है कि जिले के लगभग सभी ब्लॉकों में इसी तरह से करीबी अधिकारियों को कई-कई क्लस्टर दिए गए हैं। इस बीच पूर्व जिलाधिकारी कुमार हर्ष का तबादला हो चुका है लेकिन मुख्य विकास अधिकारी द्वारा भी इस गंभीर मामले को नजरअंदाज किए जाने की चर्चा है। अब जिले में नवागत जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह से प्रभावित अधिकारियों और कर्मचारियों को न्याय की उम्मीद है। उनका मानना है कि नए डीएम इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई करेंगे। गौरतलब है कि डीपीआरओ अभिषेक शुक्ला पहले भी अपनी कार्यशैली को लेकर सुर्खियों में रह चुके हैं, जिससे यह मामला और भी चर्चा का विषय बन गया है।

# पीलीभीत को मिली ऐतिहासिक सौगात बनेगा बासमती राष्ट्रीय प्रशिक्षण केंद्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। जिले के किसानों और कृषि क्षेत्र के लिए एक बड़ी उपलब्धि सामने आई है। केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद की पहल पर पीलीभीत में देश का दूसरा बासमती राष्ट्रीय प्रशिक्षण केंद्र और देश का पहला जैविक प्रशिक्षण केंद्र सह प्रदर्शन फार्म स्थापित किया जाएगा।

इस महत्वाकांक्षी परियोजना के तहत राज्य कृषि फार्म, टांडा बिजेसी (पीलीभीत-खटीमा मार्ग) पर केंद्र का निर्माण होगा, जिससे क्षेत्र के हजारों किसानों को आधुनिक तकनीक और उन्नत खेती के तरीकों का सीधा लाभ मिलेगा कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय राज्यमंत्री की मौजूदगी में लीज डीड का विधिवत हस्तांतरण किया गया। साथ ही संबंधित विभागों के बीच एमओयू भी हस्तांतरित हुआ, जिससे परियोजना का रास्ता पूरी तरह साफ हो गया है इस केंद्र का निर्माण एपीडा (इप्क्क्ह्र) द्वारा कराया जाएगा एपीडा न केवल प्रशिक्षण केंद्र विकसित करेगा, बल्कि यहां अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस प्रदर्शन फार्म भी तैयार करेगा, जहां किसानों को बासमती और जैविक खेती के व्यावहारिक प्रशिक्षण दिए जाएंगे विशेष बात यह है कि यह केंद्र देश में अपनी तरह का पहला जैविक प्रशिक्षण केंद्र सह प्रदर्शन फार्म होगा, जो किसानों को जैविक खेती की ओर प्रेरित करने में मील का पत्थर साबित होगा बताया जा रहा है कि निर्माण कार्य जल्द शुरू होगा और करीब एक वर्ष के भीतर केंद्र पूरी तरह तैयार कर लिया जाएगा इसके बाद पीलीभीत न केवल बासमती उत्पादन में, बल्कि जैविक खेती के क्षेत्र में भी राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान बनाएगा इस परियोजना से स्थानीय किसानों की आय बढ़ने, निर्यात के अवसर मिलने और क्षेत्र के समग्र कृषि विकास को गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है

# ईकार्ट डिलीवरी पार्टनर्स ने किया प्रदर्शन

❒ भुगतान में कटौती बढ़ाने से हुआ असंतोष, न्यूनतम मजदूरी देने की मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर।.भुगतान में कटौती बढ़ाने व न्यूनतम मजदूरी न देने से नाराज डिलेवरी पार्टनर्स ने मंगलवार को ईकार्ट कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया। विरोध करने वालों ने न्यूनतम मजदूरी भुगतान कराने की मांग की है।

विरोधकर्ताओं करने वालों का कहना है को दिन-रात मेहनत करने वाले डिलीवरी पार्टनर्स की स्थिति चिंताजनक होती जा रही है। क्खथन्प् ख्रधद्दद्बपव्द्द जैसी बड़ी कंपनी में पहले प्रति पार्सल लगभग ?18 तक भुगतान मिलता था, लेकिन अब कई जगह यह घटाकर 12 से 10 तक कर दिया गया है। इससे डिलीवरी कर्मचारियों में नाराज़गी और असंतोष बढ़ रहा है।

डिलीवरी पार्टनर्स का कहना है कि महंगाई लगातार बढ़ रही है। पेट्रोल, मोबाइल रिचार्ज, बाइक सर्विस, टायर, इंश्योरेंस और रोजमर्रा के खर्च पहले से कहीं ज्यादा हो चुके हैं। ऐसे समय में मेहनताना बढ़ाने के बजाय कम कर देना कर्मचारियों के साथ अन्याय जैसा महसूस होता है।

एक डिलीवरी पार्टनर ने बताया कि रोज 10 से 12 घंटे मेहनत करने के बाद भी पहले जैसी कमाई नहीं हो पा रही है। अगर किसी दिन पार्सल कम मिले या दूरी ज्यादा हो, तो कमाई और भी घट जाती है। इससे परिवार चलाना मुश्किल हो रहा है। सरकार और श्रम विभाग से मांग की गई है की गिग वर्कर्स और डिलीवरी कर्मचारियों को न्यूनतम उचित भुगतान सुनिश्चित किया जा सके। इसमें सूरज अग्रहरि दीपक मौर्य सत्यप्रकाश पांडे राम औतार राय विकम गुप्ता वीरेंद्र यादव सहित दर्जनों डिलीवरी पार्टनर उपस्थित रहे व कम्पनी कर्मचारियों को मांग पत्र सौंपा।

## अमेठी में रिश्तों को मजबूत कर रही महिला थानाध्यक्ष

**अमेठी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जनपद में महिला थाना पुलिस इन दिनों कानून व्यवस्था को मजबूत करने के साथ ही रिश्तों को भी मजबूत कर रही है।महिला थाना के प्रयास से दो विवाहित जोड़ा पुनः साथ रहने को राजी हुआ है।मिशन शक्ति नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन के तहत मंगलवार को महिला थाना की प्रभारी निरीक्षक कंचन सिंह मय टीम द्वारा पति पत्नी के बीच चल रहे विवादों के सम्बंध में शिकायतों को सुना गया तथा समस्याओं को सुलझाते हुये पति पत्नी को साथ रहने के लिये समझाया गया जिसमें दो विवाहित जोड़ा राजी खुशी से आपस में एक साथ रहने के लिए सहमत होकर घर गया तथा अमेठी पुलिस को धन्यवाद दिया।अमेठी पुलिस द्वारा उनको आगामी जीवन की शुभकामनाएं दी गई।

## एसपी ने निर्माणाधीन नवीन पुलिस कार्यालय का निरीक्षण किया

**अमेठी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्माणाधीन नवीन पुलिस कार्यालय का औचक निरीक्षण किया गया। पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. द्वारा मंगलवार को गौरीगंज स्थित निर्माणाधीन नवीन पुलिस कार्यालय का विस्तृत निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने भवन निर्माण की वर्तमान प्रगति का जायजा लिया और कार्य की बारीकियों की समीक्षा की।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी ने निर्माण सामग्री और कार्य की गुणवत्ता को बारीकी से परखा व निर्माण कार्य में उच्च मानकों का पालन किया जाए और किसी भी स्तर पर गुणवत्ता से समझौता न हो व परियोजना को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण करने हेतु संबंधित कार्यदायी संस्था और अधिकारियों को निर्देश दिये गये।

# 22 महीने तक रहे 'सबके खास', सख्ती बढ़ी तो अचानक गाली बाज बने ट्रैफिक इंस्पेक्टर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ यातायात व्यवस्था में कप्तान मैडम का नया रोड मैप, छुड़ा रहा पसीने

सुल्तानपुर। शहर की यातायात व्यवस्था में बदलाव की कोशिशें अब विभाग के भीतर ही खींचतान का कारण बनती दिख रही हैं। करीब 22 महीने से ट्रैफिक इंस्पेक्टर की जिम्मेदारी संभाल रहे निरीक्षक राम निरंजन यादव, जो कभी अपने सहयोगियों के बीच एक सक्षम नेतृत्वकर्ता के रूप में जाने जाते थे, अब अचानक विवादों के केंद्र में आ गए हैं।

बताया जा रहा है कि हाल ही में पुलिस कप्तान द्वारा शहर के भीतर यातायात सुधार के लिए नया डायवर्जन और रोड मैप लागू किया गया है। इस नई व्यवस्था ने जहां ट्रैफिक को सुचारू करने की कोशिश की है, वहीं ड्यूटी में लगे पीआरडी और होमगार्ड जवानों की जिम्मेदारियां भी बढ़ा दी हैं। बढ़ते कार्यभार और सख्त निगरानी के चलते कुछ कर्मियों में असंतोष पनपने लगा है। सूत्रों की मानें तो इसी असंतोष के बीच ट्रैफिक इंस्पेक्टर पर अभद्र भाषा के इस्तेमाल के आरोप लगाए गए हैं। जिन जवानों के साथ कभी उनका तालमेल बेहतर माना जाता था, वही अब उनके खिलाफ शिकायत लेकर सामने आए हैं। इस पूरे मामले की जांच सीओ सिटी सौरभ सामंत को सौंपी गई है। हालांकि, विभागीय स्तर पर यह भी चर्चा है कि सख्ती और अनुशासन लागू करने की कोशिशें अक्सर विरोध को जन्म देती हैं। कप्तान की नई कार्यशैली का असर सिविल और ट्रैफिक पुलिस दोनों में साफ नजर आ रहा है, जहां कामकाज की गति तो बढ़ी है, लेकिन उसके साथ तनाव भी उभरकर सामने आ रहा है। शायद यही वजह है कि ख़ासकर ट्रैफिक ड्यूटी में लगे आराम तलब कर्मियों को कप्तान मैडम का यह फरमान भारी पड़ रहा है। फिलहाल हो चाहे जो अब सबकी निगाहें जांच के निष्कर्ष पर टिकी हैं, जो यह तय करेगा कि मामला अनुशासन का है या फिर आपसी तालमेल की कमी का।

# सीडीओ ने बहादुरपुर एवं सिंहपुर में अपशिष्ट प्रबंधन इकाइयों का किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ प्लास्टिक कचरा प्रबंधन इकाई व बायोगैस प्लांट से आय सृजन, स्वच्छता व ऊर्जा संरक्षण को बढ़ावा

तिलोई अमेठी। मुख्य विकास अधिकारी पूजा साहू द्वारा विकास खंड बहादुरपुर की ग्राम पंचायत बहादुरपुर में संचालित प्लास्टिक कचरा प्रबंधन इकाई (पीडब्ल्यूएमयू) का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान यूनिट के संचालन, कचरे के पृथक्करण, प्रसंस्करण एवं उससे होने वाली आय की विस्तृत समीक्षा की गई। ग्राम पंचायत सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि अब तक प्लांट से दो टन से अधिक श्रेडेड प्लास्टिक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत ग्रामीण सड़क निर्माण में उपयोग हेतु उपलब्ध कराया जा चुका है। वर्तमान में मांग न होने के कारण प्लास्टिक कचरे को पृथक कर पारदर्शी एवं सफ़ेद प्लास्टिक को स्थानीय जंक डीलर को दस रुपया प्रति किलोग्राम की दर से विक्रय किया जा रहा है, जिससे अब तक छियालिस की आय ग्राम पंचायत के ओएसआर खाते में जमा की जा चुकी है।मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि प्लास्टिक कचरा प्रबंधन इकाइयाँ पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता संवर्धन एवं ठोस अपशिष्ट के वैज्ञानिक निस्तारण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। इन इकाइयों के माध्यम से प्लास्टिक कचरे का पुनर्चक्रण (रीसाइक्लिंग) कर उसे उपयोगी संसाधन में परिवर्तित किया जा रहा है, जिससे न केवल प्रदूषण में कमी आ रही है, बल्कि ग्राम पंचायतों की आय में भी वृद्धि हो रही है। साथ ही स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी सृजित हो रहे हैं।इसके उपरांत मुख्य विकास अधिकारी द्वारा विकास खंड सिंहपुर की ग्राम पंचायत खारा में संचालित एक सौ चालीस घन मीटर प्रतिदिन क्षमता वाले बायोगैस प्लांट का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय प्लांट सुचारू रूप से संचालित पाया गया। प्लांट में जैविक अपशिष्ट से उत्पादित बायोगैस का उपयोग पच्चीस केवीए क्षमता के जनरेटर के माध्यम से विद्युत उत्पादन में किया जा रहा है, जिससे आटा चक्की एवं स्पेलर मशीन संचालित की जा रही हैं। प्लांट के माध्यम से चालू माह में लगभग अठाइस की आय अर्जित की गई है तथा विगत 6 माह में कुल चौरासी हजार से अधिक की आय प्राप्त की जा चुकी है।मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि बायोगैस प्लांट स्वच्छ ऊर्जा के उत्पादन, जैविक कचरे के प्रभावी निस्तारण एवं कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने की दिशा में अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो रहे हैं। इनसे प्राप्त गैस व ऊर्जा का उपयोग स्थानीय स्तर पर आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने में किया जा रहा है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ता मिल रही है।

## तेरहवीं से चोरी हुई बाइक का लखनऊ में दो बार चालान होने पर पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**अमेठी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना बाजार शुकुल क्षेत्र के गांव बलापुर में आयोजित त्रयोदश संस्कार से बेखौफ चोरों द्वारा एक मोटर साइकिल पार कर दी गई है उक्त मोटर साइकिल का सूबे की राजधानी लखनऊ में दो बार चालान भी हो चुका है लेकिन पुलिस बाइक का सुराग लगाने में नाकामयाब साबित हो रही है फिलहाल पुलिस ने एक माह बाद अभियोग दर्ज कर लिया है और हवा में तीर चला रही है। थाना क्षेत्र के गांव पूरे धर्मदास मजरे हरखू मऊ निवासी समर बहादुर पुत्र मोलहे प्रसाद ने पुलिस को सौंपी गई तहरीर में लिखा है कि बीती चौबीस मार्च को मैं मोटर साइकिल स्पलेन्डर संख्या यूपी 44 एल 2171 जिसके पंजीकृत वाहन स्वामी अमर बहादुर पाल पुत्र मथुरा पाल निवासी ग्राम कमालचक हरखूमऊ है। इसी बाइक से ग्राम बलापुर में आशाराम मौर्या की मां के तेरही भोज में गया था जहां से उक्त मोटर साइकिल चोरी हो गई थी जिस बात की शिकायत मैने डायल 112 के साथ साथ आनलाइन भी किया था लेकिन अपराध छिपाने में माहिर शुकुल बाजार पुलिस ने बाइक चोरी की वारदात को डकार गई और पीड़ित को बाहर का रास्ता दिखा दिया लेकिन उक्त उक्त मोटर साइकिल को बेखौफ चोरों द्वारा अपने उपयोग मे लिया जा रहा है और चौदह अप्रैल एवं तेइस अप्रैल को लखनऊ शहर में चालान भी हुआ है।अब तक दो बार चालान का मैसेज आते ही उसके पैरों तले से जमीन खिसक गई तो एक बार फिर पुलिस से न्याय की गुहार लगाई गई और उक्त अज्ञात व्यक्ति द्वारा मोटर साइकिल से घटना दुर्घटना करने की आशंका जताई गई तो पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद अभियोग दर्ज किया गया। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष विवेक कुमार वर्मा ने बताया कि बाइक चोरी का मुकदमा दर्जकर वाहन की तलाश की जा रही है।

## सम्पादकीय

# अंधश्रद्धा को सही चुनौती

अपने चमत्कार दिखाकर धार्मिक श्रद्धा के बाजार और भक्ति के व्यापार में बहुत जल्द तरक्की करने वाले धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री को अब अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति ने चुनौती दी है। महाराष्ट्र की अखिल भारतीय अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति (एएनआईएस) ने दो परीक्षणों के जरिए मध्यप्रदेश के बागेश्वर धाम के धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री के श्चमत्कारीश दावों को चुनौती दी है। एएनआईएस के संस्थापक प्रो. श्याम मानव ने बीते दिनों नागपुर में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में घोषणा की कि धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री को दो विशेष परीक्षणों से गुजरना होगा। अगर वे इन परीक्षणों में सफल होते हैं तो उन्हें रुपए 80 लाख की पुरस्कार राशि दी जाएगी, लेकिन अगर वे असफल होते हैं तो उनके कार्यक्रम शुल्क से जमा 8 लाख जब्त कर लिए जाएंगे। इन पंक्तियों के लिखे जाने तक शास्त्री ने इस चुनौती को स्वीकार नहीं किया है, हालांकि उनका कहना है कि श्मेरे पास कोई अलौकिक शक्तिनहीं है, सभी शक्तियां बजरंगबली की हैं। मुझे केवल इसलिए निशाना बनाया जा रहा है क्योंकि मैं धर्मांतरण का विरोध करता हूं। इस पर प्रो. श्याम मानव का कहना है कि श्अगर वे वाकई दिव्य शक्तियां रखते हैं, तो हमारे परीक्षण में क्या डर? हम सार्वजनिक रूप से सिद्ध करने को तैयार हैं। गौरतलब है कि अखिल भारतीय अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति ने यह चुनौती तीन शर्तों के साथ रखी है, धीरेंद्र शास्त्री को बंद लिफाफों में रखे 10 अलग-अलग व्यक्तियों के नाम, उनके माता-पिता के नाम, उम्र और मोबाइल नंबर सही-सही पहचानना होगा। धीरेंद्र शास्त्री को परीक्षण वाली जगह पर बगल के कमरे में रखी 10 अलग-अलग वस्तुओं की पहचान बिना देखे करनी होगी। पूरी प्रक्रिया की वीडियो रिकॉर्डिंग नागपुर में होगी और दोनों पक्षों की पांच-पांच सदस्यीय समिति इसकी निगरानी करेगी। बजरंगबली की शक्ति पर अटूट आस्था दिखाने वाले शास्त्री इन चुनौतियों को मानेंगे या नहीं, उसमें कामयाब होंगे या नहीं, यह तो बाद की बात है। लेकिन इस समय समाज जिस तेजी से अंधश्रद्धा का शिकार हो रहा है, आस्था और अंधविश्वास में फर्क को मिटाया जा रहा है, धर्म के मायने बदलकर दूसरे धर्म के लोगों से नफरत, बदला लेने की भावना को बढ़ावा मिल रहा है, संविधान को अपमानित कर भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने की मुहिम चलाई जा रही है, उसमें यह बेहद जरूरी है कि इस तरह के क्रियाकलापों पर तार्किक सवाल उठाए जाएं। प्रो. श्याम मानव ने इस चुनौती के साथ एक गंभीर आरोप भी लगाया है कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के कार्यकाल में महाराष्ट्र में अंधविश्वास बढ़ा है। हालांकि इस आरोप का दायरा बढ़ाकर पूरे देश पर लागू किया जा सकता है, क्योंकि शायद ही कोई राज्य, कोई जिला ऐसा होगा जहां अंधविश्वास से ग्रस्त जनता और उसे बढ़ावा देने वाला शक्तिशाली, संपन्न तबका मौजूद न हो। इसके बरक्स वैज्ञानिक सोच और नजरिए को बढ़ावा देने वाले लोग नगण्य रह गए हैं। अभी पिछले हफ्ते ही देश के पूर्व मुख्य न्यायाधीश भूषण गवई ने पिछले सोमवार ही अपने परिवार के साथ छतरपुर के बागेश्वर धाम में बालाजी की पूजा की और पीठाधिश्वर धीरेंद्र शास्त्री से भी मुलाकात की। जिसके बाद बी आर गवई ने कहा कि बागेश्वर धाम में सनातन संस्कृति को मजबूत करने के लिए जो प्रयास किए जा रहे हैं, वे सराहनीय हैं। उन्होंने कहा कि यदि इस प्रकार शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार से जुड़े सामाजिक कार्य निरंतर चलते रहें, तो भारत को विश्व गुरु बनने से कोई नहीं रोक सकता। इस मौके पर पूर्व मुख्य न्यायाधीश ने बागेश्वर धाम में संचालित कैंसर हॉस्पिटल का भी जिक्र किया और वहां की स्वास्थ्य सेवाएं भी देखीं। व्यक्तिगत तौर पर श्री गवई चाहे किसी भी धर्मालय में जाएं और जो चाहें पूजा करें। लेकिन जिस पद पर वे रह चुके हैं, उसके बाद इस तरह किसी विशेष धाम के बारे में बयान देना उचित नहीं है। अच्छी बात है कि छतरपुर में धीरेन्द्र शास्त्री ने कैंसर अस्पताल बनवाया है, लेकिन बेहतर चिकित्सा व्यवस्था की जो जिम्मेदारी सरकार की है, क्या उस पर भी श्री गवई कहेंगे। वैसे जब मुख्य न्यायाधीश रहते हुए डी. वाय. चंद्रचूड़ के साथ प्रधानमंत्री ने उनके घर पर गणेश पूजा में हिस्सा लिया।

# आशा, करुणा और मानवीय संवेदनाओं का जीवंत उत्सव

## विश्व इच्छा दिवस पर विशेष

**आधुनिक युग में, जब जीवन की गति अत्यंत तेज हो गई है और व्यक्ति अपने स्वार्थों एवं महत्वाकांक्षाओं में उलझा हुआ है, ऐसे में यह दिवस एक चेतना का संदेश लेकर आता है। यह हमें यह सोचने के लिए प्रेरित करता है कि क्या हमारी इच्छाएं केवल हमारे लिए हैं, या हम दूसरों के जीवन में भी कुछ रोशनी ला सकते हैं। आज समाज में संवेदनाओं का क्षरण हो रहा है, लोग एक-दूसरे से दूर होते जा रहे हैं, और मानवीय संबंधों में औपचारिकता बढ़ती जा रही है। ऐसे समय में विश्व इच्छा दिवस मानवीय मूल्यों के पुनर्जागरण का अवसर प्रदान करता है। इच्छाएं मनुष्य के जीवन का अभिन्न अंग हैं। वे केवल आकांक्षाएं नहीं, बल्कि जीवन की दिशा और ऊर्जा का स्रोत हैं। जब इच्छाएं सकारात्मक होती हैं, तो वे व्यक्ति को आगे बढ़ने की प्रेरणा देती हैं, उसके भीतर आत्मविश्वास और रचनात्मकता का विकास करती हैं। प्रसिद्ध विचारक एंथोनी स्टे. मारटीन का कथन है कि यदि मनुष्य अपनी सबसे बड़ी इच्छाओं को साकार करने की क्षमता नहीं रखता, तो वह उन्हें सोच भी नहीं सकता। यह विचार इस बात को स्पष्ट करता है कि इच्छाएं हमारे भीतर की संभावनाओं का प्रतिबिंब होती हैं। विश्व इच्छा दिवस इस सत्य को भी उजागर करता है कि इच्छाएं केवल व्यक्तिगत नहीं होतीं, वे सामाजिक भी होती हैं। एक व्यक्ति की सकारात्मक इच्छा पूरे समाज में परिवर्तन ला सकती है। जब हम किसी बीमार बच्चे की इच्छा पूरी करते हैं, तो हम केवल उसकी खुशी का कारण नहीं बनते, बल्कि उसके परिवार और समाज के लिए भी आशा का स्रोत बन जाते हैं।**

हर वर्ष 29 अप्रैल को मनाया जाने 'विश्व इच्छा दिवस' मानवता के उन कोमल स्पंदनों को अभिव्यक्त करता है, जो हमें एक-दूसरे से जोड़ते हैं। यह केवल एक दिवस नहीं, बल्कि संवेदनशीलता, करुणा और आशा का वैश्विक अभियान है। इस दिन का मूल उद्देश्य उन बच्चों के जीवन में खुशी और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करना है, जो गंभीर और जानलेवा बीमारियों से जूझ रहे हैं। यह दिन हमें यह याद दिलाता है कि जीवन की वास्तविक सुंदरता दूसरों के चेहरे पर मुस्कान लाने में निहित है। इस प्रेरणादायी दिवस का संबंध विश्वविख्यात संस्था मेक-ए-विश फाउंडेशन से है, जो दशकों से बीमार बच्चों की इच्छाओं को साकार कर उन्हें जीवन का नया अर्थ दे रही है। यह संस्था न केवल इच्छाओं को पूरा करती है, बल्कि उन बच्चों के भीतर जीने की आशा, साहस और मानसिक शक्ति का संचार भी करती है। इस दिवस का इतिहास अत्यंत भावनात्मक और प्रेरणादायक है। वर्ष 1980 में सात वर्षीय क्रिस ग्रेसियस जो ल्यूकेमिया जैसी गंभीर बीमारी से पीड़ित थे, उनकी अंतिम इच्छा एक पुलिस अधिकारी बनने की थी। जब यह बात स्थानीय पुलिस तक पहुंची, तो उन्होंने न केवल उसकी इच्छा को समझा, बल्कि उसे पूरा करने का संकल्प भी लिया। 29 अप्रैल 1980 को क्रिस को एक दिन के लिए पुलिस अधिकारी बनाया गया, उन्हें वर्दी पहनाई गई और पूरे सम्मान के साथ यह अनुभव दिया गया। उस दिन क्रिस के चेहरे पर जो मुस्कान थी, वह केवल एक बच्चे की खुशी नहीं थी, बल्कि मानवता की संवेदनशीलता का जीवंत प्रमाण थी। दुर्भाग्यवश, कुछ ही दिनों बाद उनका निधन हो गया, लेकिन उनकी यह छोटी-सी इच्छा एक वैश्विक आंदोलन की नींव बन गई। इसी घटना से प्रेरित होकर मेक-ए-विश फाउंडेशन की स्थापना हुई, जिसने समय के साथ एक विशाल रूप ले लिया। आज यह संस्था विश्व के अनेक देशों में सक्रिय है और लाखों बच्चों की इच्छाओं को पूरा कर चुकी है। यह संस्था यह सिद्ध करती है कि एक छोटी-सी पहल भी दुनिया में बड़ा परिवर्तन ला सकती है। आधुनिक युग में, जब जीवन की गति अत्यंत तेज हो गई है और व्यक्ति अपने स्वार्थों एवं महत्वाकांक्षाओं में उलझा हुआ है, ऐसे में यह दिवस एक चेतना का संदेश लेकर आता है। यह हमें यह सोचने के लिए प्रेरित करता है कि क्या हमारी इच्छाएं केवल हमारे लिए हैं, या हम दूसरों के जीवन में भी कुछ रोशनी ला सकते हैं। आज समाज में संवेदनाओं का क्षरण हो रहा है, लोग एक-दूसरे से दूर होते जा रहे हैं, और मानवीय संबंधों में औपचारिकता बढ़ती जा रही है। ऐसे समय में विश्व इच्छा दिवस मानवीय मूल्यों के पुनर्जागरण का अवसर प्रदान करता है। इच्छाएं मनुष्य के जीवन का अभिन्न अंग हैं। वे केवल आकांक्षाएं नहीं, बल्कि जीवन की दिशा और ऊर्जा का स्रोत हैं। जब इच्छाएं सकारात्मक होती हैं, तो वे व्यक्ति को आगे बढ़ने की प्रेरणा देती हैं, उसके भीतर आत्मविश्वास और रचनात्मकता का विकास करती हैं। प्रसिद्ध विचारक एंथोनी स्टे. मारटीन का कथन है कि यदि मनुष्य अपनी सबसे बड़ी इच्छाओं को साकार करने की क्षमता नहीं रखता, तो वह उन्हें सोच भी नहीं सकता। यह विचार इस बात को स्पष्ट करता है कि इच्छाएं हमारे भीतर की संभावनाओं का प्रतिबिंब होती हैं। विश्व इच्छा दिवस इस सत्य को भी उजागर करता है कि इच्छाएं केवल व्यक्तिगत नहीं होतीं, वे सामाजिक भी होती हैं। एक व्यक्ति की सकारात्मक इच्छा पूरे समाज में परिवर्तन ला सकती है। जब हम किसी बीमार बच्चे की इच्छा पूरी करते हैं, तो हम केवल उसकी खुशी का कारण नहीं बनते, बल्कि उसके परिवार और समाज के लिए भी आशा का स्रोत बन जाते हैं। यह एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसमें देने वाला और पाने वाला दोनों ही समृद्ध होते हैं। वर्तमान समय में यह और भी आवश्यक हो गया है कि हम अपनी इच्छाओं को सकारात्मक दिशा दें। नकारात्मक इच्छाएं जहां व्यक्ति को तनाव और असंतोष की ओर ले जाती हैं, वहीं सकारात्मक इच्छाएं उसे संतुलन, शांति और संतोष प्रदान



करती हैं। यही कारण है कि विश्व इच्छा दिवस केवल इच्छाओं की पूर्ति का उत्सव नहीं है, बल्कि यह सकारात्मक सोच और जीवन दृष्टि का भी उत्सव है। यदि 2026 के संदर्भ में इस दिवस की भावना को समझा जाए, तो इसे ल्लआशा बांटें, खुशियां जगाएंङ्क के रूप में अभिव्यक्त किया जा सकता है। यह संदेश हमें यह सिखाता है कि हम अपने छोटे-छोटे प्रयासों से भी किसी के जीवन में बड़ा परिवर्तन ला सकते हैं। एक मुस्कान, एक सहयोग, या एक संवेदनशील कदम किसी के लिए जीवन बदल देने वाला अनुभव बन सकता है। इस दिवस का एक महत्वपूर्ण पक्ष यह भी है कि यह हमें सामाजिक भागीदारी के लिए प्रेरित करता है। हम सभी अपने स्तर पर इस अभियान का हिस्सा बन सकते हैं-चाहे वह आर्थिक सहयोग के माध्यम से हो, स्वयंसेवा के द्वारा हो, या किसी जरूरतमंद बच्चे की पहचान कर उसकी सहायता करने के रूप में हो। आज डिजिटल युग में सोशल मीडिया भी एक सशक्त माध्यम बन गया है, जिसके द्वारा हम इस संदेश को व्यापक स्तर पर फैला सकते हैं। निश्चिततौर परविश्व इच्छा दिवस हमें यह सिखाता है कि जीवन का वास्तविक अर्थ केवल अपने लिए जीने में नहीं, बल्कि दूसरों के लिए जीने में है। जब हम किसी के चेहरे पर मुस्कान लाते हैं, तो हम स्वयं भी भीतर से प्रसन्न होते हैं। यही सच्चा आनंद है, यही सच्ची संतुष्टि है। आज जब दुनिया अनेक चुनौतियों से जूझ रही है, चाहे वह मानसिक तनाव हो, सामाजिक विघटन हो या मानवीय संवेदनाओं का ह्रास-ऐसे समय में यह दिवस आशा की एक किरण बनकर सामने आता है। यह हमें यह विश्वास दिलाता है कि यदि हम चाहें, तो अपने छोटे-छोटे प्रयासों से भी दुनिया को एक बेहतर स्थान बना सकते हैं। इसलिए इस विश्व इच्छा दिवस पर हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि हम केवल अपनी इच्छाओं तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि दूसरों की इच्छाओं को भी अपना मानेंगे। हम अपने भीतर करुणा, सहानुभूति और सहयोग की भावना को विकसित करेंगे और मानवता के इस सुंदर अभियान का हिस्सा बनेंगे। क्योंकि अंततः एक छोटी-सी इच्छा ही किसी के जीवन में सबसे बड़ा परिवर्तन ला सकती है और यही इस दिवस का सबसे गहरा और सच्चा संदेश है। **– ललित गर्ग**

# तपती गर्मी और जलवायु परिवर्तन की भीषण पदचाप

**विवेक रंजन श्रीवास्तव**

भारत इस समय जिस प्रचंड ग्रीष्म लहर और असामान्य ताप वृद्धि के दौर से गुजर रहा है, वह अब केवल मौसमी उतार-चढ़ाव का साधारण विषय नहीं रह गया है। यह हमारे पारिस्थितिक तंत्र में आ रहे उस गहरे असंतुलन की गवाही है, जिसे वैज्ञानिक जगत में 'जलवायु आपातकाल' पुकारा जा रहा है। हालिया शोध और भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के तुलनात्मक आंकड़े डराने वाले हैं। वर्ष 2026 की यह गर्मी महज एक असामान्य परिवर्तन है, देश के कई हिस्सों में पारा सामान्य से साढ़े चार डिग्री से लेकर छह डिग्री सेल्सियस तक अधिक दर्ज किया गया है। यह वृद्धि उस तबाही का स्पष्ट संकेत है जो हमारे जीवन, जीविका और जल संसाधनों को अपनी चपेट में ले रही है। स्कूलों की छुट्टी, सामान्य जन जीवन प्रभावित होना तय है। बढ़ती आग की घटनाएं , व्यापार पर असर , डिहाइड्रेशन , बीमारी आदि त्वरित प्रभाव हैं, पर दीर्घ कालिक असर भी समझना चाहिए। तथ्यों के आईने में देखें तो भारत में बढ़ते तापमान का एक बड़ा कारण 'अल नीनो' के साथ-साथ वातावरण में ग्रीनहाउस गैसों की बढ़ती सांद्रता है। वैश्विक स्तर पर कार्बन उत्सर्जन के चलते वातावरण में कार्बन डाइऑक्साइड का स्तर अब उस खतरनाक बिंदु को पार कर चुका है, जो पिछले आठ लाख वर्षों में कभी नहीं देखा गया। यदि ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में बात करें, तो पिछले 120 वर्षों में भारत के औसत तापमान में लगभग पौन डिग्री सेल्सियस (0.7 डिग्री) की बढ़ोत्तरी हुई है। पहली नजर में यह आंकड़ा छोटा लग सकता है, लेकिन पृथ्वी के संतुलन के लिए तापमान में एक डिग्री का दसवां हिस्सा बढ़ना भी प्रलयकारी होता है। चिंताजनक बात यह है कि इस वृद्धि की गति पिछले तीन दशकों में पहले के मुकाबले कहीं अधिक तीव्र हुई है। शहरी क्षेत्रों में स्थिति और भी भयावह है, जिसे वैज्ञानिक 'हीट आइलैंड इफ़ेक्ट' कहते हैं। हमारे शहरों में बढ़ते कंक्रीट के जंगल और डामर की सड़कें दिन भर सूर्य की ऊष्मा को सोखती हैं और रातों को उसे वापस वायुमंडल में छोड़ती हैं। इसका परिणाम यह होता है कि रातें भी ठंडी नहीं हो पा रही हैं, जिससे मानव शरीर को दिन भर की गर्मी से उबरने का प्राकृतिक अवसर ही नहीं मिल रहा। यह शहरी ढांचा गर्मी को कैद करने वाला एक ऐसा पिंजरा बन गया है जहाँ से बाहर निकलने का कोई रास्ता नजर नहीं आता। इस तापीय विभीषिका का सीधा प्रहार हमारी कृषि और खाद्य सुरक्षा पर पड़ रहा है। शोध बताते हैं कि तापमान में होने वाली हर एक डिग्री सेल्सियस की औसत वृद्धि गेहूँ की पैदावार को चार से पांच प्रतिशत तक घटा सकती है। भारत जैसे कृषि प्रधान देश के लिए यह केवल आर्थिक नुकसान नहीं, बल्कि करोड़ों लोगों की थाली पर संकट है। इसके साथ ही, बढ़ता 'आर्द्र तापमान' (हीट और ह्यूमिडिटी का मिश्रण) मानव सहनशक्ति की अंतिम सीमाएं लांघ रहा है। जब हवा में नमी और गर्मी एक साथ बढ़ती है, तो पसीना सूखना बंद हो जाता है और शरीर खुद को ठंडा नहीं कर पाता। तटीय और मैदानी इलाकों में यह स्थिति अब जानलेवा स्तर तक पहुँचने लगी है। पर्यावरणीय दृष्टिकोण से देखें तो उत्तर में हमारे ग्लेशियरों के पिघलने की दर अब पहले के मुकाबले दोगुनी हो चुकी है। यह स्थिति आने वाले समय में गंगा और ब्रह्मपुत्र जैसी बारहमासी नदियों के अस्तित्व पर ही प्रश्नचिह्न लगाती है। दूसरी ओर, भीषण गर्मी के कारण बिजली की मांग ने हमारे ऊर्जा ग्रिडों पर अप्रत्याशित दबाव डाला है। यह एक आत्मघाती दुष्चक्र बन चुका है , जितनी अधिक गर्मी होगी, हम उतने ही ज्यादा एयर कंडीशनर चलाएंगे, और उन मशीनों को चलाने के लिए जितनी अधिक बिजली कोयले से पैदा होगी, वातावरण उतना ही ज्यादा गर्म होता जाएगा। आज आवश्यकता इस बात की है कि हम आपदा आने के बाद जागने की आदत छोड़कर 'जलवायु लचीलेपन' की दिशा में कार्य करें। मियावाकी पद्धति से सघन शहरी वनों का विकास, पारंपरिक जल स्रोतों का पुनरुद्धार और 'नेट जीरो' उत्सर्जन के लक्ष्यों को समय से पूर्व प्राप्त करने की दृढ़ इच्छाशक्ति ही हमें इस संकट से बचा सकती है। विवेकपूर्ण नीति निर्धारण और जन-भागीदारी के बिना हम इस तपती धरती को शीतल नहीं कर पाएंगे। समय आ गया है कि हम विकास की अंधी दौड़ को प्रकृति के तराजू पर तौलें, वरना भविष्य की पीढ़ियों के हिस्से केवल झुलसी हुई जमीन और प्रदूषित हवा ही आएगी। हमें यह समझना होगा कि प्रकृति के साथ हमारा सामंजस्य ही अब हमारे सामूहिक अस्तित्व की एकमात्र कुंजी है।

## सेहत मंत्र

# घुटने व जोड़ों के दर्द से राहत पाने के लिए मसाज करना एक अच्छा उपाय

कुछ समय पहले तक जहां बढ़ती उम्र में घुटने के दर्द की समस्या उत्पन्न होती थी, वहीं वर्तमान में, युवा वर्ग के लोग भी इस तरह के दर्द की शिकायत करते हैं। वैसे तो घुटने में दर्द की समस्या आम मानी जाती है। लेकिन वास्तव में यह काफी तकलीफदेह हो सकती है। इस स्थिति में लोग अक्सर दर्द से छुटकारा पाने के लिए दवाइयों का सहारा लेते हैं। लेकिन आप बिना दवाइयों के भी कुछ नेचुरल उपाय अपनाकर इस घुटने के दद से राहत पा सकते हैं। घुटने व जोड़ों के दर्द से राहत पाने के लिए मसाज करना एक अच्छा उपाय है। आप घुटने की मालिश करने के लिए एसेंशियल ऑयल का सहारा ले सकते हैं। यह एसेंशियल ऑयल घुटने की स्टिफनेस को रिलीज करके दर्द को कम करने में सहायक होते हैं। हीट व कोल्ड कंप्रेस दोनों ही घुटने के दर्द से राहत दिलाने में मददगार साबित होते हैं। हालांकि आपको उपचार का चयन करने से पहले यह अवश्य देखना चाहिए कि आपको दर्द किस प्रकार का है। अर्थात अगर आपको सूजन है तो आपको हीट कंप्रेस से बचना चाहिए, क्योंकि यह आपकी स्थित किो बद से बदतर बना सकता है। इसी तरह गठिया जैसे पुराने दर्द के लिए हीट थेरेपी अच्छी है। आपको शायद पता ना हो, लेकिन सेब का सिरका भी घुटने के दर्द में आराम दिलाने में लाभदायक है। दरअसल, सेब के सिरके में एंटी?इंफलेमेटरी प्रॉपर्टीज पाई जाती है, जिसके कारण यह गठिया जैसे पुराने दर्द से राहत दिलाती है। इसके इस्तेमाल के लिए आप एक गिलास पानी में आधा कप सेब का सिरका मिलाएं और रात को सोने से पहले इसका सेवन करें। हल्दी के औषधीय गुण किसी से छिपे नहीं है। चोट लगने से लेकर किसी भी तरह के दर्द में राहत पाने के लिए हल्दी के सेवन की सलाह दी जाती है। दरअसल, हल्दी में कर्क्यूमिन नामक एक पावरफुल एंटी-इंफलेमेटरी तत्व पाया जाता है। यह कंपाउंड जोड़ों के दर्द और सूजन के लक्षणों को कम करने में मदद करता है। बस आप एक गिलास पानी में अदरक और हल्दी डालकर 12-15 मिनट तक उबालें। इस मिश्रण को रोजाना पिएं।

## धर्म मंत्र


# अद्वैतवाद के प्रवर्तक थे जगतगुरु आदि शंकराचार्य

आदि शंकराचार्य भारत के उन महान दार्शनिकों में हैं जिन्होंने संसार को मिथ्या बताकर इस चर-अचर जीव जगत में एकमात्र परब्रह्म की सत्ता को स्वीकार कर अद्वेतवाद को स्थापित किया था। शंकराचार्य के अनुसार यह संपूर्ण जगत परब्रह्म, निर्गुण निराकार है। यह जगत सत्य रूप में हमें उसी तरह जान पडता है जिस प्रकार सर्प में रज्जू यानि रस्सी का आभास होता हैं। हम अज्ञानवश इस जगत को सत्य समझ रहे हैं, जिस दिन यह भ्रांति, इस अज्ञान का पर्दा हमारी आंखों के सामने से हट जाता है, इस संपूर्ण जगत में हम सिर्फ और सिर्फ परब्रह्म को ही पाते हैं। अद्वेतवाद को हालांकि भारत में शंकराचार्य से पहले भी कई दार्शनिकों, महात्माओं ने जगत के सामने रखा था किन्तु शंकराचार्य ने इसे अपनी सरल, स्पष्ट समीक्षाओं, दार्शनिक दृष्टि और तर्क संगत रूप से ठोस और दृढ़ रूप में जगत में स्थापित किया। शंकराचार्य ने हिन्दुओं के महान ग्रंथों उपनिषद, गीता, ब्रह्मसूत्र इत्यादि पर भाष्य लिखकर अद्वेत के आधार पर उनकी सरल और सटीक व्याख्या की। भारत में सनातन धर्म और अद्वेतवाद के प्रचार प्रसार के लिए शंकराचार्य ने भारत के चारों कोनों में चार प्रमुख मठों दक्षिण में श्रृंगेरी मठ, पश्चिम में द्वारिका शारदा मठ, पूर्व में जगन्नाथपुरी गोवर्द्धन मठ, और उत्तर में ज्योतिर्पीठ मठ की स्थापना की। जगतगुरू आदि शंकराचार्य का जन्म 788 ई.में वैशाख शुक्ल की पंचमी को हुआ था। कहा जाता है कि इनके पिता शिवगुरू और इनकी माता ने शिवजी की गहन तपस्या से पुत्र प्राप्ति का वरदान प्राप्त किया था जिनकी भक्ति से प्रसन्न होकर शिवजी ने उन्हें पुत्र प्राप्ति का वरदान तो दिया था किन्तु एक शर्त रखी थी कि उन्हें अपने पुत्र के लिए उसके दीर्घायु या सर्वज्ञ होने में से किसी एक को चुनना होगा।

## पर्यटन







# आगरा में ताजमहल, स्वर्णिम इतिहास की झलक और मशहूर पेठा

आगरा वैसे तो ताजनगरी के नाम से भी विख्यात है परंतु इसे भगवान श्रीकृष्ण की पौराणिक नगरी ब्रज का प्रवेश द्वार भी कहा जाता है। यहाँ ताज महल के अतिरिक्त और भी कई आकर्षण के केंद्र है। यह शहर अतीत से जुड़ी जानकारियों का भंडार है। अफगान शासक सिकंदर लोधी के काल में आगरा को प्रतिष्ठा मिली जब लोधी ने इसे अपने साम्राज्य की राजधानी बनाया। इसके बाद वर्ष 1526 ईसवीं में मुग़ल शासक बाबर ने आगरा को अनूठी पहचान और सुन्दरता दिलाई। बाबर ने आगरा के निवासियों के जीवन में संस्कृति और जीवन शैली का एक नया अध्याय शुरू किया, जिसके बाद उस समय के सर्वश्रेष्ठ कारीगर, कलाकार, विद्वान, सैनिक, जमींदार और अन्य प्रतिभाशाली व्यक्तियों को उभरने का मौका मिला। आगरा के अतीत का एक बहुत बड़ा हिस्सा आज भी वैसे ही देखा जा सकता है। चाहे वो स्मारकों और मकबरों के भीतर की अनुभूति हो, या विशाल इमारतों की भव्यता, या यहां की कला और संस्कृति के उदहारण, या यहां के लजीज पकवान, हर ओर एक स्वर्णिम अतीत की झलक जरूर दिख जाती है। पुराने आगरा की गलियों में आज भी इतिहास की गूँज सुनाई दे जाती है। यहां विरासत के साथ साथ आधुनिक सुख सुविधाओं के सभी साधन मौजूद हैं, जैसे आरामदायक होटल, बाजार, मॉल, यातायात की सुविधा, मनोरंजन, व्यापार, क्रीडा, शिक्षा, कला संग्रहण आदि। आइए जानते हैं आगरा के दर्शनीय स्थलों के बारे में- ताजमहल- यह एक ऐसे सम्राट की कल्पना है जिसने विश्व को शाश्वत प्रेम का प्रतीक प्रदान किया। ताजमहल में आगंतुकों को अनूठी वास्तुकला, पत्थर के काम, जड़ाऊ काम, संगमरमर के काम, लकड़ी की नक्काशी आदि कार्यों को करीब से जानने का अवसर मिलता है। यही नहीं अमर प्रेम का प्रतिनिधित्व करते इस आलीशान शाही स्मारक का ना भूलने वाला अनुभव आपको यहां बार-बार आने को प्रेरित करेगा।

# कार्यकाल बढ़ाने को लेकर प्रधान लामाबंद, सौंपा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रामनगर बाराबंकी। राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन प्रभारी खंड विकास अधिकारी रामनगर जयराम बाल्मीकि के माध्यम से भेजा है।

संगठन ने मांग की है कि त्रिस्तरीय पंचायतों का कार्यकाल बढ़ाकर संवैधानिक व्यवस्था और लोकतांत्रिक निरंतरता बनाए रखी जाए।

जिलाध्यक्ष रामकुमार मिश्रा 'बब्बू' के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि उत्तर प्रदेश में पंचायतों का कार्यकाल 26 मई 2026 एवं 19 जुलाई 2026 को समाप्त हो रहा है। मतदाता सूची के पुनरीक्षण में विलंब, समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन न होना और सुप्रीम कोर्ट के ट्रिपल टेस्ट के अनुरूप आरक्षण प्रक्रिया पूरी न होने से समय से चुनाव संभव नहीं दिख रहे।

संगठन ने तर्क दिया कि मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तराखंड में ऐसी स्थिति में निर्वाचित प्रतिनिधियों को ही प्रशासनिक दायित्व सौंपा गया था। यूपी में भी वर्तमान प्रधानों का कार्यकाल बढ़ाना ही संवैधानिक समाधान है। प्रशासकों की नियुक्ति संविधान के भाग-9 की मूल भावना के प्रतिकूल होगी।

ज्ञापन में कहा गया कि कार्यकाल बढ़ाने से ग्रामीण जनता में सरकार के प्रति विश्वास बढ़ेगा और आगामी विधानसभा चुनाव में भी इसका लाभ मिलेगा।

ज्ञापन देने वालों में ग्राम प्रधान संगठन के रामनगर ब्लॉक अध्यक्ष सभाजीत सिंह सहित लवलेश कुमार वर्मा लालूपुर, राकेश कुमार बिरौली, संतशरन वर्मा शाहपुर चक बहेरवा, सत्येंद्र वर्मा प्यारेपुर, दीपू अवस्थी, मो. हारून मोहारी, विवेक सिंह, शिवम मिश्रा, वीपी सिंह, राजेश अवस्थी, राकेश वर्मा, चंद्रमौलि मिश्रा, शैलेंद्र प्रताप सिंह, भगौती यादव, राजमल वर्मा, सुशील यादव, समेत अन्य ग्राम प्रधान शामिल रहे।

## गौशाला पहुचे एसडीएम, सुविधाएं और बेहतर करने के निर्देश

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी। उपजिलाधिकारी अनिल कुमार सरोज ने मंगलवार को ठाकुरपुर गौशाला का औचक निरीक्षण किया। भीषण गर्मी के मद्देनजर उन्होंने गौशाला में गोवंशों के लिए चारा-पानी, छाया और साफ-सफाई की व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान, एसडीएम ने गौशाला संचालक ग्राम प्रधान विकेश वर्मा को सख्त निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी में गोवंशों के लिए स्वच्छ पानी, छाया, हरा चारा और भूसा की पर्याप्त व्यवस्था लगातार बनाए रखी जाए। गौशाला की व्यवस्था से संतुष्ट दिखाएं एसडीएम।एसडीएम अनिल सरोज ने यह भी निर्देश दिया कि टीन शेड के नीचे तापमान कम रखने के लिए नियमित रूप से पानी का छिड़काव कराया जाए। उन्होंने गोवंशों की संख्या का मिलान कर पंजिका की जांच की।उपजिलाधिकारी ने केयरटेकरों के साथ-साथ प्रधान को भी गौशाला की नियमित देखरेख करने पर जोर दिया, ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो। उन्होंने स्पष्ट किया कि गर्मी में गोवंशों की देखभाल में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।एसडीएम ने पशु चिकित्सक को समय-समय पर बुलाकर गोवंशों का स्वास्थ्य परीक्षण कराने के भी निर्देश दिए।

# करोड़ो की हेरोइन के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मसौली बाराबंकी। एएनटीएफ यूनिट लखनऊ एव मसौली पुलिस की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले दो सक्रिय तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 660 ग्राम हेरोइन बरामद की, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित सवा एक करोड़ से अधिक बताई जा रही है।

एएनटीएफ यूनिट लखनऊ की क्षेत्राधिकारी नित्या गोस्वामी के निर्देश पर एएनटीएफ यूनिट लखनऊ के प्रभारी सुरज सिंह, हेड कांस्टेबल दिनेश सिंह, मो0 खालिद खान, संगम पटेल, राजन कुमार महिला कांस्टेबल प्रतिमा सिंह एव प्रभारी निरीक्षक मसौली अजय प्रकाश त्रिपाठी के निर्देश पर उपनिरीक्षक राशिद खान कांस्टेबल रत्नेश पाण्डेय की संयुक्त टीम ने गोंडा बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित शहावपुर टोल प्लाजा कुमार हॉस्पिटल मोड़ पर कस्बा सहाबपुर निवासी मो0 यासिर पुत्र मो0 वैस व हुसैन कामिल पुत्र वारिस को गिरफ्तार कर जमा तलाशी ली तो यासिर के पिट्ठू बैग मे 3 सौ ग्राम व हुसैन कामिल के पास से 360 ग्राम हेरोइन के अलावा दो एंड्रॉइड मोबाइल फोन और 1,610 रुपये नकद भी बरामद किया। इस संबंध में थाना मसौली में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने बताया कि वे साझेदारी में हेरोइन का कारोबार करते थे। वे सस्ते दामों पर मादक पदार्थ खरीदकर ग्राहकों को ऊंचे दामों पर बेचते और मुनाफा आपस में बांट लेते थे। तस्करो ने बताया कि इन पैसो से वे अपने शौक पूरे करने के साथ परिवार का खर्च भी चलाते थे। पुलिस अब इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में जुटी हुई है।

# उप्र के किसानों को 04 मई को मिलेगी 122.28 करोड़ रुपये की फसल क्षतिपूर्ति

कैनविज टाइम्स संवाददाता

- ❒ सभी जनपदों में आयोजित होंगे कार्यक्रम
- ❒ प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खरीफ और रबी सीजन के नुकसान की भरपाई करेगी सरकार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से प्रतिकूल मौसम के कारण प्रभावित होने वाली फसलों से किसानों को सुरक्षा प्रदान करने और उनकी आय स्थिर बनाए रखने के उद्देश्य से व्यापक स्तर पर कार्य किया जा रहा है।

कृषि सांख्यिकी एवं फसल बीमा निदेशक सुमिता सिंह ने इस संबंध में मंगलवार को बताया कि प्रदेश के समस्त जनपदों में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और चयनित 60 जनपदों में पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना का सफल क्रियान्वयन खरीफ 2016 से बीमा कंपनियों के माध्यम से किया जा रहा है। इसी क्रम में आगामी 4 मई, 2026 को अपराह्न 4 बजे प्रदेश के समस्त जनपदों में जनप्रतिनिधियों के माध्यम से खरीफ 2025 एवं रबी 2025-26 की फसल क्षतिपूर्ति धनराशि का वितरण किया जाएगा।

आगामी 04 मई को होने वाले वितरण कार्यक्रम के विवरण के अनुसार, खरीफ 2025 मौसम की कुल देय क्षतिपूर्ति 730.04 करोड़ रुपये में से 624.88 करोड़ रुपये का भुगतान पहले ही किया जा चुका है और शेष 105.16 करोड़ रुपये का भुगतान इस दिन किया जाएगा। इसी प्रकार रबी 2025-26 मौसम की शेष 17.11 करोड़ रुपये की क्षतिपूर्ति का भी भुगतान किया जाएगा। इस प्रकार 04 मई को कुल 122.28 करोड़ रुपये की राशि लाभान्वित किसानों के खातों में अंतरित की जाएगी। 21 फरवरी, 2026 को मुख्यमंत्री द्वारा 'वन-क्लिक' के माध्यम से खरीफ 2025 की 285.00 करोड़ रुपये की क्षतिपूर्ति 2.51 लाख किसानों को वितरित की गई थी। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2017-18 से वर्ष 2025-26 तक प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत अब तक कुल 67.86 लाख किसानों को 5755.68 करोड़ रुपये की राशि क्षतिपूर्ति के रूप में प्रदान की जा चुकी है, जो किसानों के प्रति योगी सरकार की संवेदनशीलता को दर्शाता है। यह योजना ग्राम पंचायत स्तर पर संचालित है, जिसमें खरीफ की प्रमुख फसलें जैसे धान, ज्वार, बाजरा, मक्का, उर्द, मूंग, अरहर, मूंगफली, सोयाबीन व तिल तथा रबी की फसलों में गेहूं, जौ, चना, मटर, मसूर, लाही-सरसों, अलसी व आलू को कवर किया गया है। किसानों के लिए प्रीमियम की दरें बेहद किफायती रखी गई हैं, जिसमें खरीफ फसल हेतु बीमित राशि का 02 प्रतिशत, रबी हेतु 1.5 प्रतिशत और वार्षिक नकदी फसलों के लिए अधिकतम 05 प्रतिशत की दर निर्धारित है।

# ग्रामीण अंचल की प्रतिभा को पंख दे रही लाइब्रेरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मसौली बाराबंकी। जब पंख मिले हौसलों को, तब बच्चों ने आसमान जीत लिया जी हम बात कर रहे है बड़ागांव के पंचायत भवन मे पंचायत द्वारा स्थापित लाइब्रेरी की जो ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा, जागरूकता और आत्मनिर्भरता की एक नई इबारत लिख रही हैं। ये लाइब्रेरी न केवल ज्ञान का केंद्र बन गया हैं, बल्कि ग्रामीण युवाओं के सपनों को पंख देने वाली 'मिसाल' के रूप में उभरी है

इस डिजिटल लाइब्रेरी मे हाई-स्पीड इंटरनेट, कंप्यूटर, यूपीएससी , एसएससी रेलवे, पुलिस की तैयारी के लिए किताबें और संसाधन उपलब्ध है जिससे ग्रामीण छात्रों को शहर जाने की जरूरत नहीं पड़ती और वे गाँव में ही रहकर सफलता प्राप्त कर रहे हैं।

जिला मुख्यालय से 14 किमी दूर मसौली ब्लॉक के बड़ागांव की महिला ग्राम प्रधान नूरफातिमा स्वय तो कुछ ज्यादा पढ़ी लिखी नहीं है लेकिन उन्होंने सोचा कि उनके गांव के बच्चे उनके जैसे न बनें. लिहाजा ग्राम प्रधान बनने के बाद इन्होंने अपने गांव के बच्चों के लिए कुछ खास करने की ठानी. पति नूर मोहम्मद से मशवरा किया और तय हुआ कि गांव में एक लाइब्रेरी बनाई जाए, जिसमें बैठकर गांव के बच्चे तैयारी कर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करें ये लाइब्रेरी केवल कागजों पर नहीं, बल्कि धरातल पर क्रियाशील हैं। इनमें जिला प्रशासन और पंचायत राज विभाग द्वारा नियमित निगरानी की जाती है। यह प्रयास ग्रामीण भारत में 'डिजिटल डिवाइड' को कम करने में एक बड़ी भूमिका निभा रहा है। करीब10 हजार की आबादी वाली ग्राम पंचायत बड़ागांव के लड़के-लड़कियों को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए शहर आता-जाता देख प्रधान पति नूर मोहम्मद के मन में पहले से ही अपने गांव के इन लड़के लड़कियों के लिए कुछ करने का इरादा था. पत्नी की नेक ख्वाहिश ने उनके जज्बे को दुगुना कर दिया. शुरुआत में इन्होंने 8 बच्चों के पढ़ने के लिए गांव में बने पंचायत भवन के एक छोटे से कमरे में एक छोटी सी लाइब्रेरी कायम की. धीरे-धीरे जब बच्चे बढ़ने लगे तो इन्होंने इसका विस्तार कर डाला. अब इस लाइब्रेरी में 25 से ज्यादा बच्चे एक साथ बैठकर बड़े इत्मीनान से अपनी पढ़ाई कर रहे हैं।

## लाइब्रेरी में हैं ये सुविधाएं

इस हाईटेक लाइब्रेरी में 2 कम्प्यूटर हैं, हर बच्चे के लिए अलग डेस्क और कुर्सी है. तमाम प्रतियोगी किताबें, मैगजीन्स हैं. इंटरनेट के ब्रॉड बैंड और वाईफाई कनेक्शन हैं. पेयजल के लिए लाइब्रेरी के बाहर वाटर कूलर लगा है. बाथरूम और टॉयलेट है. यानी किसी भी बच्चे को पढ़ाई के दौरान कोई दिक्कत न हो इसका हर इंतजाम है. इस लाइब्रेरी मे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र छात्रा न केवल बड़ागांव के बल्कि आसपास के तमाम गांवों के युवाओं की आंखों में चमक जाग गई और वे नियमित लाइब्रेरी आने लगे. लाइब्रेरी के शांतिपूर्ण माहौल में बैठकर उन्होने तैयारी शुरू कर दी और बच्चो को. अच्छा माहौल मिला तो कई बच्चों ने प्रतियोगी परीक्षाएं पास कर 8 बच्चे सरकारी सेवा मे प्रतिभाग कर रहे है।

इस लाइब्रेरी मे करीब एक दर्जन ऐसे बच्चे है जो बड़ागांव, मसौली, चक, रामनगरा के रहने वाले है जो रात्रि 12 बजे तक पढ़ाई करते है और सुबह 4 बजे से पुनः पढ़ाई मे लग जाते है यह सभी बच्चे लाइब्रेरी मे ही सो जाते है इस लाइब्रेरी को लेकर गांव के लोगों में भी काफी उत्साह है. इनका कहना है कि पहले जहां उनके बच्चों को कम्पटीशन की तैयारी के लिए शहर जाना पड़ता था लेकिन अब उनको वो सारी सुविधाएं यहीं मिल जा रही हैं.।

# गंगा एक्सप्रेसवे आईएमएलसी : निवेशकों के लिए 'हाई-इंसेंटिव कॉरिडोर'

कैनविज टाइम्स संवाददाता

- ❒ 'निवेश मित्र' सिंगल विंडो से आसान निवेश और पारदर्शिता
- ❒ सब्सिडी से सिंगल विंडो तक पूरा सपोर्ट सिस्टम तैयार
- ❒ कैपिटल सब्सिडी और एसजीएसटी रिइम्बर्समेंट से लागत में बड़ी राहत
- ❒ एफडीआई और भूमि पर विशेष रियायतें, स्टाम्प ड्यूटी में 100% छूट

लखनऊ। गंगा एक्सप्रेसवे के किनारे विकसित हो रहे इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग एंड लॉजिस्टिक्स क्लस्टर्स (आईएमएलसी) अब केवल इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट नहीं, बल्कि हाई-इंसेंटिव इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के रूप में उभर रहे हैं। योगी सरकार द्वारा दी जा रही बहुस्तरीय सब्सिडी, टैक्स छूट, सिंगल विंडो सिस्टम और पीएलआई टॉप-अप जैसी सुविधाएं निवेशकों के लिए इसे देश के सबसे आकर्षक औद्योगिक गंतव्यों में बदल रही है। सरकार ने गंगा एक्सप्रेसवे के किनारे विकसित हो रहे इन आईएमएलसी को निवेश का बड़ा केंद्र बनाने के लिए बहुस्तरीय प्रोत्साहन नीति लागू की है, जिससे लागत कम और कारोबार आसान हो रहा है।

गंगा एक्सप्रेसवे आईएमएलसी में निवेश करने वाले उद्योगों को उत्तर प्रदेश औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति 2022 के तहत एलिजिबल कैपिटल इनवेस्टमेंट (ईसीआई) पर 42 प्रतिशत तक कैपिटल सब्सिडी का लाभ दिया जा रहा है। इसके साथ ही, 100% नेट एसजीएसटी रिइम्बर्समेंट (ईसीआई के 300 प्रतिशत तक) की सुविधा योग्य मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स को दी जा रही है। इससे शुरुआती निवेश लागत में भारी कमी आती है और उद्योगों की वित्तीय व्यवहार्यता मजबूत होती है। राज्य सरकार ने विदेशी निवेश (एफडीआई) को आकर्षित करने के लिए विशेष प्रावधान किए हैं। सरकारी भूमि पर फ्रंट-एंड लैंड सब्सिडी 80 प्रतिशत तक और कैपिटल सब्सिडी 35 प्रतिशत तक दी जा रही है। साथ ही, आईएमएलसी में स्थापित होने वाली इकाइयों को भूमि पंजीकरण पर 100 प्रतिशत स्टाम्प ड्यूटी छूट का लाभ मिलता है,




जिससे जमीन अधिग्रहण और स्थापना की प्रक्रिया बेहद किफायती हो जाती है। औद्योगिक विकास को गति देने के लिए ऊर्जा और नवाचार पर विशेष ध्यान दिया गया है। एफडीआई और फॉर्च्यून ग्लोबल 500 कंपनियों को 5 वर्षों तक 100 प्रतिशत बिजली शुल्क (इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी) में छूट दी जा रही है। ग्रीन इंडस्ट्री को बढ़ावा देने के लिए 2.5 करोड़ रुपये तक का इंसेंटिव (50 प्रतिशत तक) उपलब्ध है। वहीं, रिसर्च एवं डेवलपमेंट को प्रोत्साहित करने हेतु 10 करोड़ रुपये तक का आरएंडडी ग्रांट भी दिया जा रहा है, जिससे अत्याधुनिक तकनीक और इनोवेशन को बढ़ावा मिलेगा।

निवेश प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाने के लिए 'निवेश मित्र' सिंगल विंडो पोर्टल को मजबूत किया गया है। इस प्लेटफॉर्म पर 500 से अधिक ऑनलाइन सेवाएं, भूमि आवंटन, स्वीकृति और इंसेंटिव ट्रैकिंग की सुविधा उपलब्ध है। इससे निवेशकों को अलग-अलग विभागों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते और समय की बचत होती है। गंगा एक्सप्रेसवे आईएमएलसी में स्थापित उद्योगों को केंद्र सरकार की पीएलआई योजना के साथ 30 प्रतिशत तक का अतिरिक्त टॉप-अप भी दिया जा रहा है। यह सुविधा विशेष रूप से मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को प्रतिस्पर्धी बनाती है और बड़े निवेश को आकर्षित करने में मदद करती है।

## यूपी कोऑपरेटिव यूनियन लिमिटेड लखनऊ की प्रबंध समिति निर्विरोध घोषित

लखनऊ। उत्तर प्रदेश राज्य सहकारी समिति निर्वाचन आयोग के आदेश के अनुपालन में यूपी कोऑपरेटिव यूनियन लिमिटेड, लखनऊ की नवनिर्वाचित प्रबंध समिति के निर्वाचन परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। निर्वाचन अधिकारी द्वारा 30 मार्च 2026 को राज्य सहकारी समिति निर्वाचन नियमावली 2014 के नियम 43(1) के अंतर्गत अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों का निर्वहन करते हुए निम्नलिखित पदाधिकारियों एवं सदस्यों को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया है। प्रबंध समिति के निर्वाचित सदस्यों में शिवेन्द्र सिंह, सभापति तथा बृजकिशोर, उपसभापति घोषित किए गए। इसके अतिरिक्त शिवदत्तनारायण सिंह, अभय सिंह चौहान, हरि ओम मिश्रा, सुरेश गंगवार, दिवाकर मिश्रा, जयवीर सिंह सिरोही, रामनिवास यादव, बालेंद्र प्रताप सिंह, धनंजय कुमार सिंह सदस्य निर्वाचित हुए हैं। धनंजय कुमार सिंह को एनसीयूआई नई दिल्ली के प्रतिनिधि के रूप में भेजा गया है। इसके अतिरिक्त शारदा सिंह, उषा मौर्य और आकांक्षा सोनकर सदस्य नामित हुई हैं।

# मोदी हरदोई में करेंगे गंगा एक्सप्रेस वे का उद्घाटन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

फर्रुखाबाद। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 29 अप्रैल को हरदोई के मल्लावां में गंगा एक्सप्रेसवे के उद्घाटन एवं जनसभा कार्यक्रम को लेकर भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं की तैयारी बैठक मंगलवार को जिला मुख्यालय पर आयोजित की गई। भाजपा प्रदेश मंत्री शंकर लाल लोधी ने आवास विकास स्थित भाजपा जिला मुख्यालय पर जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में हरदोई रैली में भाग लेने वाले कार्यकर्ताओं तथा जिला प्रशिक्षण वर्ग की तैयारियों की समीक्षा की।

श्री लोधी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 29 अप्रैल को गंगा एक्सप्रेसवे का उद्घाटन करेंगे और इसके अंतर्गत हरदोई जनपद के मल्लावां में एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। इस जनसभा में फर्रुखाबाद जनपद से भी बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं को पहुंचाने की तैयारी की गई है।

उन्होंने बताया कि जिले से 15 हजार कार्यकर्ताओं को रैली में पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस लक्ष्य की पूर्ति के लिए प्रत्येक मंडल से कार्यकर्ताओं को शामिल किया जाएगा। बसों से जाने वाले कार्यकर्ता हुल्लापुर चौराहे से रवाना होंगे, जबकि निजी वाहनों से जाने वाले कार्यकर्ता कन्नौज मार्ग से रैली स्थल पहुंचेंगे।

सभी कार्यकर्ताओं के भोजन की व्यवस्था भी की गई है। प्रदेश मंत्री ने बताया कि नवनियुक्त जिला कार्यसमिति की बैठक 1 मई से 5 मई के बीच आयोजित होगी। इसके बाद 15 मई के पश्चात दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया जाएगा, जिसमें जिला कार्यकारिणी के नवनियुक्त पदाधिकारियों एवं कार्यसमिति सदस्यों को भाजपा के संगठन विस्तार और कार्यप्रणाली की जानकारी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग के लिए प्रदेश संगठन द्वारा वक्ताओं की नियुक्ति की जा चुकी है और तिथियों की घोषणा शीघ्र कर दी जाएगी।

# ड्रिप इरीगेशन से गन्ना उत्पादन में 25 प्रतिशत तक बढ़ोतरी, किसानों की बढ़ी आय

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग विकास विभाग ने ड्रिप इरीगेशन (बूंद-बूंद सिंचाई) को बढ़ावा दिया है। यह तरीका अपनाने वाले किसानों को गन्ना उत्पादन में 25 प्रतिशत तक बढ़ोतरी मिली है।

गन्ना विभाग के मुताबिक, पिछले 09 वर्षों में 73,078 हेक्टेयर गन्ना क्षेत्रफल में ड्रिप इरीगेशन संयंत्र की स्थापना की जा चुकी है। जो किसान इसका उपयोग कर रहे हैं, वहां उत्पादन 25 प्रतिशत बढ़ा है। ड्रिप इरीगेशन में बूंद-बूंद पानी सिंचाई के लिए उपयोग होता है। इससे 50 प्रतिशत तक जल की बचत भी हो रही है। करीब इतनी ही उर्वरकों की भी बचत हो रही है, क्योंकि इनको पानी में मिलाकर ही पौध तक आसानी से पहुंचा दिया जाता है। पानी और उर्वरकों की बर्बादी कम होने के साथ ही किसानों पर इसके खर्च का बोझ भी कम हुआ है। यह उनकी आय में वृद्धि की प्रमुख वजह भी बन रहा है।

गन्ना विभाग के मुताबिक ड्रिप इरीगेशन के जरिए क्षारयुक्त और कम बारिश वाले क्षेत्रों में भी गन्ने की खेती संभव हो पाई है। पिछले कई वर्षों में ड्रिप इरीगेशन के फायदे देखकर इसे अपनाने वाले किसानों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। गन्ना विभाग के मुताबिक वर्ष 2017 तक उत्तर प्रदेश में मात्र 37 चीनी मिलों में एथनॉल प्लांट थे। इनकी क्षमता लगभग 88 करोड़ लीटर वार्षिक थी लेकिन उत्पादन महज 42 करोड़ लीटर था। वहीं वर्तमान में 53 चीनी मिलों की एथनॉल उत्पादन क्षमता बढ़ाकर करीब 258 करोड़ लीटर वार्षिक हो चुका है। शुगर सेक्टर की एथनॉल उत्पादन बढ़कर 137 करोड़ लीटर तक पहुंच गया है।

**प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों को स्कूलों में पाई जाने वाली कमियों को चिह्नित कर जल्द से जल्द दूर कराने के निर्देश**

# बच्चों को बेहतर-सुविधायुक्त शैक्षिक वातावरण उपलब्ध कराने पर जोर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

- ❒ मजबूत होंगी ऑपरेशन कायाकल्प और प्रोजेक्ट अलंकार से स्कूलों में सुविधाएं
- ❒ कमियों को दूर करने के लिए चलेगा विशेष अभियान
- ❒ 'प्रोजेक्ट अलंकार': अधोसंरचना को और मजबूत बनाने के निर्देश
- ❒ विद्यालयों को 'विद्यांजलि पोर्टल' से जोड़ने की प्रक्रिया तेज करने के निर्देश



लखनऊ। विद्यालयों में नामांकन बढ़ाने के साथ-साथ बच्चों को बेहतर और सुविधायुक्त शैक्षिक वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से योगी सरकार ने प्रदेश भर में स्कूलों के कायाकल्प को गति देते हुए बुनियादी सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण पर विशेष जोर दिया है। इसी क्रम में अपर मुख्य सचिव, बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा, पार्थ सारथी सेन शर्मा ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश जारी करते हुए कहा है कि विद्यालयों में मौजूद अवसंरचनात्मक कमियों की पहचान कर उन्हें प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र दूर किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी विद्यालय में आवश्यक सुविधाओं का अभाव अब स्वीकार्य नहीं होगा और सभी संस्थानों को निर्धारित मानकों के अनुरूप विकसित किया जाएगा। योगी सरकार शिक्षा के क्षेत्र में आधारभूत ढांचे को मजबूत कर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में लगातार ठोस कदम उठा रही है, जिससे प्रदेश के हर बच्चे को बेहतर और सुसज्जित विद्यालयी वातावरण मिल सके। 'ऑपरेशन कायाकल्प' के अंतर्गत अब तक हुए कार्यों की समीक्षा करते हुए शेष कमियों को दूर करने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत गैप एनालिसिस के माध्यम से हर विद्यालय की जरूरतों का आकलन कर उन्हें पूरा किया जाएगा। जहां संसाधनों की कमी होगी, वहां कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व और संबंधित विभागों के सहयोग से आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी, ताकि कोई भी स्कूल बुनियादी सुविधाओं से वंचित न रहे। अपर मुख्य सचिव, बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा, पार्थ सारथी सेन शर्मा ने बताया कि माध्यमिक विद्यालयों में 'प्रोजेक्ट अलंकार' के अंतर्गत अधोसंरचना को और मजबूत बनाने के निर्देश दिए गए हैं।

अधिकारियों को स्पष्ट रूप से कहा गया है कि जिन स्कूलों में किसी प्रकार की कमी पाई जाती है, उसे प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जाए। यदि अतिरिक्त संसाधनों की आवश्यकता हो, तो समेकित प्रस्ताव तैयार कर विभाग को भेजा जाए, जिससे समयबद्ध समाधान सुनिश्चित हो सके। इसके साथ ही सभी विद्यालयों को 'विद्यांजलि पोर्टल' से जोड़ने की प्रक्रिया तेज करने के निर्देश भी दिए गए हैं। इस पोर्टल के माध्यम से स्कूल अपनी आवश्यकताओं को दर्ज करेंगे और एनजीओ, सीएसआर व अन्य सहयोगियों के माध्यम से उन जरूरतों को पूरा किया जाएगा। जिला स्तर पर इसकी सतत निगरानी की जाएगी, जिससे कार्यों में पारदर्शिता और जवाबदेही बनी रहे।

# सनराइजर्स की कड़ी चुनौती से पार पाकर जीत की राह पर लौटने की कोशिश करेगा मुंबई इंडियंस

एजेंसी


मुंबई। पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस को अगर अपनी किस्मत पलटनी है तो उसे शानदार फॉर्म में चल रहे सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ बुधवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के महत्वपूर्ण मुकाबले में खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। मुंबई की टीम पहले सात मैचों में पांच में हार से चार अंक लेकर नौवें स्थान पर है। उसे चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ 103 रन से करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा था जिससे उसका नेट रन रेट भी बिगड़ गया है। मुंबई की टीम की चिंता भारत की टी20 विश्व कप विजेता टीम के चार खिलाड़ियों में शामिल कप्तान हार्दिक पंड्या (तीन विकेट और 97 रन) और सूर्यकुमार यादव (110) का खराब प्रदर्शन है। तिलक वर्मा के गुजरात टाइटन्स के खिलाफ आईपीएल में पहले शतक से मुंबई लगातार चार मैचों में हार का



सिलसिला तोड़ने में सफल रहा था लेकिन चेन्नई से मिली करारी हार ने एक बार फिर उसके लड़खड़ाते अभियान को और भी मुश्किल में डाल दिया। मुंबई इंडियंस के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का प्रदर्शन भी निराशाजनक रहा है। वह अभी तक केवल दो विकेट ले पाए हैं। बुमराह बीच के ओवर और डेथ ओवरों में गेंदबाजी करते रहे हैं लेकिन पिछले दो मैच में उन्होंने गेंदबाजी की शुरुआत की क्योंकि अन्य गेंदबाज मुंबई को अच्छी शुरुआत दिलाने में नाकाम रहे थे। न तो ट्रेंट बोल्ट (एक विकेट) और ना ही दीपक चाहर (एक) अपने आक्रामक तेवर दिखा पाए हैं। मुंबई के गेंदबाजों के असफल होने के कारण विरोधी टीमों ने पावरप्ले में नियंत्रण बनाया है जिससे मुंबई को नुकसान पहुंचा। इस बीच रोहित शर्मा की अनुपस्थिति ने खालीपन सा पैदा कर दिया है। उनकी जगह पारी का आगाज करने के लिए भेजे गए दानिश मालेवार (2 और 0) उम्मीदों पर खरा नहीं उतर पाए हैं। अब यह देखना है कि पूर्व कप्तान रोहित हैमस्ट्रिंग की समस्या से उबरने के बाद पूरी फिटनेस हासिल कर पाए हैं या नहीं। चोटिल मिचेल सैंटनर की जगह केशव महाराज को टीम में शामिल किए जाने के बाद यह देखना बाकी है कि विल जैक्स को अंतिम एकादश में जगह मिलती है या नहीं। जैक्स ने टी20 विश्व कप में इसी तरह की परिस्थितियों में शानदार प्रदर्शन किया था। सनराइजर्स इस बात से अच्छी तरह वाकिफ होगा कि मुंबई अपनी हार का सिलसिला तोड़ने में कोई कसर नहीं छोड़ेगा। ऐसे में उसकी उम्मीद बल्लेबाजों पर टिकी रहेगी जो वानखेड़े स्टेडियम की बल्लेबाजी के लिए अनुकूल परिस्थितियों का फायदा उठाने की कोशिश करेंगे।

# मैराथन रिकॉर्ड धारक ने स्वयं कराए कई डोप टेस्ट

एजेंसी



लंदन। दो घंटे से कम समय में मैराथन पूरी करने वाले पहले धावक सबास्टियन सावे ने यह रिकॉर्ड बनाने से पहले स्वयं ही डोपिंग के कई परीक्षण करवाए और उन्हें उम्मीद है कि वह दुनिया के सामने यह साबित कर देंगे कि वह पूरी तरह से साफ सुथरा होकर प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। कीनिया के इस 29 वर्षीय धावक ने रविवार को लंदन मैराथन में एक घंटे, 59 मिनट और 30 सेकंड का समय लेकर वह कारनामा कर दिखाया जिसे लंबे समय से असंभव माना जा रहा था, लेकिन कीनिया में हाल के वर्षों में कई प्रमुख धावक डोपिंग के दोषी पाए गए जिनमें महिला मैराथन में विश्व रिकॉर्ड धारक रूथ चेपनगेटिच भी शामिल हैं जिन पर अक्टूबर में तीन साल का प्रतिबंध लगाया गया था। इसलिए सावे ने अपने कोच और प्रबंधन टीम के साथ मिलकर अपने प्रदर्शन को लेकर किसी भी संदेह को दूर करने के लिए स्वेच्छा से 'कई' डोपिंग परीक्षण करवाए। पिछले साल बर्लिन और लंदन मैराथन जीतने वाले सावे ने पत्रकारों से कहा, ''मेरे देश में डोपिंग कैंसर बन गया है और इसलिए मैं कड़ी परीक्षण प्रक्रिया से गुजरा। सावे ने कहा कि उन्होंने और उनकी टीम ने कड़ी परीक्षण प्रक्रिया लागू करने का फैसला इसलिए किया क्योंकि वह नहीं चाहते थे कि लोग उनकी जीत को संदेह की नजर से देखें। उन्होंने कहा, ''मैं दुनिया को दिखाना चाहता था कि हम डोपिंग के बिना भी तेज गति से दौड़कर अच्छे परिणाम हासिल कर सकते हैं।'' लंदन मैराथन के प्रसारण अधिकार रखने वाले बीबीसी ने बताया कि एडिडास ने सावे का 12 महीने की अवधि में नियमित रूप से परीक्षण करवाने के लिए ट्रैक एंड फील्ड की डोपिंगरोधी संस्था एथलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट को 50,000 डॉलर दिए थे। इसमें प्रतियोगिता से इतर 25 बार परीक्षण करवाना भी शामिल है। एथलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट ने सावे की परीक्षण प्रक्रिया पर टिप्पणी के लिए एसोसिएटेड प्रेस के अनुरोध का तुरंत जवाब नहीं दिया। सावे ने कहा कि अन्य धावकों को भी स्वेच्छा से परीक्षण करवाने के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा, ''इससे हर कोई अपने साथी एथलीट के साथ दौड़ते समय सहज महसूस करेगा क्योंकि किसी को भी यह संदेह नहीं होगा कि कोई और भी उसी चीज का इस्तेमाल कर रहा है जिसका वह कर रहा है। इसलिए साफ-सुथरा रहकर दौड़ना और दुनिया को यह दिखाना महत्वपूर्ण है कि प्रतिभा, कड़ी मेहनत, अनुशासन और धैर्य से बड़ी उपलब्धियां हासिल की जा सकती हैं।

# संक्षिप्त समाचार

## चीन से 0-5 से हारकर भारत उबेर कप से बाहर, अब थॉमस कप पर निगाह

**होर्सेंस (डेनमार्क)।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु मजबूत स्थिति में होने का फायदा नहीं उठा पाई जबकि अन्य खिलाड़ियों ने भी महत्वपूर्ण मौकों पर अच्छा प्रदर्शन नहीं किया जिससे भारत उबेर कप में चीन से 0-5 से हारकर इस बैडमिंटन टूर्नामेंट से बाहर हो गया। भारतीय महिला टीम ने मेजबान डेनमार्क से 2-3 की हार के साथ शुरुआत की थी, लेकिन उसके बाद उसने यूक्रेन पर 4-1 से जीत हासिल करके क्वार्टर फाइनल में पहुंचने की अपनी उम्मीद बनाए रखी थी। उबेर कप में 16 बार के चैंपियन चीन से भारत को पिछले तीनों मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा है। सिंधु ने भारत की तरफ से शुरुआत की जबकि उन्नति हुडा और तन्वी शर्मा की जगह अन्य दो एकल मुकाबलों के लिए ईशरानी बरुआ और देविका सिहाग को टीम में शामिल किया गया। सिंधु निर्णायक सेट में 18-12 से आगे थी लेकिन आखिर में वह विश्व की दूसरे नंबर की खिलाड़ी वांग झियी से 16-21, 21-19, 19-21 से हार गईं। इससे चीन ने सोमवार को ग्रुप ए के इस महत्वपूर्ण मुकाबले में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली। सिंधु ने बाद कहा, '''यह एक अच्छा मैच था। अगर मैं जीत हासिल करने में सफल रहती तो और भी अच्छा होता। मुझे मौके मिले, लेकिन ऐसा नहीं था कि कुछ अंक आसान थे। प्रत्येक अंक के लिए कड़ा मुकाबला हुआ। हम वास्तव में प्रत्येक अंक के लिए बहुत संघर्ष कर रहे थे। प्रिया कोंजेंगबम और श्रुति मिश्रा पहले युगल मुकाबले में विश्व की नंबर एक जोड़ी लियू शेंग शू और टैन निंग के सामने नहीं टिक पाईं और 11-21, 8-21 से हार गईं। इशारानी बरुआ ने तोक्यो ओलंपिक चैंपियन चेन युफ़ेई के सामने कड़ी चुनौती पेश की लेकिन विश्व में 38वें नंबर की भारतीय खिलाड़ी ने पहले गेम में 20-19 पर एक आसान मौका गंवा दिया। विश्व में चौथे नंबर की खिलाड़ी युफ़ेई ने यह मैच 44 मिनट में 22-20, 21-13 से जीतकर चीन को 3-0 की अजेय बढ़त दिला दी। दूसरे युगल में त्रीसा जॉली और कविप्रिया सेल्वम की जोड़ी को 59 मिनट तक चले मुकाबले में लूओ जू मिन और झांग शू जियान से 10-21, 21-12, 19-21 से हार का सामना करना पड़ा। विश्व में 43वें नंबर की खिलाड़ी देविका सिहाग ने भी अच्छी शुरुआत की लेकिन वह लय बरकरार रखने में विफल रहीं और तीसरे एकल में विश्व में 97वें नंबर की खिलाड़ी जू वेन जिंग से 21-19, 17-21, 10-21 से हार गईं। भारत की निगाहें अब पुरुष टीम पर टिकी हैं जो थॉमस कप में ग्रुप ए में अपने आखिरी मुकाबले में चीन का सामना करेगा। 2022 की चैंपियन भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया पर 5-0 की शानदार जीत से पहले ही क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। भारत और चीन इस ग्रुप में शीर्ष पर हैं। भारत ने कनाडा पर 4-1 से जीत के साथ शुरुआत की थी। चीन ने अपने पहले मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को 5-0 से हराया था। उसने सोमवार को कनाडा को 4-1 से पराजित किया।

## डब्ल्यूएफआई ने दो जन्म प्रमाण पत्र के मामले में अंडर17 पहलवान को प्रतियोगिता में भाग लेने से रोका

**नयी दिल्ली।** भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने संभाजी नगर में राष्ट्रीय चैंपियनशिप के पहले दिन एक अंडर17 महिला पहलवान को प्रतियोगिता में भाग लेने से रोक दिया, क्योंकि उसके पिता ने अलग-अलग राज्यों से दो जन्म प्रमाण पत्र पेश किए थे जिससे सरकारी स्तर पर दस्तावेज़ सत्यापन में स्पष्ट कमियां भी उजागर हुईं। मध्य प्रदेश की तरफ से महिलाओं के 57 किलोग्राम वर्ग में भाग लेने की इच्छुक पहलवान (नाम गुप्त रखा गया है) के जन्म प्रमाण पत्रों में विसंगतियां पाई गई थी जिसके बाद अधिकारियों ने उसे प्रतियोगिता में भाग लेने से रोक दिया। यह दस्तावेज पीटीआई के पास भी हैं जिनमें मध्य प्रदेश में जारी किए गए एक जन्म प्रमाण पत्र में जन्म तिथि 26 अगस्त, 2010 बताई गई है, लेकिन पंजीकरण और जारी करने की तिथि 16 नवंबर 2021 दिखाई गई है। यह तिथि जन्म के एक दशक से भी अधिक समय बाद की है। इस प्रमाण पत्र में श्योपुर जिले का पता अंकित है और इसे ग्राम पंचायत कार्यालय ने जारी किया था। डब्ल्यूएफआई के एक सूत्र के अनुसार पंजीकरण में देरी के बारे में पूछे जाने पर इस पहलवान के पिता ने राजस्थान से जारी किया गया एक और जन्म प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया। नए जन्म प्रमाण पत्र में भी जन्मतिथि 26 अगस्त 2010 ही दर्ज है लेकिन उसमें पंजीकरण की तिथि एक सितंबर 2010 बताई गई है। यह पंजीकरण राजस्थान के श्रीगंगानगर में हुआ था और जन्म स्थान के रूप में वहां के एक निजी नर्सिंग होम का उल्लेख किया गया है। हालांकि यह प्रमाणपत्र इसके काफी बाद अप्रैल 2025 में जारी किया गया था। पिता ने इस बात पर जोर दिया कि जन्मतिथि में कोई हेरफ़ेर नहीं किया गया था। उन्होंने कहा कि परिवार के मध्य प्रदेश स्थानांतरित होने के बाद इस राज्य से भी नया प्रमाण पत्र प्राप्त किया गया था, ताकि पहलवान राज्य का प्रतिनिधित्व कर सके। डब्ल्यूएफआई के अधिकारियों ने हालांकि पहलवान को प्रतियोगिता में प्रवेश देने से इनकार कर दिया और सवाल उठाया कि मूल दस्तावेजों के सत्यापन के बिना कोई अन्य राज्य कैसे दूसरा जन्म प्रमाण पत्र जारी कर सकता है। डब्ल्यूएफआई के एक अधिकारी ने कहा, ''इससे गंभीर चिंताएं पैदा होती हैं। हमसे आयु पात्रता के संबंध में सख्त अनुपालन सुनिश्चित करने की अपेक्षा की जाती है, लेकिन उचित जांच के बिना ऐसे प्रमाण पत्र कैसे जारी किए जा रहे हैं। अगर दो राज्य अलग-अलग जन्म प्रमाण पत्र जारी करते हैं तो इससे पूरी व्यवस्था ही कमजोर हो जाएगी।

## देश की अधिकतम बिजली मांग सोमवार को दूसरी बार 256 गीगावाट के करीब पहुंची

**नयी दिल्ली।** देश में भीषण गर्मी के बीच सोमवार को अधिकतम बिजली मांग लगातार दूसरी बार रिकॉर्ड स्तर के करीब पहुंच गई और 255.85 गीगावाट दर्ज की गई। एयर कंडीशनर और डेजर्ट कूलर जैसे शीतलन उपकरणों के बढ़ते उपयोग ने मांग को बढ़ाया। उत्तर, मध्य और पश्चिम भारत में तेज गर्मी के बीच बिजली की खपत में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई क्योंकि लोग गर्मी से राहत पाने के लिए शीतलन उपकरणों का अधिक इस्तेमाल कर रहे हैं। ऊर्ज़ा मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, सोमवार 27 अप्रैल 2026 को अधिकतम बिजली मांग 255.85 गीगावाट (करीब 256 गीगावाट) रही। इस महीने के दूसरे पखवाड़े में मांग तेजी से बढ़नी शुरू हुई और 24 अप्रैल (शुक्रवार) को यह 252.07 गीगावाट तक पहुंच गई। इसके बाद 25 अप्रैल (शनिवार) को यह 256.11 गीगावाट के स्तर को पार कर गई। हालांकि, 26 अप्रैल (रविवार) को अधिकतर वाणिज्यिक एवं औद्योगिक प्रतिष्ठान बंद रहने से मांग घटकर 238.15 गीगावाट रह गई। देश के कुछ हिस्सों में धूल भरी आंधी और छिटपुट बारिश के कारण भी बिजली खपत पर कुछ हद तक नियंत्रण रहा। पिछले वर्ष गर्मियों में अधिकतम बिजली मांग जून 2025 में 242.77 गीगावाट रही थी जो सरकार के 277 गीगावाट के अनुमान से कम थी। वहीं 2024 में मई में रिकॉर्ड 250 गीगावाट और 2023 में सितंबर में सर्वाधिक 243.27 गीगावाट मांग दर्ज की गई थी।

# गेंदबाजी कोच कोच रंगराजन के भरोसे ने दिया नये प्रयोगों का आत्मविश्वासः कृणाल

एजेंसी

नयी दिल्ली। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के हरफनमौला कृणाल पंड्या ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के पिछले दो सत्रों में अपनी गेंदबाजी में आए बदलाव का श्रेय टीम के स्पिन गेंदबाजी कोच मलोलन रंगराजन को देते हुए कहा कि उनके भरोसे ने उन्हें नए प्रयोग करने की स्वतंत्रता दी। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ सोमवार को टीम की महज 6.3 ओवर में नौ विकेट से बड़ी जीत के बाद उन्होंने कहा कि उन्हें विकेट लेने की जिम्मेदारी दी गई है, जिससे वह खुलकर नए प्रयोग कर सकते हैं। आरसीबी ने कैपिटल्स को महज 75 रन पर आउट करने के बाद 81 गेंद शेष रहते एकतरफा जीत दर्ज की। इस आईपीएल में अपनी तेज रफ्तार वाली बाउंसर गेंदों से बल्लेबाजों की परेशानी



बढ़ाने वाले कृणाल ने कहा, ''हमारे स्पिन बॉलिंग कोच मलोलन रंगराजन को भी काफी श्रेय जाना चाहिए। जब मैं आरसीबी में आया, तो मेरी भूमिका बदल गई। मुझे विकेट लेने और प्रयोग करने की आजादी मिली। यह भरोसा बहुत मदद करता है। उन्होंने कहा, ''जब मैंने आईपीएल खेलना शुरू किया, तब मेरी भूमिका रन रोकने की थी। मैं बिना कुछ नया जोड़े भी यह काम कर पा रहा था, लेकिन पिछले दो-तीन साल में 'इम्पैक्ट प्लेयर' नियम के बाद बल्लेबाजी के तरीके में काफी बदलाव आया है। उन्होंने कहा, ''अगर आपका कोच आप पर विश्वास जताता है और आत्मविश्वास देता है, तो इसका काफी असर पड़ता है। मुझे विकेट लेने की जिम्मेदारी पसंद आने लगी है और मैं अपने नए प्रयोगों को आजमाना चाहता हूं। मैं सिर्फ दिखावे के लिए बाउंसर नहीं डालता, इसके पीछे ठोस तर्क और योजना होती है। उन्होंने कहा, ''पिछले साल आरसीबी के साथ मेरा सत्र अच्छा रहा। मैं सोच रहा था कि अपने खेल में क्या नया जोड़ूं, ताकि मानसिक रूप से बल्लेबाज से एक कदम आगे रह सकूं। इसी वजह से मैंने बाउंसर और 'लो-आर्म ट्राजेक्टरी' वाली गेंद का इस्तेमाल शुरू किया। कृणाल की यह रणनीति बाएं हाथ के बल्लेबाजों के खिलाफ भी कारगर रही है। उन्होंने कहा, ''वामहस्त बल्लेबाजों के खिलाफ बाएं हाथ के गेंदबाजों के इस्तेमाल को लेकर काफी चर्चा होती है। मैंने इसे चुनौती के रूप में लिया और अब तक यह मेरे लिए कारगर साबित हुआ है।

# दक्षिण अफ्रीका से टी20 श्रृंखला में 1-4 से हार के बावजूद भारत ने काफी कुछ सीखाः मजूमदार

बेनोनी। भारतीय महिला टीम के मुख्य कोच अमोल मजूमदार ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 1-4 की निराशाजनक हार के बावजूद उनकी टीम को इस दौरे से काफी कुछ सीखने को मिला है। भारत ने पहले तीन मैच गंवाने के बाद चौथा मैच जीता लेकिन वह सोमवार को यहां पांचवें और अंतिम टी20 में 23 रन से हार गया। इस चुनौतीपूर्ण श्रृंखला के समाप्त होने के बाद मजूमदार ने कहा, ''मुझे लगता है कि यह शानदार श्रृंखला रही, जिसमें दोनों टीम के बीच अच्छा मुकाबला हुआ। शुरुआत से ही मुकाबला कड़ा था और दक्षिण अफ्रीका में आकर खेलना बहुत अच्छा रहा। उन्होंने कहा, ''निश्चित तौर पर परिणाम हमारे पक्ष में नहीं रहा। 4-1 के परिणाम से हम थोड़े निराश हैं, लेकिन हमने इस श्रृंखला से बहुत कुछ सीखा है।

# 13 करोड़ के पार पहुंची एनएसई के रजिस्टर्ड इन्वेस्टर्स की संख्या, 40 प्रतिशत इन्वेस्टर 30 साल से कम उम्र के

एजेंसी

नई दिल्ली। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने रजिस्टर्ड इन्वेस्टर्स की संख्या के मामले में नया मुकाम हासिल कर लिया है। एनएसई के रजिस्टर्ड इन्वेस्टर्स की संख्या 13 करोड़ के पार पहुंच गई है। एनएसई ने सोमवार यानी 27 अप्रैल के कारोबारी सत्र के दौरान यह उपलब्धि हासिल की। इसके पहले सितंबर 2025 में एनएसई पर रजिस्टर्ड इन्वेस्टर्स की संख्या 12 करोड़ के स्तर पर पहुंची थी। इस तरह सिर्फ सात महीने की अवधि में ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज से एक करोड़ नए रजिस्टर्ड इन्वेस्टर्स जुड़ गए। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार एनएसई से जुड़े रजिस्टर्ड इन्वेस्टर्स में महिलाओं की संख्या में भी जबरदस्त बढ़ोतरी हुई है। एनएसई के हर चार रजिस्टर्ड इन्वेस्टर में एक महिला है। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के इन्वेस्टर्स की औसत आयु भी अब घट कर 33 साल हो



गई है। इसके पहले साल 2021 में एनएसई के निवेशकों की औसत आयु 36 साल थी। स्टॉक एक्सचेंज के रिकॉर्ड के मुताबिक इसके निवेशकों में लगभग 40 प्रतिशत संख्या 30 साल से कम उम्र के निवेशकों की है। आपको बता दें कि पिछले कुछ सालों में स्टॉक मार्केट के इन्वेस्टर्स की संख्या में बढ़ोतरी की रफ्तार काफी तेज हो गई है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के इन्वेस्टर्स की संख्या एक करोड़ के स्तर तक पहुंचने में 14 साल की अवधि लगी थी। इसके बाद इन्वेस्टर्स की संख्या में तेजी से बढ़ोतरी होने लगी। एक करोड़ इन्वेस्टर की संख्या पूरी करने के बाद अगले 11 साल में एनएसई के रजिस्टर्ड इन्वेस्टर्स की संख्या चार करोड़ तक पहुंच गई। इसके बाद पिछले कुछ साल से स्टॉक एक्सचेंज से औसतन छह से आठ महीने की अवधि में ही एक करोड़ नए इन्वेस्टर जुड़ रहे हैं। एनएसई के आंकड़ों के अनुसार वित्त वर्ष 2020-21 से वित्त वर्ष 2025-26 तक की पांच साल की अवधि में रजिस्टर्ड इन्वेस्टर्स की संख्या 26.4 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) से बढ़ी। इससे पहले के पांच साल की अवधि के दौरान ये दर 15.2 प्रतिशत थी। इसी अवधि के में नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन 18 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर से बढ़ कर 460.6 लाख करोड़ रुपये हो गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार देश के ज्यादातर हिस्सों के लोग रजिस्टर्ड इन्वेस्टर के रूप में एनएसई से जुड़ चुके हैं। फिलहाल देश के 99.85 प्रतिशत पिन कोड (पोस्टल एरिया) में एनएसई के रजिस्टर्ड इन्वेस्टर मौजूद हैं।

# भारत-न्यूजीलैंड एफटीए के बाद 2030 तक 2 ट्रिलियन यूएस डॉलर के निर्यात का लक्ष्य

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने भारत-न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर करने के बाद देश के निर्यात पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के लिए नई दिल्ली के भारत मंडपम में निर्यात संवर्धन परिषदों (ईपीसी) और उद्योग जगत के साथ एक उच्च-स्तरीय बैठक की। बैठक में बदलते वैश्विक व्यापार परिदृश्य के संदर्भ में भारत के निर्यात पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने से जुड़ी रणनीतियों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में पीयूष गोयल ने कहा कि यह उपलब्धि विकसित भारत की परिकल्पना के अंतर्गत वर्ष 2030 तक 2 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर के निर्यात का लक्ष्य हासिल करने के लिए एक आधार का काम करेगी। उन्होंने निर्यातकों और उद्योग जगत से आग्रह किया कि वे विकसित अर्थव्यवस्थाओं के साथ भारत के मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) का पूरा लाभ



उठाकर बाजार पहुंच बढ़ाएं, निर्यात को बढ़ावा दें और रोजगार के अवसरों का सृजन करें। उन्होंने कहा कि इन समझौतों का समय पर उपयोग करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। मंत्रालय के मुताबिक भारत मंडपम में भारत-न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर समारोह के दौरान आयोजित इस बैठक में 30 ईपीसी और शीर्ष उद्योग मंडलों के प्रतिनिधियों के साथ-साथ वाणिज्य विभाग और विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। डीजीएफटी ने निर्यात सुधार प्रारूप प्रस्तुत किया। उद्योग ने एमएसएमई की चुनौतियों को स्पष्ट किया।

# सर्राफा बाजार में सोने की घटी चमक चांदी के भाव में कोई बदलाव नहीं


एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान सोने की कीमत में कमजोरी का रुख बना हुआ है। हालांकि चांदी के भाव में आज शुरुआती कारोबार के दौरान कोई बदलाव नजर नहीं आ रहा है। सोना आज 300 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 330 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो गया है। वहीं अंतरराष्ट्रीय बाजार में आज हाजिर सोना 0.29 प्रतिशत गिर कर 4,669.61 डॉलर प्रति औंस के स्तर पर आ गया है। इसी तरह चांदी भी आज अंतरराष्ट्रीय बाजार में 75.91 डॉलर प्रति औंस के स्तर पर ट्रेड कर रही है। घरेलू सर्राफा बाजार में हाजिर सोने की कीमत में आई गिरावट के कारण देश के ज्यादातर हिस्सों में 24 कैरेट सोना 1,53,700 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,55,250 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं 22 कैरेट सोना आज 1,40,890 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,42,310 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। वहीं चांदी के भाव में कोई बदलाव नहीं होने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज भी 2,59,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर ही बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,53,850 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,41,040 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,53,700 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,40,890 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,53,750 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,40,940 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है।

# नीति आयोग ने भारत की डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर यात्रा का रोडमैप किया लॉन्च

एजेंसी

नई दिल्ली। नीति आयोग ने भारत की डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (डीपीआई) यात्रा के अगले चरण के लिए एक रणनीतिक रोडमैप, "DPI@2047" लॉन्च किया है। इसका उद्देश्य डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर के जरिए देश में समावेशी और तेज आर्थिक विकास को बढ़ावा देना है। यह पहल विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को ध्यान में रखकर तैयार की गई है। आयोग के मुताबिक यह रोडमैप दो चरणों में काम करेगा, इसमें पहला डीपीआई 2.0 (2025-2035), जिसमें रोजगार और आजीविका बढ़ाने पर फोकस रहेगा, और दूसरा डीपीआई 3.0 (2035-2047) है, जिसमें व्यापक समृद्धि हासिल करने का लक्ष्य होगा। डीपीआई 2.0 के तहत एमएसएमई, कृषि, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों में बदलाव लाने की योजना है।




साथ ही, क्रेडिट, डिजिटल ट्रांजैक्शन, डेटा के बेहतर उपयोग और एआई के इस्तेमाल को बढ़ावा दिया जाएगा। इस पहल का मुख्य उद्देश्य डिजिटल सिस्टम को केवल पहचान, भुगतान और सरकारी योजनाओं तक सीमित न रखकर, उसे रोजगार, उत्पादकता और बाजार तक पहुंच बढ़ाने के लिए इस्तेमाल करना है। कार्यक्रम के दौरान सुमन बेरी ने कहा कि अब विकास का फोकस सिर्फ जीडीपी पर नहीं, बल्कि उत्पादकता बढ़ाने पर होना चाहिए। वहीं अजय कुमार सूद ने कहा कि तकनीक का सही उपयोग तभी संभव है जब उसे बड़े स्तर पर लागू किया जाए और उसमें भरोसा और सुरक्षा बनी रहे। वहीं, निधि छिब्बर ने बताया कि ये रोडमैप राज्यों को भी डिजिटल बदलाव में मदद करेगा, जिससे उनकी विकास गति तेज होगी।

# बंगाल चुनाव: दूसरे चरण का मतदान आज

एजेंसी

कोलकाता। पहले चरण में 93 प्रतिशत से अधिक के रिकॉर्ड मतदान और तृणमूल कांग्रेस तथा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दावों के साथ, पश्चिम बंगाल चुनाव अब अपने सबसे निर्णायक चरण में पहुँच गया है, जहाँ बुधवार को आठ जिलों के 142 निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान होगा।

कोलकाता और दक्षिण बंगाल पारंपरिक रूप से तृणमूल का मजबूत गढ़ माने जाते हैं, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा छह जनसभाएं और दो रोड शो करने के साथ यह स्पष्ट हो गया है कि भाजपा इस रूझान को तोड़ने के लिए बेताब है। चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार, इस चरण में एक करोड़, 64 लाख ,35 हजार, 627 पुरुष, एक करोड़, 57 लाख, 37 हजार, 418 महिलाएं और 792 तीसरे लिंग के मतदाताओं सहित कुल तीन करोड़, 21 लाख, 73 हजार, 837 मतदाता 41,001 मतदान केंद्रों पर अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इन सभी मतदान केंद्रों पर वेबकास्टिंग निगरानी की व्यवस्था होगी। इन जिलों की सामाजिक संरचना, मतदाताओं की संख्या और विविधता इस चरण को न केवल संख्यात्मक बल्कि राजनीतिक रूप से भी महत्वपूर्ण बनाती है। निर्वाचन क्षेत्र आठ प्रमुख जिलों- उत्तर कोलकाता (7 सीटें), दक्षिण कोलकाता (4), उत्तर 24 परगना (33), दक्षिण 24 परगना (31), हावड़ा (16), नदिया (17), हुगली (18) और पूर्व बर्धमान (16) में फैले हुए हैं, जिनमें तीन जिलों में अंतरराष्ट्रीय और नदी सीमाएं इसे न केवल राजनीतिक रूप से बल्कि सुरक्षा के दृष्टिकोण से भी चुनौतीपूर्ण बनाती हैं। जनसांख्यिकीय रूप से, दक्षिण 24 परगना, हावड़ा और दक्षिण कोलकाता के बड़े हिस्सों में महत्वपूर्ण अल्पसंख्यक आबादी है, जबकि नदिया और उत्तर 24 परगना जैसे जिलों में पर्याप्त मतुआ और शरणार्थी समुदाय शामिल हैं, जहां पहचान और नागरिकता का मुद्दा प्रमुख है। उल्लेखनीय है कि 2021 के विधानसभा चुनावों में, भाजपा के आक्रामक प्रचार के बावजूद, तृणमूल ने इन क्षेत्रों पर अपनी

### भाजपा एवं तृणमूल दोनों के लिए परीक्षा की घड़ी

मजबूत पकड़ बनाए रखी थी और 142 में से 123 सीटों पर जीत हासिल की थी। भाजपा ने हालांकि पूरे बंगाल में 77 सीटें हासिल की थीं, जो राज्य में अब तक की उसकी सबसे अधिक सीटें हैं, लेकिन इस क्षेत्र में भगवा खेमा केवल 18 सीटें सुरक्षित करने में सफल रहा, जिससे इस बार श्री मोदी और उनकी ब्रिगेड के लिए यह सबसे कठिन लड़ाइयों में से एक बन गई है। भाजपा के लिए कठिनाई अंकगणित और जनसांख्यिकी दोनों में निहित है। पिछले कुछ वर्षों में, पार्टी मतुआ और शरणार्थी आबादी के बीच, विशेष रूप से नदिया और उत्तर 24 परगना में, अपना समर्थन मजबूत करने में सफल रही थी, लेकिन हाल के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के कारण शरणार्थी मतदाताओं के एक वर्ग के चुनावी सूची से बाहर होने से इन वर्गों में बेचैनी पैदा हुई है, जो भाजपा के लिए गंभीर चुनौती पेश कर रही है। इस चरण के महत्व को पहचानते हुए, श्री मोदी ने केवल चार दिनों में छह रैलियां और दो रोड शो करके एक गहन प्रचार अभियान चलाया है, जिसमें दो मतुआ बहुल कृष्णानगर और बनगांव इलाके भी शामिल हैं। प्रधानमंत्री के साथ, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तथा भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन जैसे हाई-प्रोफाइल नेताओं ने धार्मिक उत्पीड़न के कारण भारत आए लोगों को नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के माध्यम से नागरिकता अधिकार देने का लगातार वादा किया है, हालांकि यह देखना बाकी है कि पार्टी तृणमूल के इस गढ़ में कितनी सेंध लगा पाती है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के लिए भी दांव उतने ही अहम हैं, क्योंकि इस चरण में कुछ हाई-प्रोफाइल निर्वाचन क्षेत्र दांव पर हैं, जिनमें सबसे उल्लेखनीय भवानीपुर है, जहाँ सुश्री बनर्जी का नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी के साथ सीधा मुकाबला है। एसआईआर प्रक्रिया के बाद लगभग 51,000 मतदाताओं (लगभग 21 प्रतिशत) के नाम हटने के बाद इस सीट ने अतिरिक्त ध्यान आकर्षित किया है, जो संभावित रूप से चुनावी समीकरणों को बदल सकता है। भवानीपुर के अलावा, कई प्रमुख नेता मैदान में हैं, जिनमें फिरहाद हकीम (कोलकाता पोर्ट), चंद्रिमा भट्टाचार्य (दमदम उत्तर), शशि पांजा (श्यामपुकुर), अरूप विश्वास (टॉलीगंज), ब्रात्य बसु (दमदम) और सुजीत बसु (बिधाननगर) शामिल हैं। भाजपा ने अपनी ओर से स्वपन दासगुप्ता और रूपा गांगुली जैसे चर्चित चेहरों को मैदान में उतारा है और पानीहाटी से आरजी कर अस्पताल की पीड़िता की मां को नामांकित करके भावनात्मक मुद्दों का लाभ उठाने का प्रयास किया है। दोनों दल पहले चरण के भारी मतदान की व्याख्या अपने लाभ के लिए कर रहे हैं। जहाँ श्री मोदी ने दावा किया है कि मतदान 'परिवर्तन की लहर' को दर्शाता है, वहीं अभिषेक बनर्जी सहित तृणमूल नेतृत्व ने दावा किया है कि यह सत्तारूढ़ दल के लिए मजबूत समर्थन और एनआरसी तथा नागरिकता के इर्द-गिर्द भाजपा के खिलाफ प्रतिरोध का संकेत देता है।

# प्राकृतिक खेती का सिक्किम का मॉडल देश के लिए प्रेरणा: मोदी

एजेंसी

गंगटोक। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि प्राकृतिक खेती का सिक्किम का मॉडल देश के लिए प्रेरणा है और सिक्किम की जीवन शैली, सिक्किम के संकल्प देश के भविष्य के सपने का हिस्सा बन चुके हैं।

श्री मोदी राज्य के 50 स्थापना दिवस समारोह के समापन के अवसर पर मंगलवार को पूर्वाह्न यहां आयोजित एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सिक्किम में बहुत संभावना है और यहां की एक संभावना खेल के क्षेत्र में है जहां युवाओं ने खेलकूद के मैदान पर अपनी क्षमता और प्रतिभा को साबित किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार खेलो इंडिया और ऐसे कई कार्यक्रमों के साथ देशभर में खेलकूद को प्रोत्साहित करने और सुविधाएं बढ़ाने का कार्यक्रम चल रही है।

उन्होंने कहा कि सिक्किम ने अपनी विकास यात्रा में प्रगति की है सिक्किम और तेज गति से आगे बढ़े, विकसित भारत के सपने को गति दे, हमें इसके लिए मेहनत करनी है और सिक्किम को नई ऊंचाइयों पर लेकर जाना है।सिक्किम में स्वच्छता और सौंदर्य तथा राज्य के लोगों की सौम्यता की प्रशंसा करते हुए श्री मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार राज्य में अवसंरचना सुविधाओं के विकास को पूरी प्राथमिकता दे रही है। प्रधानमंत्री ने कहा,''एक सबसे अच्छी बात मुझे पूरे रास्ते भर दिखाई वह थी, सिक्किम की सड़कों की स्वच्छता... दूर-दूर तक कोई गंदगी नहीं.. वायु में भी स्वच्छता, सड़कों पर भी स्वच्छता.. सिक्किम के आप लोग प्रकृति के पक्के संरक्षक हैं.. आप सिक्किम के सच्चे दूत हैं। प्रधानमंत्री ने कहा,''हम सिक्किम के संपर्क सुविधाओं और यहां अवसंरचना पर सबसे ज्यादा ध्यान दे रहे हैं। बीते वर्षों में यहां सैकड़ो किलोमीटर हाईवे का निर्माण हुआ है। गांव-गांव तक सड़कों को पहुंचाने के लिए तेजी से काम चल रहा है।'' श्री मोदी ने कहा कि उनकी सरकार राज्य के लोगों को सस्ता इलाज सुलभ कराने के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं के विकास पर भी ध्यान दे रही है।

# कुख्यात ड्रग तस्कर सलीम डोला को तुर्की से वापस लाना एन सी बी की बड़ी उपलब्धि : शाह

एजेंसी

नयी दिल्ली। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि नार्को सिंडिकेट के खिलाफ सरकार की 'ज़ीरो टॉलरेंस' नीति के अनुरूप, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एन सी बी ) ने तुर्की से कुख्यात ड्रग तस्कर मोहम्मद सलीम डोला को वापस लाने में एक बड़ी सफलता हासिल की है।

श्री शाह ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा ,'' मोदी सरकार की नार्को सिंडिकेट के खिलाफ ज़ीरो टॉलरेंस की नीति के तहत एन सी बी ने आज तुर्की से कुख्यात ड्रग तस्कर मोहम्मद सलीम डोला को वापस लाने में एक बड़ी सफलता हासिल की है। उन्होंने कहा कि ड्रग कार्टेल को पूरी तरह से खत्म करने के सरकार के मिशन के तहत, हमारी नार्कोटिक्सरोधी एजेंसियों ने वैश्विक एजेंसियों के एक मज़बूत नेटवर्क के ज़रिए सीमाओं के पार भी अपनी पकड़ बना ली है। उन्होंने कहा कि ड्रग सरगना कहीं भी छिप जाएं, अब उनके लिए कोई भी जगह सुरक्षित नहीं है। सलीम डोला की वापसी सरकार के सभी नार्कोटिक्स भगोड़ों और संगठित अपराध सिंडिकेट के सदस्यों को कानून के कटघरे में लाने के मज़बूत इरादे को दर्शाती है। एन सी बी ने अंतरराष्ट्रीय और भारतीय खुफिया एजेंसियों के साथ मिलकर, 'ऑपरेशन ग्लोबल-हंट' के तहत वांछित ड्रग तस्कर मोहम्मद सलीम डोला को तुर्की से वापस लाने में सफलता हासिल की है। सुबह यहां इंदिरा गांधी हवाई अड्डे पर पहुँचते ही एन सी बी ने उसे हिरासत में ले लिया। सलीम डोला (59 वर्ष, मुंबई निवासी) के खिलाफ मार्च, 2024 में भारत के अनुरोध पर इंटरपोल रेड नोटिस जारी किया गया था। भारत में कई नशीले पदार्थों की तस्करी के मामलों में मुकदमा चलाने के लिए उसकी तलाश थी और वह भारतीय कानून प्रवर्तन एजेंसियों की गिरफ्त से बाहर था। पिछले कुछ वर्षों में, डोला ने मध्य पूर्व, अफ्रीका और यूरोप के कई देशों में फैला हुआ एक बड़ा अंतरराष्ट्रीय ड्रग तस्करी सिंडिकेट खड़ा कर लिया था। डोला के दो दशकों के आपराधिक इतिहास में महाराष्ट्र और गुजरात में हेरोइन, चरस, मेफ़ेड्रोन, मैंड्रेक्स और मेथामफ़ेटामाइन की बड़ी खेप पकड़े जाने से जुड़े मामलों में डोला की सीधी भूमिका है। सलीम डोला की भूमिका भारत में निचले स्तर के वितरण नेटवर्क के लिए एक थोक सप्लायर के रूप में लगातार सामने आती रही है। इसके अलावा, गुजरात ए टी एस और मुंबई पुलिस को भी उसकी तलाश थी। इससे पहले, उसके बेटे ताहिल सलीम डोला और अन्य सहयोगियों को 2025 में संयुक्त अरब अमीरात से प्रत्यर्पण के बाद मुंबई पुलिस ने गिरफ्तार किया था।

# भारतीय जहाज 'सुनयना' सिंगापुर के चांगी नौसैनिक अड्डे पर पहुंचा, समुद्री सहयोग होगा मजबूत

## सिंगापुर में भारत की उच्चायुक्त डॉ. शिल्पक अंबुले ने चालक दल से बातचीत की

एजेंसी

नई दिल्ली। हिंद महासागर पोत आईएनएस सुनयना सिंगापुर के चांगी नौसेना अड्डे पर पहुंच गया है, जहां गर्मजोशी से स्वागत किया गया, जिससे भारत-सिंगापुर के मजबूत समुद्री संबंधों की पुष्टि हुई। यह जहाज 29 अप्रैल को सिंगापुर से रवाना होकर हिंद महासागर क्षेत्र में समुद्री सहयोग को मजबूत करने और सामूहिक सुरक्षा को बढ़ावा देने के अपने मिशन को जारी रखेगा।



भारतीय जहाज सुनयना को महासागर क्षेत्रों में सुरक्षा और विकास के लिए पारस्परिक और समग्र उन्नति की परिकल्पना के अंतर्गत तैनात किया गया है। आईओएस सागर तैनाती के दौरान चौथे ठहराव के रूप में सिंगापुर के चांगी नौसेना अड्डे पर रुका है। 16 मित्र विदेशी देशों (एफएफसी) के बहुराष्ट्रीय दल वाला यह पोत हिंद महासागर क्षेत्र में तैनात है और सिंगापुर पहुंचने से पहले माले, फुकेत और जकार्ता में बंदरगाहों पर रुक चुका है। सिंगापुर में भारत की उच्चायुक्त डॉ. शिल्पक अंबुले ने जहाज पर सवार चालक दल से बातचीत की और सागर विजन के तहत समुद्री साझेदारी को मजबूत करने और अंतर-संचालनीयता को बढ़ावा देने में उनकी भूमिका की सराहना की। आईएनएस सुनयना के कमान अधिकारी कमांडर सिद्धार्थ चौधरी ने क्रांजी युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की और सिंगापुर गणराज्य नौसेना (आरएसएन) के 9वें फ्लोटिला के कमांडर कर्नल चुआह मेंग सून से मुलाकात कर समुद्री सहयोग बढ़ाने के अवसरों पर चर्चा की। इस यात्रा के दौरान पोत स्कूली बच्चों और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर सहित आगंतुकों के लिए खुला रहा, जिससे उन्हें समुद्र में जीवन का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त हुआ। चालक दल ने भारतीय प्रवासी समुदाय के सदस्यों के साथ मिलकर 'एक महासागर, एक मिशन' विषय पर आधारित एक दौड़ में भाग लिया, जिसका उद्देश्य समुद्री जागरूकता और एकता को बढ़ावा देना था। यह जहाज पेशेवर और सामुदायिक स्तर पर कई तरह की बातचीत के माध्यम से राष्ट्रीय नौसेना (आरएसएन) के साथ जुड़ा हुआ है। इस दौरान आईओएस सागर का चालक दल सिंगापुर में आरएसएन के नेविगेशन और डैमेज कंट्रोल सिमुलेटर, सूचना संलयन केंद्र और नौसेना संग्रहालय का दौरा करेगा, जिससे सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों के आदान-प्रदान को बढ़ावा मिलेगा। इसके अलावा आईओएस सागर पर मौजूद एक थिंक टैंक के कर्मियों के साथ बातचीत, एक संयुक्त योग सत्र और एक औपचारिक डेक रिसेप्शन हितधारकों के साथ जुड़ाव को और मजबूत करेंगे।

## लू से प्रभावित होने वाले लोगों के लिए पहले से ही कार्रवाई करें राज्य : एनएचआरसी

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने 21 राज्यों और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र-दिल्ली को लू से प्रभावित होने वाले लोगों के जीवन की रक्षा के लिए पहले से ही कार्रवाई करने के निर्देश दिये हैं।

एनएचआरसी ने मंगलवार को बताया कि आयोग ने 21 राज्यों और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र- दिल्ली में देश में भीषण गर्मी के दौरान प्रभावित होने वाले लोगों की सुरक्षा के लिए पहले से ही कार्रवाई करने और राहत संबंधी उपाय लागू करने को कहा है। इन राज्यों में आंध्र प्रदेश, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, कर्नाटक, केरलम, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, पंजाब, राजस्थान, सिक्किम, तमिलनाडु, तेलंगाना, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल शामिल है। आयोग ने पाया है कि बार-बाल लू चलने, उसकी अवधि और तीव्रता में वृद्धि के कारण हाशिए पर रहने वाले, आर्थिक रूप से दुर्बल वर्ग, घरों के बाहर काम करने वाले श्रमिक और बेघर लोग गंभीर रूप से प्रभावित होते हैं क्योंकि उनके पास पर्याप्त आश्रय और संसाधन नहीं होते। बुजुर्ग, अल्पवयस्क, बच्चे और नवजात शिशु अत्यधिक गर्मी के कारण स्वास्थ्य पर पड़नेवाले प्रभावों के प्रति विशेष रूप से संवेदनशील होते हैं। इसके अतिरिक्त लू से आजीविका का नुकसान हो सकता है और आग लगने से होने वाली दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ सकता है।

आयोग ने इन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश दिल्ली के मुख्य सचिवों को लिखे पत्र में तत्काल एकीकृत और समावेशी उपाय किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया है। आयोग ने राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों का उल्लेख किया है जिसके अनुसार 2019-23 के बीच भारत में भीषण गर्मी या लू लगने से 3,712 लोगों की मृत्यु हो गई और आग्रह किया है कि वे लू के प्रभाव को कम करने और जनहानि को रोकने के लिए अपनी वर्तमान मानक संचालन प्रक्रियाओं या राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) की ओर से जारी दिशानिर्देशों के अनुरूप राहत उपायों को सुचारू रूप से लागू करने की योजना बनाएं और कार्यान्वयन को सुगम बनाएं।

## सीबीआई ने डिजिटल अरेस्ट मामले में कंपनी सहित पांच के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया

नयी दिल्ली। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने 'डिजिटल अरेस्ट' से जुड़े एक मामले में एक कंपनी सहित पांच आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया है।

सीबीआई के सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सलीशकुमार सीएस, ब्लेसिन जैकब अब्राहम, मोहम्मद जुनैद हुसैन, मोहम्मद मुश्ताक और जेसीएसएस कैपिटल इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ आरोप पत्र पेश किया गया है। इनमें से तीन आरोपी वर्तमान में न्यायिक हिरासत में हैं। केरल उच्च न्यायालय के निर्देशों पर सीबीआई ने 24 नवंबर, 2025 को यह मामला दर्ज किया था। एक वरिष्ठ नागरिक से साइबर अपराधियों ने कानून प्रवर्तन एजेंसियों और न्यायिक अधिकारियों का रूप धारण कर फर्जी नोटिसों के जरिए डरा-धमकाकर 1.8 करोड़ रुपये से अधिक की ठगी की थी। आरोपी वीडियो कॉल के जरिए पीड़िता के संपर्क में थे। रफ्तार किए गए लोगों में दो ऐसे व्यक्ति शामिल हैं जिन्होंने अपराध की राशि प्राप्त करने के लिए बैंक खातों का संचालन किया, साथ ही उनसे जुड़ी एक कंपनी भी शामिल है। एक आरोपी ने ऐसे खातों का जुगाड़ किया।

# आतंकवाद पर सख्त रुख, एकजुट कार्रवाई की जरूरत: राजनाथ

एजेंसी

नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर को आतंकवाद के खिलाफ भारत के दृढ़ संकल्प का प्रतीक बताते हुए आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद जैसी ''बुराइयों'' से निपटने के लिए आतंकवादियों के सुरक्षित ठिकानों को समाप्त करने और किसी भी राजनीतिक अपवाद को अस्वीकार करते हुए एकजुट मोर्चा बनाने की आवश्यकता पर बल दिया है।

श्री सिंह ने मंगलवार को किर्गिज़स्तान के बिश्केक में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के रक्षा मंत्रियों की बैठक को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर भारत के उस दृढ़ संकल्प का प्रतीक है कि आतंकवाद के गढ़ अब न्यायोचित दंड से अछूते नहीं रहेंगे। उन्होंने आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद जैसी ''बुराइयों'' से निपटने के लिए सुरक्षित ठिकानों को समाप्त करने और किसी भी राजनीतिक अपवाद को अस्वीकार करते हुए



एकजुट मोर्चा बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि देश द्वारा प्रायोजित सीमा-पार आतंकवाद, जो किसी राष्ट्र की संप्रभुता पर हमला करता है, उसे नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए क्योंकि दोहरे मापदंडों के लिए कोई स्थान नहीं है। रक्षा मंत्री ने जोर देकर कहा कि एससीओ को उन लोगों के खिलाफ उचित कार्रवाई करने में हिचकिचाना नहीं चाहिए जो आतंकवादियों को सहायता, शरण और सुरक्षित ठिकाने प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा, ''आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद का बिना किसी अपवाद के सामना करके, हम क्षेत्रीय सुरक्षा को एक चुनौती से शांति और समृद्धि के आधार स्तंभ में बदलते हैं। आतंकवाद-रोधी प्रयासों को एससीओ का एक मूलभूत सिद्धांत बताते हुए, श्री सिंह ने कहा कि संगठन ने इस खतरे के खिलाफ साझा लड़ाई में ऐसे कृत्यों और विचारधाराओं की निंदा की है। उन्होंने पिछले वर्ष की तियानजिन घोषणा का उल्लेख किया, जिसने आतंकवाद के खिलाफ भारत के दृढ़ और सामूहिक रुख को दर्शाया, और इसे आतंकवाद तथा उसके समर्थकों के प्रति उसकी शून्य-सहिष्णुता नीति का प्रमाण बताया। उन्होंने कहा, ''सामूहिक विश्वसनीयता की वास्तविक परीक्षा निरंतरता में निहित है। हमें यह नहीं भूलना चाहिए।

# पेज एक का शेष

### नारी शक्ति से...

शक्ति है। प्रधानमंत्री ने कहा कि महिलाओं को सशक्त बनाकर ही देश आत्मनिर्भर और विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। उन्होंने कहा कि आज देश की महिलाएं हर क्षेत्र में निर्णायक भूमिका निभा रही हैं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मुंबई-पुणे सहित महाराष्ट्र के लोगों को अयोध्या और काशी पहुंचने के लिए आधुनिक रेल सुविधा भी उपलब्ध हो गई है। बाद में श्री मोदी ने महिला महासम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, ''आज मैं इस कार्यक्रम में आप सभी से एक महायज्ञ की शुरुआत के लिए आशीर्वाद लेने आया हूँ। काशी के सांसद और प्रधानमंत्री के रूप में मुझे देशहित के एक बड़े लक्ष्य और कार्य के लिए आप सबका आशीर्वाद चाहिए। उन्होंने कहा, ''ये बड़ा लक्ष्य है- लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए आरक्षण को लागू करना।'' प्रधानमंत्री मोदी ने आगे कहा, ''कुछ दिन पहले समाजवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस के कारण हमारा यह प्रयास संसद में सफल नहीं हो पाया। लेकिन मैं आप सभी बहनों को भरोसा दिलाता हूँ कि आपके आरक्षण का हक लागू करने में कोई कोर-कसर बाकी नहीं छोड़ूंगा। मोदी ने कहा, ''घर में महिला के सशक्त होने से पूरे परिवार को ताकत मिलती है। इससे समाज मजबूत होता है और देश मजबूत होता है।'' उन्होंने कहा, ''अतीत में बहनों और बेटियों को बहुत संघर्ष करना पड़ा। काशी की बहनों ने भी कई तरह की मुश्किलें देखी हैं। बेटियों से अक्सर कई प्रकार के सवाल किए जाते थे- क्या करोगी? यह कर क्या करोगी? तू चुप रह! यह काम तो तेरे बस का नहीं है। कई बार तो सवाल भी नहीं पूछा जाता था, बल्कि सीधे फरमान सुना दिया जाता था कि यह तुम्हारे बस का नहीं है। महिला महासम्मेलन में उन्होने कहा, जब 25 साल पहले मैं गुजरात में मुख्यमंत्री बना था, तब सबसे पहले मैंने उन धारणाओं को तोड़ने का प्रयास किया जिसमें महिलाओं को किसी भी कार्य के लिए कम आंका जाता था। उस दौरान बेटियों के लिए दो बड़ी योजनाएं शुरू की गईं। पहली योजना स्कूल में बच्चियों के प्रवेश को बढ़ावा देने की थी, ताकि अधिक से अधिक बच्चियां स्कूल पहुंचें और उनकी पढ़ाई बीच में न छूटे। दूसरी योजना बेटियों की फीस में आर्थिक मदद प्रदान करने की थी। तब से लेकर आज तक हमारी सरकार की नीतियों में महिला कल्याण को निरंतर प्राथमिकता दी गई है। 2014 में जब देश की जनता ने हमें सेवा का अवसर दिया, तो हमने महिलाओं के कल्याण के लिए कई ठोस कदम उठाए। देशभर में 12 करोड़ से अधिक शौचालय (इज्जत घर) बनाए गए। तीन करोड़ से अधिक बहनों के बैंक खाते खोले गए। ढाई करोड़ से अधिक घरों में बिजली का कनेक्शन दिया गया और 12 करोड़ से अधिक घरों में नल से जल पहुंचाया गया। सरकार की अनेक बड़ी योजनाओं के केंद्र में बहनों और बेटियों को रखा गया है। दो साल पहले बनारस में 'सुकन्या समृद्धि योजना' से जुड़ा एक बड़ा अभियान चलाया गया था। उस समय मात्र एक महीने में काशी में 27 हजार बेटियों के खाते खुलवाए गए थे। हर बेटी के खाते में 300 रुपये भी ट्रांसफर किए गए थे। बेटियों की शिक्षा और उनके बेहतर भविष्य के निर्माण में सुकन्या समृद्धि योजना बड़ी भूमिका निभा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि मुद्रा योजना से बेटियों की कमाई भी सुनिश्चित हुई है। पढ़ाई, कमाई और दवाई के साथ ही करोड़ों बहनों के नाम पर पहली बार प्रॉपर्टी रजिस्टर्ड हुई है। पीएम आवास योजना के ज्यादातर घर बहनों के नाम पर ही होते हैं। आज घर की मां-बहनें सचमुच मालकिन बन रही हैं। उन्होने कहा हमारी सरकार का पूरा जोर बहनों की सुविधा और सुरक्षा पर रहा है। यही दो चीजें महिला सशक्तिकरण की नींव को मजबूत करती हैं। आप सभी ने यूपी में आंखों के सामने हालात बदलते देखे हैं। कुछ साल पहले जब यहां समाजवादी पार्टी की सरकार थी, तब यूपी में बेटियों का घर से बाहर निकलना भी मुश्किल हो गया था। लेकिन अब भाजपा सरकार में बेटियों के विरुद्ध गलत सोच रखने वाला अच्छे से जानता है कि उसका अंजाम क्या होगा। भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) ने भी बहनों-बेटियों को सुरक्षा का नया भरोसा दिया है। इसके तहत महिलाओं के विरुद्ध गंभीर अपराधों में तेजी से फैसले आने लगे हैं। महिला थानों और परामर्श केंद्रों की संख्या भी बढ़ रही है। जब महिलाओं की आर्थिक शक्ति बढ़ती है, तो घर में उनकी आवाज भी उतनी ही बुलंद हो जाती है। इसलिए सुविधा और सुरक्षा का विश्वास देने के साथ-साथ हमने बहनों की आर्थिक भागीदारी बढ़ाने पर भी बल दिया है।

### इसी वर्ष पुलिस...

से कोई नहीं रोक सकता। अब आपको भी शुद्ध नीयत के साथ कार्य करना है। कभी बीमारू राज्य रहा उत्तर प्रदेश सामूहिक प्रयास की बदौलत अब भारत के विकास में योगदान दे रहा है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि परसों (रविवार) ही प्रदेश के 112 केंद्रों पर पुलिस के 60 हजार आरक्षियों की दीक्षांत परेड हुई, यानी एक साथ 60 हजार आरक्षी उत्तर प्रदेश पुलिस बल का हिस्सा बने, जो अब फील्ड में मुस्तैदी से ड्यूटी करेंगे। नौ वर्ष में उत्तर प्रदेश पुलिस में 2.20 लाख से अधिक कार्मिकों की भर्ती संपन्न हुई है, जबकि देश के कई राज्यों में पुलिस की कुल इतनी स्ट्रेंथ भी नहीं है। योगी ने नवचयनितों से कहा कि आपको देश की सबसे बड़ी सिविल पुलिस का हिस्सा बनने और दूरसंचार शाखा के जरिए 25 करोड़ की आबादी की सेवा का अवसर प्राप्त हुआ है। योगी ने कहा कि नौ वर्ष पहले संकट था कि कहां ट्रेनिंग होगी लेकिन अब इस दृष्टि से जगह की कमी नहीं रही। 2017 के पहले एक बार में केवल तीन हजार पुलिस कार्मिकों की ही ट्रेनिंग करा सकते थे लेकिन 2025 में एक साथ 60 हजार 244 पुलिस आरक्षियों की ट्रेनिंग यूपी के सेंटरों में हुई। इसके जरिए यूपी पुलिस ने दिखाया कि नीयत साफ, नीति स्पष्ट और कार्य करने की दृढ़ इच्छाशक्ति हो तो परिणाम लाया जा सकता है। पासिंग आउट परेड के बाद आरक्षी जनपदों में ड्यूटी के लिए निकल रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी पहला राज्य है, जिसने 500 से अधिक कुशल खिलाड़ियों को यूपी पुलिस बल का हिस्सा बनाया है। उसी का परिणाम है कि जब भी राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्पोर्ट्स मीट होती है तो यूपी पुलिस अधिक मेडल प्राप्त करती है। देश-दुनिया में उसके मेडल की संख्या अन्य राज्यों की तुलना में ज्यादा होती है। इसके जरिए फोर्स अपनी क्षमता को भी प्रदर्शित करती है। योगी ने कहा कि पुलिस की अवस्थापना सुविधाओं में वृद्धि की गई है। 2017 में 10 जनपदों में पुलिस लाइन ही नहीं थी। कई थानों के खुद के भवन नहीं थे। पुलिस की सामान्य सुविधाओं, बैरक आदि का अभाव था। आज 55 जनपदों में हाईराइज बिल्डिंग में पुलिस के जवानों के बैरक व आवासीय सुविधाएं हैं। मॉडल थाने, नए फायर स्टेशन स्थापित हो रहे हैं। एसएसएफ, एसडीआरएफ, तीन नई महिला पीएसी बटालियनें गठित हुई हैं। तीन नए कानून जुलाई 2024 में लागू हुए हैं, लेकिन यूपी ने पहले ही तैयारी कर ली थी। यूपी का स्टेट फॉरेंसिक इंस्टीट्यूट सफलतापूर्वक कार्य कर रहा है। ए ग्रेड की 12 एफएसएल यूनिट कार्य कर रही है। छह निर्माणाधीन हैं। हर जनपद में दो-दो मोबाइल फॉरेंसिक लैब कार्य कर रही हैं। सैंपल कलेक्ट करने के लिए निपुण टेक्नीशियन तैनात किए गए हैं। मुख्यमंत्री योगी ने दूरसंचार पुलिस बल में नवचयनित 936 अभ्यर्थियों से कहा कि अब संचार यूनिट को और सशक्त बनाने में मदद मिलेगी। अगले आठ महीने की आपकी ट्रेनिंग महत्वपूर्ण होगी। सीएम ने युवाओं व पुलिस कार्मिकों को फिट रहने का मंत्र दिया। कहा कि फिजिकली फिट रहेंगे तो मेंटली भी फिट होंगे और तभी ईमानदारी से देश व समाज को सेवा दे पाएंगे। समारोह में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, अपर मुख्य सचिव (गृह) संजय प्रसाद, पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्णा, डीजी (टेलीकॉम) आशुतोष पांडेय, उप्र पुलिस व भर्ती प्रोन्नति बोर्ड के अध्यक्ष एसबी शिरोडकर, अपर पुलिस महानिदेशक (मुख्यालय) डॉ. संजीव गुप्ता आदि मौजूद रहे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों नियुक्ति पत्र पाकर नवचयनित युवा गौरवान्वित हुए। मुख्यमंत्री योगी ने मंच पर पूजा गुप्ता (मऊ), वैशाली (लखनऊ), शालिनी आनंद (झांसी), अमन त्यागी (मेरठ), भूपेंद्र सिंह वर्मा (बाराबंकी), अंकित कुशवाहा (बांदा), शुभम चौरसिया (प्रतापगढ़), श्याम सुंदर (सोनभद्र), मोनू पासवान (गोरखपुर), मनीष गौड़ (महराजगंज) को नियुक्ति पत्र प्रदान किया।

### धर्म पूछा, कलमा...

अटैक का मामला है। यानी एक ऐसा आतंकवादी हमला, जिसे किसी आतंकी संगठन की मदद या निर्देश के बिना एक अकेला व्यक्ति खुद की योजना बनाकर अंजाम देता है। माना जा रहा है कि अकेलेपन के दौरान आरोपी इंटरनेट के जरिए कट्टरपंथी बन गया। जांच एजेंसियों ने उसके घर की तलाशी ली। वहां हाथ से लिखे कुछ नोटस मिले हैं। इन नोट्स में आरोपी ने आईएसआईएस में शामिल होने की इच्छा जताई थी।

उसने सिक्योरिटी गार्ड्स पर हमले को किसी आतंकी संगठन में शामिल होने की दिशा में अपना पहला कदम बताया था। आरोपी के घर से कुछ किताबें और आपत्तिजनक सामान भी बरामद हुए हैं। एजेंसियां अब उसके मोबाइल फोन और लैपटॉप की भी जांच कर रही हैं।

# चारधाम यात्रा पर नकारात्मक माहौल न बनाया जाए: धामी

■ मुख्यमंत्री ने चारधाम यात्रा को बताया, प्रदेश की आर्थिकी की 'लाइफलाइन'

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। विधानसभा के एक दिवसीय विशेष सत्र के दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चारधाम यात्रा को लेकर नकारात्मक माहौल बनाने पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि यह यात्रा उत्तराखंड की आर्थिकी का आधार है और इसे किसी भी तरह की राजनीति का माध्यम नहीं बनाया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ लोग सोशल मीडिया पर रील बनाकर चारधाम यात्रा को विवादों में घसीटने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार या बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) की आलोचना की जा सकती है, लेकिन आस्था के इस पवित्र आयोजन को निशाना बनाना उचित नहीं है। उन्होंने विशेष रूप से केदारनाथ धाम का उल्लेख करते हुए कहा कि यह भगवान शिव का पावन स्थल है और सरकार यात्रा को सुरक्षित एवं सुचारु रूप से संचालित करने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि चारधाम यात्रा केवल धार्मिक आस्था का विषय नहीं, बल्कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ भी है। यह लाखों लोगों की आजीविका से जुड़ी हुई है, इसलिए सभी को यात्रा और यात्रियों को प्रोत्साहित करना चाहिए। गैस आपूर्ति को लेकर उठे सवालों पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में किसी प्रकार का संकट नहीं है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में उनकी हाल ही में केंद्रीय स्तर पर चर्चा हुई है और आपूर्ति सामान्य है।

उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष का असर वैश्विक स्तर पर है, लेकिन भारत स्थिति को संभालने में सक्षम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने वैश्विक चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना किया है। उन्होंने कोविड-19 महामारी का उदाहरण देते हुए कहा कि उस समय भी आशंकाएं जताई गई थीं, लेकिन भारत ने न केवल स्थिति को नियंत्रित किया, बल्कि अन्य देशों की भी मदद की। मुख्यमंत्री ने जनता से अपील की कि चारधाम यात्रा को सकारात्मक दृष्टिकोण से देखें और अफवाहों या नकारात्मक प्रचार से बचें, ताकि प्रदेश की आस्था और अर्थव्यवस्था दोनों सुदृढ़ रह सकें।

# मुख्यमंत्री ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम के प्रति जताया समर्थन , विपक्षी दलों के प्रयासों की निंदा

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री ने रेखा गुप्ता ने मंगलवार को दिल्ली विधानसभा के एक दिवसीय विशेष सत्र के दौरान मंगलवार को नारी शक्ति वंदन अधिनियम के जल्द क्रियान्वयन के प्रति अपना पूर्ण समर्थन व्यक्त किया। उन्होंने चर्चा के दौरान सदन में महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में उठाए गए महत्वपूर्ण कदमों को विफल करने के विपक्षी दलों के प्रयासों की निंदा की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सदन महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए किए गए सभी प्रयासों, जिनमें महिलाओं का आरक्षण भी शामिल है, का हार्दिक स्वागत करता है और नारी शक्ति वंदन अधिनियम के शीघ्र क्रियान्वयन के प्रति अपना पूर्ण समर्थन व्यक्त करता है। सत्र शुरू होने से पहले मुख्यमंत्री और कैबिनेट के नेतृत्व में विधानसभा परिसर में भारतीय जनता पार्टी के (भाजपा) विधायकों ने विपक्षी पार्टियों के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री सहित विधायकों ने हाथ में काली पट्टी पहनकर विपक्षी पार्टियों का विरोध जाताया। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर कहा कि प्रधानमंत्री देश की बहनों और बेटियों को लोकसभा-विधानसभाओं में 33 फीसद आरक्षण दिलाने के लिए ऐतिहासिक नारी शक्ति वंदन अधिनियम लेकर आए। लेकिन सत्ता के स्वार्थ में डूबे विपक्ष ने एक बार फिर महिलाओं से उनका अधिकार छीनने का काम किया है। उन्होंने कहा कि देश की नारी शक्ति आने वाले समय में इन्हें सबक सिखाएगी। जो महिलाशक्ति का रास्ता रोकेंगे, जनता उन्हें जवाब देगी।

## संक्षिप्त समाचार

### पंजाब में विधायकों के टूटने का खतरा, पार्टी प्रभारी मनीष सिसोदिया ने जालंधर में बुलाई बैठक

**चंडीगढ़।** पंजाब में सात राज्य सभा सांसदों के पार्टी छोड़ने के बाद आम आदमी पार्टी पर सियासी संकट गंभीर हो गया है। विधायकों में टूट की अटकलों के बीच पार्टी प्रभारी एवं दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने 29 अप्रैल को जालंधर में सभी विधायकों की बैठक बुलाई है। इस बैठक में ब्लॉक ऑब्जर्वर्स और फ्रंटल संगठनों के प्रमुखों को भी बुलाया गया है। बैठक में मुख्यमंत्री भगवंत मान भी शामिल रहेंगे। बैठक में 7 सांसदों के पार्टी छोड़ने के बाद विधायकों का मन टटोला जाएगा। आम आदमी पार्टी छोड़ भाजपा में शामिल होने के दौरान राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा के करीबियों के जरिए दावा किया गया कि पंजाब के मौजूदा 94 विधायकों में से 60+ विधायक राघव चड्ढा के संपर्क में हैं। इससे पंजाब सरकार को संकट हो सकता है। इस संभावित खतरे के मद्देनजर आम आदमी पार्टी ने सभी विधायकों, नेताओं तथा कार्यकर्ताओं को संगठित करना शुरू कर दिया है। इसी दिशा में यह बैठक बुलाई जा रही है।

### अशोका रोड पर सड़क हादसा, बाइक सवार दो भाइयों की मौत

**नई दिल्ली।** राजधानी के संसद मार्ग थाना क्षेत्र में सोमवार देर रात हुए सड़क हादसे में बाइक सवार दो भाइयों की मौत हो गई। हादसा महादेव रोड टी-पॉइंट, अशोका रोड स्थित पीएनबी कॉम्प्लेक्स के सामने हुआ, जहां एक तेज रफ्तार मालवाहक वाहन ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों भाई सड़क पर अचेत होकर गिर पड़े। पुलिस के अनुसार घटना की सूचना पीसीआर कॉल के जरिए मिली थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान 20 वर्षीय यज्ञ भाटिया और 14 वर्षीय अभव भाटिया के रूप में हुई है। दोनों अशोक नगर इलाके के रहने वाले थे। यज्ञ बीएससी का छात्र था, जबकि अभव स्कूल में पढ़ाई करता था। नई दिल्ली जिले के पुलिस उपायुक्त संचिन शर्मा ने मंगलवार को बताया कि घटना के बाद जिला क्राइम टीम और फॉरेंसिक टीम को मौके पर बुलाकर साक्ष्य जुटाए गए। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए राम मनोहर लोहिया अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया है। पुलिस ने प्रत्यक्षदर्शी के बयान के आधार पर संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। जांच में दुर्घटना करने वाले वाहन की पहचान कर ली गई है और चालक की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि मालवाहक वाहन की तेज रफ्तार और लापरवाही हादसे की वजह हो सकती है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है, ताकि दुर्घटना के पूरे घटनाक्रम की पुष्टि की जा सके।


### पहाड़गंज के चूना मंडी में मकान में लगी आग दिव्यांग बुजुर्ग की झुलसकर मौत

**नई दिल्ली।** मध्य जिले के पहाड़गंज इलाके में सोमवार दोपहर एक मकान की तीसरी मंजिल पर आग लगने से 60 वर्षीय दिव्यांग बुजुर्ग की झुलसकर मौत हो गई। जबकि एक अन्य व्यक्ति मामूली रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर दमकल विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। दमकल विभाग के अनुसार दोपहर करीब 2:40 बजे चूना मंडी स्थित मकान नंबर 2870/4 में आग लगने की सूचना मिली थी। सूचना पर एक तीन गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। करीब 3:10 बजे आग पर काबू पा लिया गया। जांच में सामने आया कि आग मकान की तीसरी मंजिल पर रखे घरेलू सामान में लगी थी, जिसने देखते ही देखते पूरे कमरे को अपनी चपेट में ले लिया। आग के दौरान घर में मौजूद दिव्यांग राकेश (60) गंभीर रूप से झुलस गए। उन्हें पुलिस की पीसीआर वैन से तत्काल राम मनोहर लोहिया अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। हादसे में उनके भाई नरेश (58) के हाथ मामूली से झुलसे है। प्राथमिक उपचार के बाद वे ठीक है। घटना की सूचना पर पहाड़गंज थाना पुलिस और स्थानीय अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई जा रही है, हालांकि पुलिस और फॉरेंसिक टीम आग लगने के सही कारणों की जांच कर रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि आग तेजी से फैली, जिससे परिवार को संभलने का मौका नहीं मिल पाया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### बिहार के मुजफ्फरपुर में दो बच्चे समेत तीन की हत्या

**मुजफ्फरपुर।** बिहार में मुजफ्फरपुर जिले के पानापुर करियात थाना क्षेत्र अंतर्गत शाहबाजपुर मठ के पास सोमवार देर रात 30 वर्षीय महिला रीता देवी और उसकी दो वर्षीय बेटी वैष्णवी और मात्र तीन महीने के बेटे कन्हैया की हत्या कर दी गई। तीनों के शव घर के एक कमरे में बेड पर पड़े मिले हैं। मृतका रीता देवी के पति मिठाई लाल शाह, जो पेशे से कैटरिंग का काम करते हैं, सोमवार रात अपने भाई के साथ बारात में गए हुए थे। देर रात करीब 3:30 बजे जब वह घर लौटे तो मुख्य दरवाजा बाहर से बंद मिला। किसी तरह दरवाजा खोलकर अंदर पहुंचने पर उन्होंने कमरे में अपनी पत्नी और दोनों छोटे बच्चों का शव बेड पर पड़ा देखा। पास में एक रस्सी भी पड़ी हुई थी। मिठाई लाल का आरोप है कि एक ही रस्सी का इस्तेमाल कर तीनों का गला घोंटकर हत्या की गई है। मिठाई लाल शाह और रीता देवी के कुल चार बच्चे हैं। मिठाई लाल शाह ने बताया कि घटना वाले समय दो छोटे बच्चे मां के साथ कमरे में थे, जबकि अन्य दो बच्चे अपनी दादी उर्मिला देवी के साथ दूसरे कमरे में सो रहे थे, जिससे उनकी जान बच गई। मृतका की सास उर्मिला देवी ने घटना के लिए गांव के कुछ रिश्तेदारों पर सीधा आरोप लगाया है। उनका कहना है कि परिवार का गांव में कुछ लोगों से जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। इसी रंजिश के चलते उनके बेटे, बहू और पोते-पोती को निशाना बनाया गया। घटना की सूचना मिलते ही डीएसपी पश्चिमी सुचित्रा कुमारी मौके पर पहुंची और पूरे मामले का जायजा लिया। डीएसपी पश्चिमी सुचित्रा कुमारी ने मंगलवार को मीडिया से बातचीत मे कहा कि प्रथम दृष्टया महिला और दो बच्चों की हत्या प्रतीत हो रही है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए फॉरेंसिक टीम को बुलाया है। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस सभी संभावित पहलुओं पर जांच कर रही है और कहा है कि मौत के सही कारणों का खुलासा पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और फॉरेंसिक जांच के बाद ही हो सकेगा।

# पंजाब में शंभू बार्डर के पास रेलवे ट्रैक पर धमाका, संदिग्ध की मौत



कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंडीगढ़। पंजाब-हरियाणा बार्डर पर शंभू की सीमा में बीती रात दिल्ली-पटियाला रेलवे ट्रैक पर बम धमाका हुआ है। कहा जा रहा है कि जिस संदिग्ध ने विस्फोटक लगाया उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव के टुकड़े आज सुबह बरामद किए हैं। धमाके के कारण कई घंटे तक रेलवे ट्रैक बाधित रहा। यह धमाका पटियाला जिला के गांव बठोनियां के निकट जंगल में हुआ है। यहां रेलवे ट्रैक का कुछ हिस्सा घने जंगल में है। आतंकवाद के दौर में भी इस क्षेत्र में अकसर घटनाएं होती रही हैं। पटियाला के एसएसपी वरूण शर्मा ने बताया कि बीती रात शंभू के निकट रेलवे ट्रैक पर धमाके की सूचना मिली। इसके बाद वह स्वयं, डीआईजी पटियाला रेंज, जीआरपी तथा आरपीएफ के अधिकारी मौके पर पहुंचे। जहां धमाका हुआ वहां गहरा गढ्ढा बन गया। स्थिति को देखते हुए रेलवे ट्रैक पर आवागमन को रोका गया। उन्होंने बताया कि इस घटना के संदिग्ध युवक की मौत हो गई। धमाके से ट्रैक को मामूली नुकसान हुआ , जिसे ठीक कर लिया गया है। पुलिस को कई अहम सुराग मिले हैं। एक मोबाइल फोन का सिम कार्ड भी मिला है। उसकी जांच की जा रही है। उल्लेखनीय है कि करीब एक सप्ताह पहले ही ई-मेल के जरिए पंजाब व हरियाणा में रेलवे ट्रैक को बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। ई-मेल में बाकायदा 24 अप्रैल को 8:11 मिनट पर अंबाला से लेकर दिल्ली तक रेलवे ट्रैक पर धमाके करने की धमकी दी गई थी।

### शंभू धमाके पर अकाली दल व कांग्रेस ने सरकार को घेरा, पंजाब की राजनीति गरमाई

**चंडीगढ़।** पंजाब के शंभू में बीती रात रेलवे ट्रैक पर हुए बम धमाके के बाद पंजाब की राजनीति गरमा गई है। विपक्षी दलों ने आए दिन हो रहे धमाकों को लेकर सरकार को घेर लिया है। शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष एवं पंजाब के पूर्व डिप्टी सीएम सुखबीर बादल ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर लिखा कि शंभू के पास दिल्ली-राजपुरा रेलवे ट्रैक पर बीती रात हुए कायरतापूर्ण ब्लास्ट की कड़ी निंदा करता हूं। यह स्पष्ट है कि कुछ दिन पहले विशेष चेतावनी मिलने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गई। यह घटना पुलिस थानों और चौकियों पर कई धमाकों और यहां तक कि राज्य खुफिया मुख्यालय पर आरपीजी हमले के बाद सामने आई है। उन्होंने लिखा कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, जो गृह मंत्री भी हैं, उन्हें अपनी गहरी नींद से बाहर आकर महत्वपूर्ण ढांचे की सुरक्षा के लिए तुरंत कदम उठाने चाहिए। उनका लापरवाह रवैया पंजाब को फिर से पुराने काले दौर की ओर धकेल रहा है, जो बिल्कुल भी स्वीकार्य नहीं है। पंजाब कांग्रेस के प्रधान व सांसद अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग ने कहा कि पंजाब आज दो चिंताजनक घटनाओं के साथ जागा है। बटाला में दो लोगों की हत्या और पटियाला जिले में राजपुरा और शंभू के बीच रेलवे ट्रैक पर बम विस्फोट। ये संकेत बेहद गंभीर हैं। पंजाब में बड़ी मुश्किल से कायम हुई शांति अब खतरे में नजर आ रही है। आप सरकार अपने अस्तित्व को बचाने में व्यस्त है। ऐसे में यह साफ है कि असामाजिक तत्व और अपराधी इस स्थिति का फायदा उठा रहे हैं। हम लगातार राज्य में बिगड़ती कानून-व्यवस्था को लेकर सरकार को चेतावनी देते रहे हैं।

## पुरानी रंजिश के चलते गुरदासपुर में दो लोगों की गोली मारकर हत्या, एक घायल

चंडीगढ़। पंजाब के गुरदासपुर जिले के अंतर्गत आते बटाला में बीती रात पुरानी रंजिश के चलते हुई अंधाधुंध फायरिंग में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस के अनुसार बीती रात गांव भोमा के कश्मीर सिंह और जुगराज सिंह अपने साथी जुगराज सिंह के साथ सामान्य रूप से टहलने निकले थे। इसी दौरान 2 मोटरसाइकिल पर सवार होकर पहुंचे 6 अज्ञात हमलावरों ने अचानक उन पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। गोलीबारी में कश्मीर सिंह (37) और जुगराज सिंह (35) की मौत हो गई। जुगराज सिंह (36) इस हमले में गंभीर घायल हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों का दावा है कि हमलावरों ने करीब पांच मिनट तक वहां रूककर गोलियां बरसाई। घटना की सूचना मिलते ही बटाला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मेहताब सिंह मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लिया।

# दिल्ली के उपराज्यपाल संधू ने ग्रीष्मकालीन कार्य योजना को लेकर की गहन समीक्षा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। दिल्ली में भीषण गर्मी और लू के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने मंगलवार को पालिका केंद्र स्थित एकीकृत कमान और नियंत्रण केंद्र (आईसीसीसी) का उच्चस्तरीय दौरा किया। इस दौरे का मुख्य उद्देश्य ग्रीष्मकालीन कार्य योजना और लू से निपटने के लिए लागू किए गए मौजूदा उपायों की गहन समीक्षा करना था। इस दौरान उपराज्यपाल संधू ने एक्स पर कहा, जैसे-जैसे हम 'विकसित भारत' की ओर बढ़ रहे हैं दिल्ली की भूमिका केंद्रीय बनी हुई है और दिल्ली इसी परिकल्पना का प्रतीक है। हमारी वास्तविक प्राथमिकता जमीनी स्तर पर मजबूत क्रियान्वयन होनी चाहिए ताकि कमजोर समुदायों और अग्रिम पंक्ति के कार्यकर्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। हम एक सुदृढ़ और नागरिक-केंद्रित शहरी शासन को समर्थन देने और उसे मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने बताया कि राजधानी के डिजिटल तंत्रिका केंद्र के रूप में आईसीसीसी सेवाओं को एकीकृत करने के लिए आईओटी-आधारित प्रणालियों का उपयोग करता है। इसमें जल प्रबंधन से लेकर पर्यावरण निगरानी तक शामिल है। शासन के इस प्रौद्योगिकी-सक्षम मॉडल में पूरे देश के शहरी स्थानीय निकायों में दोहराए जाने की क्षमता है, जिससे नागरिक सेवाओं की डिलीवरी में सुधार हो सके।

## अपराधी समेत हेरोइन तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़, 100 ग्राम हेरोइन बरामद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने राजधानी में सक्रिय हेरोइन तस्करी के बड़े नेटवर्क का भंडाफोड़ करते हुए 20 हजार रुपये के इनामी घोषित अपराधी को गिरफ्तार किया है। आरोपित के कब्जे से 100 ग्राम हेरोइन बरामद की गई है। पुलिस का कहना है कि इस मामले में अब तक कुल 612 ग्राम हेरोइन (स्मैक) बरामद की जा चुकी है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब तीन करोड़ रुपये आंकी गई है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान 31 वर्षीय विजय निवासी कराला के रूप में हुई है। जिसे इस मामले में पहले ही कोर्ट द्वारा भगोड़ा घोषित किया गया था। उसकी गिरफ्तारी पर 20 हजार रुपये का इनाम घोषित था। पुलिस के मुताबिक विजय इस पूरे नेटवर्क का प्रमुख सोर्स सप्लायर था और लंबे समय से फरार चल रहा था। क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त राहुल अलावल ने मंगलवार को बताया कि क्राइम ब्रांच की एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) को 27 अप्रैल को सूचना मिली थी कि विजय मारुति स्विफ्ट कार से नारायणा क्षेत्र में किसी से मिलने आने वाला है। इसके बाद इंस्पेक्टर विकास पन्नू की निगरानी में टीम गठित कर जाल बिछाया गया। टीम ने इंदरपुरी इलाके में छापेमारी कर विजय को दबोच लिया। तलाशी के दौरान उसकी कार से 100 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पुलिस ने कार को भी जब्त कर लिया है, जो उसके रिश्तेदार के नाम पर पंजीकृत मिली।

## एसएसबी ने इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, कपड़ा सहित 5 तस्करों को किया गिरफ्तार

सुपौल। बिहार में सुपौल जिले की 45वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के सीमा चौकी निओर एवं स्थानीय पुलिस आंध्रामठ द्वारा संयुक्त नाका ड्यूटी के दौरान भारी मात्रा में कपड़े एवं इलेक्ट्रॉनिक समान, ऑटो और 5 तस्करों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। 45वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल बीरपुर के अंतर्गत सीमा चौकी निओर द्वारा 27 अप्रैल 2026 को की गई स्थानीय पुलिस आंध्रामठ के साथ संयुक्त नाका ड्यूटी के दौरान भारी मात्रा में कपड़े एवं इलेक्ट्रॉनिक सामान सहित, एक तीन पहिया वाहन (ऑटो), रजिस्टर नंबर BR01PH8623 , चेसिस नंबर MD2A95AYXHWE 18258, इंजन नंबर BBYWHE 30654, पांच तस्करों को गिरफ्तार किया गया। 45वीं वाहिनी के कमांडेंट गौरव सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि सीमा क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु सशस्त्र सीमा बल द्वारा लगातार सघन निगरानी एवं कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर सीमा चौकी निओर के जिम्मेदारी क्षेत्र में सीमा स्तंभ संख्या 229 के समीप भारी मात्रा में कपड़े एवं इलेक्ट्रॉनिक सामान की संभावित तस्करी की सूचना प्राप्त हुई थी। प्राप्त सूचना के आधार पर बताए गए स्थान पर स्थानीय पुलिस आंध्रामठ के साथ संयुक्त नाका टीम का गठन कर भेजा गया । नाका ड्यूटी के दौरान एक तीन पहिया वाहन में कुछ संदिग्ध व्यक्ति को भारत से नेपाल की ओर जाते हुए देखा ओर उन्हें रोका गया। उसमें 4 महिला और 01 ऑटो चालक कुल 5 व्यक्ति बैठे हुए थे । तलाशी के दौरान भारी मात्रा में कपड़े एवं इलेक्ट्रॉनिक सामान बरामद हुई । बरामद सामान के संबंध में पूछताछ किए जाने पर वह कोई भी वैध दस्तावेज अथवा संतोषजनक उत्तर प्रस्तुत नहीं कर सके। तत्पश्चात बरामद कपड़े एवं इलेक्ट्रॉनिक सामान, एक तीन पहिया वाहन (ऑटो) को विधिवत रूप से जब्त करते हुए आवश्यक जब्ती सूची एवं अन्य कानूनी कागजात तैयार कर कस्टम कार्यालय कुनौली को सुपुर्द किया गया।

# कुचायकोट विधानसभा सीट से विधायक पप्पू पांडेय की गिरफ्तारी पर अदालत ने लगाई रोक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोपालगंज। बिहार के गोपालगंज जिले की कुचायकोट विधानसभा सीट से जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के बाहुबली विधायक अमरेंद्र कुमार पांडेय उर्फ पप्पू पांडेय और उनके चार्टर्ड अकाउंटेंट राहुल तिवारी को एडीजे-3 कोर्ट से मंगलवार को राहत मिली है। जमीन विवाद से जुड़े मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने दोनों की गिरफ्तारी पर फिलहाल रोक लगा दी है। मामले की गंभीरता को देखते हुए बचाव पक्ष की ओर से उच्चतम न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता और बार काउंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष मनन कुमार मिश्रा और उच्च न्यायालय के वरीय अधिवक्ता नरेश दीक्षित ने पैरवी की। अदालत में बचाव पक्ष ने जोरदार तरीके से यह दलील दी कि पूरा मामला आपराधिक नहीं, बल्कि सिविल विवाद की श्रेणी में आता है। अधिवक्ता मनन मिश्रा ने न्यायालय के समक्ष तर्क रखा कि प्रकरण के तथ्यों और उपलब्ध दस्तावेजी साक्ष्यों के आधार पर इसमें किसी ठोस आपराधिक मामले की पुष्टि नहीं होती।

उन्होंने कहा कि यह मुख्य रूप से भूमि संबंधी सिविल विवाद है, जिसे अनावश्यक रूप से आपराधिक रंग देने की कोशिश की गई है। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने मामले की प्रकृति को देखते हुए विधायक अमरेंद्र कुमार पांडेय और राहुल तिवारी की गिरफ्तारी पर तत्काल रोक लगाने का आदेश जारी किया। अदालत ने अगली सुनवाई के लिए 7 मई की तारीख निर्धारित की है। तब तक पुलिस दोनों को गिरफ्तार नहीं कर सकेगी, जिससे उन्हें अपनी कानूनी रणनीति तैयार करने का समय मिल गया है। अधिवक्ता मनन मिश्रा ने बताया कि न्यायालय में लंबी सुनवाई के बाद अदालत ने फिलहाल पुलिस और संबंधित प्राधिकारियों को गिरफ्तारी, संपत्ति की जब्ती या किसी प्रकार की कठोर कार्रवाई से रोक दिया है। उन्होंने कहा कि यह 'नो कोर्सिव एक्शन' (कोई ज़बरदस्ती वाली कार्रवाई नहीं) का आदेश है, जिसके तहत पुलिस अभियुक्तों के खिलाफ फिलहाल कोई दंडात्मक कदम नहीं उठा सकती। उन्होंने यह भी कहा कि 7 मई को अगली सुनवाई के दौरान मामले से जुड़े सभी रिकॉर्ड अदालत के समक्ष प्रस्तुत किए जाएंगे, जिसके बाद आगे की कानूनी प्रक्रिया तय होगी।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063